हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



## पाकिस्तान में बैठे हैं आतंकियों के आका

- पाक के रावलकोट में बैठे हमले के मास्टरमाइंड आतंकी सैफुल्लाह खालिद की खैर नहीं
- पाक ने हमले के डर से एलओसी पर टोही विमानों को लगाया, हाई अलर्ट घोषित किया
- पहलगाम के कुछ आतंकियों ने बॉडी कैमरा लगाया था। हमले को आतंकियों ने रिकॉर्ड किया था
- ये रिकॉर्डिंग वे रावलकोट में बैठे अपने आका सैफुल्लाह को भेज रहे थे
- इन 4 आतंकियों के साथ 4 और आतंकी थे, जो उनको कवर देने व भगाने में मददगार रहे
- ये सभी आतंकी पहाड़ों पर तेजी से चढ़ने में माहिर बनाए गए थे, इनकी ट्रेनिंग पाकिस्तान में हुई थी
- माना जा रहा है कि घाटी में 50 से ज्यादा आतंकी छिपे बैठे हैं। सीमा पार करीब 150 आतंकी घुसपैठ की फिराक में हैं

### 1 गृहमंत्री शाह अस्पताल पहुंचे



### 2 पीड़ित परिवारों से मिले और सांत्वना दी



### 3 घटना स्थल पर पहुंचे शाह



## *पर्यटन पर पड़ सकती है मार...छिन सकता है ढाई लाख लोगों का रोजगार*

- कश्मीर का सालाना पर्यटन उद्योग 12,000 करोड़ रुपए का है
- 2030 तक ये उद्योग बढ़कर 25,000 करोड़ से 30,000 करोड़ रुपए तक पहुंचने वाला था
- राज्य की कुल जीडीपी में कश्मीर के पर्यटन की 7-8 प्रतिशत की हिस्सेदारी है
- डल झील में चलती हैं 1500 से ज्यादा हाउस बोट
- इस हमले के बाद 2.5 लाख लोगों की रोजी-रोटी खतरे में आ जाएगी
- कश्मीर में कई छोटे और बड़े होटल हैं, जिनमें 3000 से भी ज्यादा कमरे हैं
- 2024 में कश्मीर आए 2.36 करोड़ सैलानी
- कुल सैलानियों में 65,000 से ज्यादा विदेशी सैलानी थे

## देश ...इस गहरे जख्म को नम आंखों से याद रखेगा देश का वादा है....दहशतगर्दों को न भूलेंगे... न माफ करेंगे

## ये 27 शव नहीं...अडिग संकल्प है...कि हम आतंकवाद को पूरी तरह कुचल देंगे

## इधर, संघ ने कहा

### *केंद्र सरकार का रवैया जैसे को तैसा वाला होना चाहिए*

*आरएसएस के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने कहा कि इस हमले के बाद केंद्र सरकार का रवैया जैसे को तैसा वाला होना चाहिए।*

### *जम्मू कश्मीर सरकार ने किया मुआवजे का ऐलान*

*सीएम उमर ने मृतकों के परिवारों के लिए 10-10 लाख, गंभीर घायलों के लिए 2 लाख और मामूली घायलों के लिए 1 लाख मदद की घोषणा की है।*

**सीसीएस बैठक :** भारत का पाकिस्तान को करारा जवाब...विदेश मंत्रालय ने आतंकी हमले के बाद लिए 5 बड़े एक्शन

# भारत ने सिंधु जल समझौता रोका, पाकिस्तानी दूतावास बंद पाक नागरिकों का वीजा रद्द, 7 दिन में देश छोड़ें राजनयिक

## आज होगी सर्वदलीय बैठक, राजनाथ कर सकते हैं अध्यक्षता

विदेश सचिव ने कहा कि भारत इस्लामाबाद में भारतीय उच्चायोग से अपने रक्षा/नौसेना /वायु सलाहकारों को वापस बुलाएगा



**सबसे पहले कूटनीतिक सर्जिकल स्ट्राइक**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकी हमले में 27 सैलानियों की मौत के बाद भारत सरकार ने कड़ा एक्शन लिया है। पीएम नरेंद्र मोदी के आवास पर हुई सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) की बैठक के बाद भारत ने पाकिस्तान के साथ सिंधु-जल संधि को रद्द कर दिया है। इसके साथ ही पाकिस्तान के नागरिकों को दिए जाने वाले वीजा भी रद्द कर दिए गए हैं। साथ ही भारत में पाकिस्तानी दूतावास को बंद करने और पाकिस्तानी राजनयिकों को 48 घंटे के ▶▶ शेष पेज 4 पर



## ये लिए गए कड़े फैसले

1. 1960 की सिंधु जल संधि को तत्काल प्रभाव से स्थगित रखा जाएगा जब तक कि पाकिस्तान विश्वसनीय और अपरिवर्तनीय रूप से सीमा पार आतंकवाद के लिए अपने समर्थन को त्याग नहीं देता।
2. एकीकृत चेकपोस्ट अटारी को तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया जाएगा। जो लोग वैध समर्थन के साथ सीमा पार कर चुके हैं, वे 1 मई 2025 से पहले उस मार्ग से वापस आ सकते हैं।
3. पाकिस्तानी नागरिकों को एसएएआरसी वीजा छूट योजना (एसवीईएस) वीजा के तहत भारत की यात्रा करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। पाकिस्तानी नागरिकों को अतीत में जारी किए गए किसी भी एसवीईएस वीजा को रद्द माना जाता है। वर्तमान में एसवीईएस वीजा के तहत भारत में मौजूद किसी भी पाकिस्तानी नागरिक के पास भारत छोड़ने के लिए 48 घंटे हैं।
4. नई दिल्ली में पाकिस्तानी उच्चायोग में रक्षा, सैन्य, नौसेना और वायु सलाहकारों को अवांछित व्यक्ति घोषित किया जाता है। उनके पास भारत छोड़ने के लिए एक सप्ताह का समय है।
5. भारत इस्लामाबाद स्थित भारतीय उच्चायोग से अपने रक्षा, नौसेना और वायु सलाहकारों को वापस बुलाएगा। संबंधित उच्चायोगों में ये पद निरस्त माने जाएंगे।

## देश भर में आतंकवाद व पाक के खिलाफ प्रदर्शन, गुस्साए लोगों ने कहा- अब आतंकियों को खोद कर गाड़ने का वक्त

# *तीनों सेनाओं ने पीएम मोदी को सौंपे एक्शन के विकल्प, मंजूरी मिलते ही 'घुसकर' मारेंगे*

यूएई से लौटते ही पीएम ने हवाई अड्डे पर ही बैठक की। शाम को 6 बजे सीसीएस की बैठक अपने निवास पर की। देश के गुस्से को देखते हुए कोई भी बड़ी सैन्य कार्रवाई का फैसला लिया जा सकता है।

*एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली*

*बुधवार सुबह पीएम नरेंद्र मोदी यूएई यात्रा को अधूरा छोड़कर भारत लौट आए। हवाई अड्डे पर ही उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ बैठक की और पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद की स्थिति पर चर्चा की। शाम 6 बजे कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी (सीसीएस) की अपने नई दिल्ली स्थित आवास पर बैठक की।*

- इस हमले की जांच एनआईए को सौंपी

*बताया जाता है कि तीनों सेनाओं के प्रमुख ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को कार्रवाई के विकल्प सौंप दिए हैं। राजनाथ ने इन विकल्पों को पीएम के सामने प्रस्तुत किया। अब सेनाओं को पीएम की हरी झंडी का इंतजार है। बैठक में एनएसए डोभाल, गृहमंत्री अमित शाह भी शामिल हुए। शाह बुधवार सुबह पहलगाम में उस स्थान पर पहुंचे, जहां आतंकियों ने 27 सैलानियों की हत्या कर दी थी। वे अनंतनाग के अस्पताल भी गए और घायलों से हालचाल पूछा। वे वहां सैलानियों से भी मिले। उनको ढांढस बंधवाया। वहीं, इस हमले की जांच एनआईए को सौंप दी है। एनआईए की टीम मौके पर पहुंच गई है। टीआरएफ वही आतंकी गुट है जो डोडा-किश्तवाड़ क्षेत्र में सक्रिय था। इसमें स्थानीय मददगारों के भी शामिल होने का शक है।*

*एनआईए उन स्थानीय मददगारों को भी खोज निकालने का काम करेगी। उधर, बड़े पैमाने पर आतंकियों का सेना, राष्ट्रीय राइफल्स व जेके पुलिस सर्च ऑपरेशन चला रही है। माना जा रहा है कि घाटी में 50 से ज्यादा आतंकी छिपे बैठे हैं। सीमा पार करीब 150 आतंकी घुसपैठ की फिराक में हैं। पहलगाम के कुछ आतंकियों ने बॉडी कैमरा लगाया था। हमले की पूरी घटना को आतंकियों ने रिकॉर्ड किया था। ये रिकॉर्डिंग ने रावलकोट में बैठे अपने आका सैफुल्लाह को भेज रहे थे। बताया जा रहा है कि इन 4 आतंकियों* ▶▶ शेष पेज 4 पर ▶▶ पढ़ें पेज 09 व 10 भी

**पीएम मोदी जल्दी ही ले सकते हैं कोई बड़ा फैसला**

## आईपीएल मैच में बांधी काली पट्टी, एक मिनट का रखा मौन



## एयरलाइंस ने टिकट कैंसिलेशन चार्ज किया माफ, विशेष ट्रेन भी चली



हमले के विरोध में जम्मू-कश्मीर बंद

पहलगाम में आतंकी हमले के बाद दिल्ली में नागरिक उड्डयन मंत्री के राममोहन नायडू ने सभी एयरलाइन ऑपरेटरों के साथ आपात बैठक की। इस दौरान उन्होंने सभी एयरलाइंस को श्रीनगर मार्ग पर हवाई किराये में इजाफा न करने के सख्त निर्देश दिए। इंडिगो और एयर इंडिया ने श्रीनगर से मुंबई और दिल्ली के लिए चार अतिरिक्त उड़ानें संचालित करने का ऐलान किया। इसके साथ ही एयरलाइंस ने टिकट रिशेड्यूलिंग और टिकट कैंसिलेशन चार्ज भी माफ कर दिया है। कई अतिरिक्त उड़ानों को स्टैंडबाय पर रखा गया है। उधर, कटड़ा से रात 9.20 बजे फंसे यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए एक विशेष ट्रेन चलाई गई, जो सुबह नई दिल्ली पहुंची।

## तस्लीमा नसरीन का तीखा हमला

### इस्लाम जब तक अस्तित्व में रहेगा, आतंकवाद जिंदा रहेगा

लेखिका तस्लीमा नसरीन, जिन्हें उनके विचारों के लिए बांग्लादेश छोड़कर भागना पड़ा था, उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा है कि जब तक इस्लाम रहेगा, आतंकवाद जिंदा रहेगा। जब तक इस्लाम जीवित रहेगा, गैर-मुसलमानों को कोई सुरक्षा नहीं मिलेगी, स्वतंत्र विचारकों और तर्कवादियों को कोई सुरक्षा नहीं मिलेगी, महिलाओं को कोई सुरक्षा नहीं मिलेगी। इस्लाम की कोख से नफरत पैदा होती रहेगी, बदसूरत राक्षस पैदा ▶▶ शेष पेज 4 पर



## पठानकोट हो या पुलवामा और अब पहलगाम...भारत में हुए हर बड़े हमले के पीछे हाफिज असीम मुनीर



पिछले छह सालों में भारत पर हुए बड़े आतंकी हमलों के पीछे एक ही शख्स का नाम बार-बार उभरकर सामने आ रहा है. ये शख्स है हाफिज असीम मुनीर, जो वर्तमान में पाकिस्तानी सेना का जनरल है। खुफिया सूत्रों के मुताबिक, पठानकोट अटैक, 2019 के ▶▶ शेष पेज 4 पर

## *हमले का मास्टरमाइंड आतंकी सैफुल्लाह बोला था...*

# दो फरवरी 2026 तक कश्मीर पर कर लेंगे 'कब्जा'

हमले का मास्टरमाइंड आतंकी सैफुल्लाह खालिद है। जम्मू-कश्मीर में लश्कर और टीआरएफ की आतंकी गतिविधियों को वही अंजाम दे रहा है। सैफुल्लाह खालिद आतंकी हाफिज सईद का बेहद करीबी है। पाकिस्तानी सेना भी खालिद की मुट्ठी में रहती है। लश्कर-ए-तैयबा के डिप्टी चीफ सैफुल्लाह खालिद को सैफुल्लाह कसूरी के नाम से जाना जाता है। सैफुल्लाह लग्जरी कारों का शौकीन है। इसके साथ ही वह लश्कर के आतंकियों के अत्याधुनिक हथियारों से लैस सुरक्षा घेरे में रहता है। पहलगाम आतंकी हमले से दो महीने पहले सैफुल्लाह खालिद पाकिस्तान के पंजाब के कंगनपुर पहुंचा था। यहां उसे पाकिस्तानी सेना के कर्नल जाहिद जरीन खट्टक ने जिहादी भाषण देने के लिए वहां बुलाया था। वहां उसने पाकिस्तानी सेना को भारत के खिलाफ भड़काया। खैबर पख्तूनख्वा में आईएसआई और पाकिस्तानी सेना की बैठक में उसने कहा था मैं वादा करता हूं कि आज 2 फरवरी 2025 है। हम दो फरवरी 2026 तक कश्मीर पर कब्जा करने की पूरी कोशिश करेंगे। आने वाले दिनों में हमारे मुजाहिदीन हमले तेज होंगे। दो फरवरी 2026 तक कश्मीर आजाद हो जाएगा। उसके भाषण को सुनने के लिए बड़ी संख्या में हथियारबंद आतंकी शामिल हुए थे।



## हमले में पाकिस्तान का हाथ

### दो लोकल और दो पाकिस्तानी शामिल, तीन संदिग्धों के स्कैच जारी



ये हैं हत्यारे

पहलगाम हमले में दो पाकिस्तानी दहशतगर्द भी शामिल थे। उनके साथ में दो स्थानीय आतंकी भी थे। अब तक चार आतंकियों के बारे में जानकारियां सामने आई हैं। सुरक्षा एजेंसियों ने ▶▶ शेष पेज 4 पर

### *एक से सात अप्रैल तक आतंकियों ने की थी रेकी*

*हमले को अंजाम देने में 4 आतंकी शामिल थे। 4 उनको कवर देने व भगाने के लिए थे। हमलावरों ने एक से सात अप्रैल तक इस इलाके की रेकी की। सुरक्षाबलों को घटनास्थल से कुछ दूर बिना नंबर की एक मोटरसाइकिल मिली है।*

## पत्नी, बेटी और बेटे के साथ छुट्टियां मनाने गए थे कश्मीर, इंदौर आया शव

# इंदौर के सुशील नथानियल की भी हुई मौत, बेटी को गोली लगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने इंदौर के सुशील नथानियल की जान ले ली। इस हमले में उनकी बेटी के पैर में गोली लगी और वह श्रीनगर में इलाजरत हैं। सुशील अपनी पत्नी जेनिफर, बेटी आकांक्षा और बेटे आस्टन के साथ छुट्टियां मनाने के लिए कश्मीर गए थे। हमले से एक दिन पहले की तस्वीरें सामने आई हैं, जिनमें परिवार खुशी के पल बिताता नजर आ रहा है। इंदौर के अभिनंदन नगर एमआर-10 निवासी सुशील नथानियल (58) अलीराजपुर में भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के रीजनल मैनेजर थे। उनकी पत्नी जेनिफर ▶▶ शेष पेज 4 पर





### सीएम-भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने दी श्रद्धांजलि

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने पहलगाम के पास हुए कायराना आतंकवादी हमले में मारे गए इंदौर के सुनील नथानियल का पार्थिव शरीर इंदौर एयरपोर्ट पहुंचने पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी एवं शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले में इंदौर निवासी सुशील नाथेनियल की भी दुखद मृत्यु हुई है। मैं ▶▶ शेष पेज 4 पर

## *उधर, उरी में घुसपैठ की कोशिश*

# मुठभेड़ में दो आतंकी ढेर किए

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के बाद से बुधवार को उत्तरी कश्मीर के उरी में सेना के जवानों ने एक घुसपैठ के प्रयास को विफल कर दिया है। इस दौरान मुठभेड़ में दो आतंकियों को मार गिराया गया है। बुधवार को उत्तरी कश्मीर में उरी सेक्टर के अंतर्गत आतंकी घुसपैठ का प्रयास कर रहे थे। हालांकि, सेना के जवानों ने आतंकियों के इस प्रयास को विफल कर दिया गया है।



फिलहाल यहां आतंकियों और जवानों के बीच में मुठभेड़ जारी है। भारतीय सेना ने जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार को जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर घुसपैठ की ▶▶ शेष पेज 4 पर

हरिभूमि

# भोपाल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 24 अप्रैल 2025




# आतंकवाद बर्दाश्त नहीं...

कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर हनुमानगंज व्यापारी संघ ने मौन कैंडल मार्च निकाला।

**भोपाल।** पहलगाम में मंगलवार दोपहर हुए आंतकी हमले को लेकर लोगों में कितना गुस्सा है यह मंगलवार शाम से ही नजर आने लगा था। भोपाल के लोग और कई संगठन सोशल मीडिया पर न केवल इस कायराना हमले की भर्त्सना करते नजर आए बल्कि बुधवार सुबह से पहलगाम हमले में मृत 27 लोगों को श्रद्धांजलि देते नजर आए तो वहीं मौन जुलूस भी निकाले गए। सभी ने एक सुर में कहा, आतंकवाद किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



## बदला लेना जानता है भारत, आतंकियों...ये आग तुम्हारे घरों तक जाएगीः रामेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पहलगाम हमले पर विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि देश के गृहमंत्री तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे हैं भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विदेशी दौरा रद्द करके तत्काल भारत वापस आ गए हैं। हमारी भारत सरकार सचेत और सजग एक्शन के मूड में है। इस कायरता पूर्ण हरकत पर और अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए सरकार हर कीमत पर कार्रवाई करने को तैयार है। हम अपने नागरिकों का बदला लेंगे। रामेश्वर ने कहा कि आतंकवादी कान खोलकर सुन लें, शांति में अगर आग लगाई है तो आज तुम्हारे घरों तक जरूर जाएगी। यह शांति का टापू है मेरा कश्मीर, केसर की क्यारी है मेरा कश्मीर और हिंदुस्तान की धरती का स्वर्ग है मेरा कश्मीर। ध्यान रखना तुम्हें मगर मुगालता होगा तो वह दूर कर लेना, भारत रात को 12 बजे भी बदला ले ना जा न ता है।





भाजपा कार्यकर्ताओं ने रोशनपुरा चौराहे पर पाकिस्तान का झंडा जलाया।



प्रभात चौराहे पर शिवसेना कार्यकर्ताओं ने आतंकवाद का पुतला फूंका।

### पहलगाम आतंकी हमले के मृतकों को दी श्रद्धांजलि



सृष्टि शिक्षा एवं कल्याण समिति के अध्यक्ष महेंद्र दवे और समिति के पदाधिकारियों ने कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले की कड़ी भर्त्सना करते हुए बुधवार शाम को मैनिट चौराहे पर मृतकों को श्रद्धांजलि देते हुए दो मिनट का मौन रखकर प्रार्थना की एवं हमले में घायल लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस अवसर पर हरीश शर्मा, नरेंद्र प्रजापति, प्रकाश मोटवानी, कैलाश गुप्ता, नीरज प्रजापति, विक्की प्रजापति, पंडित उमाशंकर तिवारी, नरेश सीतलानी, भोला, आरती नरवर, उल्लास चिंचोलकर, राजेंद्र पुरोहित, पं. बीके शर्मा, शिवम जोशी, रमेश मालवीय, राजकुमार विश्वकर्मा, राजेश प्रजापति, रिको कुमार सहित समिति के सदस्य उपस्थित थे।



10 नंबर मार्केट व्यापारी संघ ने कैंडल जलाकर पहलगाम के मृतकों को श्रद्धांजलि दी।

राष्ट्रहित सबसे पहले, हम देश के साथ...

## हड़ताली संविदा कर्मचारियों ने आतंकी हमले में मारे गए लोगों दी श्रद्धांजलि



*कुक्कुट विकास निगम के संविदा कर्मचारी पिछले 22 दिन से अपनी मांगो को लेकर संविदा कर्मचारी अधिकारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश राठौर के नेतृत्व में अनिश्चित कालीन हड़ताल पर हैं। पहलगांव में आतंकवादियों द्वारा निर्दोश निहत्ते लोगों पर गोलियां चलाकर उनकी हत्या की, इस कायरतापूर्ण हरकत के विरोध में बुधवार कुक्कुट विकास निगम के हड़ताल पर रह रहे संविदा कर्मचारियों ने इस घटना की निंदा करते हुए मृत लोगों को मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी। रमेश राठौर के नेतृत्व में प्रधानमंत्री और गृहमंत्री से आतंकवादियों को दूंढकर फांसी देने की मांग की। राष्ट्र हित सबसे पहले है, इसलिए हम अपनी हड़ताल के साथ राष्ट्रहित के कामों भी पीछे नहीं रहे और देश के साथ खड़े है।*

## न्यू मार्केट व्यापार संरक्षण समिति ने मृतकों को दी श्रद्धांजलि

*भोपाल। पहलगाम में हुई आतंकवादी घटना के विरोध में न्यू मार्केट व्यापार संरक्षण समिति (रजि) के बैनर तले टॉप एन टाउन चौराहे पर न्यूमार्केट के व्यापारियों ने श्रद्धांजलि सभा आयोजित की, साथ ही व्यापारियों ने भारत सरकार से आतंकवाद पर निर्णायक प्रहार करने की मांग की। न्यू मार्केट व्यापार संरक्षण समिति के सतीश कुमार गंगराड़े, पवन वरदानी, प्रदीप कुमार गुप्ता, अजय देवनानी सहित व्यापारियों के साथ न्यू मार्केट आए नागरिकों ने भी कैंडल मार्च में कैंडल जलाकर दिवंगतों को श्रद्धांजलि अर्पित की एवं घटना में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। आतंकवादियों की इस कायराना हरकत के बाद भोपाल के सभी नागरिकों सहित न्यू मार्केट के व्यापारियों में भी आक्रोश व्याप्त है और व्यापारी यह चाहते हैं कि भारत सरकार इस बार कड़ी एवं निर्णायक कार्रवाई करे।*



आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग

## विद्यार्थी परिषद ने पाकिस्तान और आतंकवाद का पुतला फूंका



**भोपाल।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, भोपाल महानगर द्वारा भारत माता चौराहा पर जम्मू कश्मीर में हुए आतंकी हमले के विरोध में पाकिस्तान और आतंकवाद के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। परिषद के कार्यकर्ताओं ने आतंकी हमले के खिलाफ आवाज़ बुलंद करते हुए पाकिस्तान और आतंकवाद का पुतला दहन किया। महानगर मंत्री शिवम जाट ने कहा कि जम्मू कश्मीर को भारत का ताज कहा जाता है, परंतु आतंकवाद द्वारा ऐसा नरसंहार निंदनीय है। पाकिस्तान लगातार आतंकियों को समर्थन देता आ रहा है। विद्यार्थी परिषद मांग करती है कि केंद्र सरकार आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कदम उठाए और आतंकवाद जड़ से खत्म करे।

## हनुमानगंज के किराना व्यापारियों ने काली पट्टी बांध मौन जलूस निकाला

*पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में व्यापारियों ने भोपाल किराना व्यायारी महासंघ के तत्वधान में हनुमानगंज जनकपुरी गल्ला बाजार में काली पट्टी बांध कर मौन जलूस निकाला, जिसमें मध्य प्रदेश भाजपा प्रवक्ता नेहा बग्गा, सुनील पंजाबी अध्यक्ष भोपाल किराना ईश्वरदास संगतानी अध्यक्ष दाल चावल राजेंद्र राजदेव, किशोर राजदेव, शंकर सचदेवा, अपूर्व पवैया, रमाकांत तिवारी, राजू भुरानी, गिरधारीलाल चावला, अशोक छाबड़िया, अनिल राजदेव, विवेक साहू आदि उपस्थित थे।*



संकट की इस घड़ी में पूरा देश एकजुट, सरकार के साथ खड़ा

## आतंकी संगठनों को नेस्तनाबूद करने के लिए तत्काल और कठोर कार्रवाई करे सरकार: पटवारी



कांग्रेस ने शहीद जवानों, नागरिकों को अर्पित की श्रद्धांजलि

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया से बात करते हुए कहा कि पहलगाम में हुआ आतंकी हमला न केवल एक कायराना कृत्य है, बल्कि यह भारत की एकता, अखंडता और शांति के खिलाफ एक सुनियोजित साजिश है। पूरा देश इस संकट की घड़ी में एकजुट है और केंद्र सरकार के साथ मजबूती से खड़ा है। वहीं, मुकेश नायक, कमलेश्वर पटेल, विधायक द्वय फूल सिंह बरैया और आरिफ मसूद ने पटवारी के साथ पहलगाम में हुए जघन्य आतंकी हमले की कठोर निंदा की। इस हमले में शहीद हुए 27 भारतीय नागरिकों और जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नेताओं ने उनके परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

ट्रैवल एजेंट बोले-एक से डेढ़ करोड़ का नुकसान

## आतंकी हमले के बाद कश्मीर का टूर कैंसिल करा रहे भोपाल के पर्यटक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भोपाल के पर्यटकों ने जम्मू-कश्मीर जाने का प्लान कैंसिल कर दिया है। आतंकी हमले के बाद लोगों में दशहत है। जिन लोगों ने अप्रैल-मई और जून में जम्मू-कश्मीर जाने की बुकिंग कराई थी, वह अब बुकिंग कैंसिल करा रहे हैं। शहर की ट्रैवल एजेंसियों के संचालकों का कहना है कि गर्मी की सीजन में भोपाल से करीब 30 हजार से ज्यादा लोग श्रीनगर, मां वैष्णों देवी कटरा, कश्मीर घूमने जाने के लिए बुकिंग कराई थी।

### दूसरी तरफ रुख किया

आतंकी हमले के कारण लोगों ने कश्मीर जाने का प्लान कैंसिल कर गोवा, हिमाचल प्रदेश और गुजरात घूमने के लिए बुकिंग करा रहे हैं। आतंकी हमले के कारण शहर ट्रैवल एजेंसियों को करीब एक डेढ़ करोड़ का नुकसान होना संभव है। आतंकी हमले के बाद जम्मू कश्मीर पर दोहरी मार पड़ रही है। घाटी में मौजूद टूरिस्ट जहां लौट रहे हैं तो वहीं जाने वाले पर्यटक बुकिंग कैंसिल कर रहे हैं।

### बुकिंग हुईं कैंसिल

कश्मीर में रिकॉर्ड तोड़ती पयर्टकों की संख्या इस आतंकी हमले के बाद दम तोड़ सकती है, क्योंकि बड़ी संख्या में टूरिस्ट अपनी बुकिंग कैंसिल कराना शुरू कर दिए है। पहलगाम हमले के बाद मेरे पास अगले 4-5 महीने की सारी बुकिंग कैंसिल कराने के फोन आ रहे है। हमले से टूरिज्म को बहुत नुकसान होगा।

**संदीप कुमार, संचालक,** मां टूर एंड ट्रैवल

### अमरनाथ यात्रा पर भी असर

कश्मीर में पर्यटन अभी पीक पर है, लेकिन इस हमले के बाद बहुत तेजी से बुकिंग कैंसिल हो रही है। हमारे एक क्लाइंट ने परिवार के साथ घूमने के लिए आठ गाड़ियां की बुकिंग कराई थी, लेकिन हमले के बाद कैंसिल हो गई। होटल और फ्लाइट की बुकिंग भी तेजी से कैंसिल हो रही है। तीन जुलाई में शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं पर इसका असर पड़ेगा।

**गिरीश केसवानी,** संचालक, ओम ट्रैवल

### लौटने लगे पर्यटक

भोपाल से कश्मीर गए समाज के नागरिक सुरक्षित हैं। सभी लोग वापस आने के लिए रवाना हो गए हैं। गुरुवार तक भोपाल आ जाएंगे। आतंकी की इस कायराना मंसूबों को सरकार मुंह तोड़ जवाब देगी। आतंकी हमले के बाद वहां के नागरिक डर और दहशत में हैं। किसी भी आतंकी को बख्शा नहीं जाना चाहिए।

**सौरभ रैना,** अध्यक्ष कश्मीरी पंडित समाज

## दवा बाजार बंद कर आज रैली निकालेंगे केमिस्ट

**भोपाल।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में भोपाल केमिस्ट एसोसिएशन गुरुवार शाम दवा बाजार बंद कर अपना विरोध जताएगा। एसोसिएशन अध्यक्ष जितेंद्र धाकड़ और सचिव विवेक खंडेलवाल ने बताया कि गुरूवार शाम दवा बाजार बंद कर सात बजे दवा बाजार से मौन रैली निकाली जाएगी। रैली में राजधानी के सभी केमिस्ट मौजूद रहेंगे।

## भाजपा के संगठनात्मक कार्यक्रम निरस्त

**भोपाल।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर मप्र सहित प्रदेशभर में विरोध दर्ज कराया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हुए गुरुवार को प्रदेश में आयोजित होने वाले सभी संगठनात्मक कार्यक्रमों को निरस्त किया है।

# आतंकवादी राक्षसों को पकड़कर उनका वध किया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



पहलगाम में हुए आतंकी हमले की राजधानी के व्यापारिक संगठनों ने कड़ी निंदा करते हुए केंद्र से मांग की है कि इस हमले में शामिल आतंकी राक्षसों को पकड़कर उनका वध किया जाए। ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज अध्यक्ष तेजकुलपाल सिंह पाली ने कहा कि मैं केंद्र सरकार से अपील करता हूं कि इस हमले में शामिल आतंकवादियों राक्षसों को पकड़कर उनका वध करें।

*व्यापारिक संगठनों ने की पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की निंदा*

*बोले- हमारी संवेदनाएं शहीदों के परिवारों के साथ*

### यह कृत्य मानवता के खिलाफ, स्वीकार नहीं



10 नंबर मार्केट व्यापारी महासंघ के महासचिव हरीश चोईथानी ने पहलगाम के मृतकों को श्रद्धांजलि देते हुए रोष प्रकट किया। मैं इस घटना की कड़ी निंदा करता हूं। इस हमले में निर्दोष पर्यटकों की जान गई और कई अन्य घायल हुए हैं। यह कृत्य मानवता के खिलाफ है और इसे किसी भी रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता।

### आतंकवाद को जड़ से समाप्त करें



अखिल भारतीय उद्योग व्यापार के महासचिव अनुपम अग्रवाल ने कहाकि जम्मू -कश्मीर के पहलगाँव में हुए आतंकी हमले से संपूर्ण भारत वर्ष बहुत ही दुखी है। पहलगाम में पयर्टकों से धर्म पूछकर नरंसहार किया। जिसमें 26 पर्यटकों को अपनी जान गंवाई। इस नरसंहार की घटना से समूचे भारत वर्ष शोक की लहर व्याप्त है।

### पर्यटकों पर हमला बहुत ही निंदनीय एवं दुखद





ओम शिव शक्ति सेवा मंडल के सचिव रिंकू भटेजा ने कहा कि पहलगांव में आतंकवादियों द्वारा कायरानापूर्ण हमला कर 26 से ज्यादा बेकसूर पर्यटकों हत्या करने से देशभर में शोक की लहर है। समाजसेवी और मिलन टेंट एवं केटरिंग के रामबाबू शर्मा ने कहा, इस आतंकवादी हमले में जिन लोगों की जान चली गई है, हम उन्हें श्रद्धांजलि देते हैं तथा घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। इसके साथ ही सभी राजनीतिक दलों और संगठनों को सभी मतभेदों से ऊपर उठकर इसकी निंदा करनी चाहिए। इसके साथ ही, इस हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को सजा दिलाने के लिए सरकार को जल्द ही उचित कदम उठाने चाहिए।

### कायराना कृत्य मानवता के मूल्यों पर कलंक

ऑल इंडिया ट्रक एवं ट्रांसपोर्टर के विजय कालरा, हरीश डाबर और सीएल मुकाती ने कहाकि धर्म पूछकर निर्दोष सैलानियों को गोली मारने का यह कायराना कृत्य मानवता के मूल्यों पर कलंक है। यह घटना सामाजिक समरसता और सभ्यतागत मूल्यों पर कुठाराघात है, जिसे किसी भी रूप में सहन नहीं किया जा सकता। इस भीषण त्रासदी में दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए, घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता है ।

### निर्दोष पर्यटकों की हत्या मानवता पर प्रहार



भोपाल ग्रेन मर्चेंट एंड ऑयल सीड्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हरीश ज्ञानचंदानी और प्रवक्ता संजीव गर्ग ने कहा, जम्मू-कश्मीर में जो हमला हुआ है, वह निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्या मानवता पर सीधा प्रहार है। आतंक के इन सौदागरों और उनके संरक्षकों को अब निर्णायक उत्तर देने का समय आ गया है।

भोपाल
गुरुवार, 24 अप्रैल 2025
वैशाख मास कृष्ण पक्ष–11
वर्ष : 12, अंक : 23
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 39
न्यून. 23

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

11
पाकिस्तान से बंद हों खेल संबंध, सचिन...



विचार पेज
06 आतंक का कठोर जवाब देगा भारत

## रतलाम रहा सबसे गर्म, यहां दर्ज किया गया 44.2 डिग्री तापमान

# गर्मी से झुलसे बीस जिले, तीन दिन लू का अलर्ट

- *अगले तीन दिनों के बाद भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर समेत कई शहरों में पारा 43 डिग्री के पार पहुंच सकता है*
- *भोपाल, इंदौर और जबलपुर में लू से राहत, खजुराहो, नौगांव, पन्ना, सीधी में तापमान 45 डिग्री या इससे अधिक रह सकता है*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अप्रैल के आखिरी दिनों में सूरज की तपिश प्रदेश को बेहाल कर रही है। जहां भोपाल, इंदौर और जबलपुर में पारा चढ़ने के बाद भी लू से राहत है, वहीं प्रदेश के बीस जिलों में दिन में लू के साथ रातें भी गर्म हो गई हैं, जिससे लोगों को दिन के साथ रात में भी गर्मी से सुकून नहीं मिल पा रहा।

बुधवार को तेज गर्मी के साथ गुरुवार को भी नर्मदापुरम, बैतूल, बुरहानपुर, खंडवा, रतलाम, नीमच, मंदसौर, ग्वालियर, भिंड, मुरैना, सतना, उमरिया, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, पन्ना, दमोह, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी में लू का अलर्ट जारी किया गया है।



राजभवन की सड़क पर गर्मी से सन्नाटा

### छह दिन ऐसा ही रहेगा मौसम

प्रदेश में अप्रैल के आखिरी दिनों में भीषण गर्मी का अलर्ट है। अगले तीन दिनों के बाद भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर समेत कई शहरों में पारा 43 डिग्री के पार पहुंच सकता है, जबकि खजुराहो, नौगांव, पन्ना, सीधी में तापमान 45 डिग्री या इससे अधिक रह सकता है। वहीं, लू भी चलेगी। गुरुवार को भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर समेत अन्य शहरों में भी तेज गर्मी रहेगी। प्रदेश में बुधवार को तेज गर्मी का असर देखा गया। मौसम वैज्ञानिक वेदप्रकाश सिंह का कहना है कि प्रदेश में अभी मौसम साफ है। इस वजह से गर्मी का असर बढ़ा है। अगले 5 से 6 दिन तक ऐसा ही मौसम रहेगा।

### रतलाम सबसे गर्म, पचमढ़ी ठंडा रहा

रतलाम में पारा 44.2 डिग्री रहा, जबकि मंडला, खजुराहो और नर्मदापुरम में 43.2 डिग्री दर्ज किया गया। दमोह और धार में 42.5 डिग्री रहा। प्रदेश के 5 बड़े शहरों में भी पारा 2 डिग्री तक बढ़ गया। उज्जैन भी गर्म रहा। यहां तापमान 41.7 डिग्री रहा। भोपाल में 40.6 डिग्री, इंदौर में 41 डिग्री और ग्वालियर में 41.2 डिग्री दर्ज किया गया। प्रदेश के इकलौते हिल स्टेशन पचमढ़ी में पारा 36.4 डिग्री रहा।

### भोपाल में 1996 में पड़ी थी सबसे ज्यादा गर्मी

अप्रैल में गर्मी की बात करें तो भोपाल में 29 अप्रैल 1996 को अधिकतम तापमान 44.4 डिग्री सेल्सियस पहुंचा था। इस महीने भोपाल में बारिश-आंधी के आसार भी बनते हैं। यही कारण है कि पिछले कुछ सालों से अप्रैल में बारिश का दौर चल रहा है। इस बार पारा 42 डिग्री के पार पहुंच चुका है।

### ऐसा रहेगा अप्रैल का आखिरी सप्ताह

उत्तर-पश्चिमी हवाओं के लगातार जोर पकड़ने के साथ न्यूनतम तापमान पूरे प्रदेश में सामान्य से 3-4 डिग्री अधिक यानि 27 से 30 डिग्री सेल्सियस तक रहेगा। जिससे दिन के साथ रातें भी गर्म हो गई हैं। बंगाल क्षेत्र में साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम की वजह से अप्रैल के आखिरी दिनों तक लू का असर रह सकता है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
बेंगलुरु — राजस्थान
शाम 7.30 बजे से

## खबर संक्षेप

### वर्ल्ड बैंक ने आर्थिक वृद्धि का अनुमान घटाया



**नई दिल्ली।** फिच रेटिंग्स और भारतीय रिजर्व बैंक के बाद अब वर्ल्ड बैंक ने भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान घटा दिया है। वर्ल्ड बैंक ने बुधवार को ग्लोबल आर्थिक कमजोरी और नीति अनिश्चितता के बीच चालू वित्त वर्ष (2025-26) के लिए भारत के वृद्धि अनुमान को 0.4% घटाकर 6.3% कर दिया। गौरतलब है कि दुनियाभर में छिड़ी ट्रेड वॉर और कई देशों के बीच जारी युद्ध से वैश्विक आर्थिक वृद्धि की रफ्तार सुस्त हुई है। इसका असर भारत पर भी होने का अनुमान है। पिछले अनुमान में भारत की वृद्धि दर 6.7% का अनुमान लगाया था।

### गर्भाशय-ग्रीवा कैंसर की जांच के लिए किट तैयार



**नई दिल्ली।** सरकार ने बुधवार को कहा कि गर्भाशय-ग्रीवा कैंसर की जांच के लिए स्वदेशी रूप से विकसित 'एचपीवी डायग्नोस्टिक किट तैयार है और यह भारतीय महिलाओं में दूसरे सबसे आम कैंसर की जांच के लिए किफायती तरीका साबित होगा। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने ह्यूमन पेपिलोमा वायरस (एचपीवी) परीक्षण किट के सत्यापन के निष्कर्षों को साझा करने के लिए आयोजित एक बैठक में गर्भाशय ग्रीवा कैंसर के लिए व्यापक जांच कार्यक्रम शुरू करने को लेकर निजी क्षेत्र की भागीदारी का आह्वान किया।

## पहलगाम के आतंकी हमले के खिलाफ मप्र में सड़कों पर दिखा लोगों का गुस्सा

# भोपाल में मुस्लिम समाज ने पाकिस्तान और आतंकवाद का पुतला दहन किया

वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष ने कहा कि इन आतंकवादियों के पीछे पनाहगार पाकिस्तान

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ पूरा देश एकजुट है। इस कुकृत्य का मुंहतोड़ जवाब आतंकियों को जरूर मिलेगा*

- भोपाल में 'आतंकवाद मुर्दाबाद' और 'मोदी जी 56 इंच का सीना दिखाना होगा' जैसे नारे लगाए गए। इंदौर में धर्म रक्षा समिति ने आतंकवाद के खात्मे का प्रतीकात्मक पुतला दहन कर आतंकवादियों को फांसी देने की मांग की।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पहलगाम में मंगलवार को आतंकी हमले में 27 पर्यटकों की मौत के बाद देशभर में गुस्सा है। लोग सड़कों पर उतरकर आतंकवाद और पाकिस्तान के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। मध्यप्रदेश में भी लोगों ने आतंकवादियों की इस कायराना हरकत की निंदा की है। भोपाल में जय हिंद सेना ने भारत माता चौराहे पर प्रदर्शन किया, तो मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड के कार्यालय के बाहर बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों ने पाकिस्तान और आतंकवाद का पुतला जलाया। भोपाल के चार बत्ती चौराहे पर कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया।

इस दौरान आतंकवाद मुर्दाबाद और मोदी जी 56 इंच का सीना दिखाना होगा जैसे नारे लगाए गए। इंदौर में धर्म रक्षा समिति ने आतंकवाद के खात्मे का प्रतीकात्मक पुतला दहन कर आतंकवादियों को फांसी देने की मांग की। जबलपुर में अधिवक्ता संघ ने पाकिस्तान का पुतला जलाया। उज्जैन में भी पाकिस्तान का पुतला फूंका गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि ▶▶ शेष पेज 4 पर

इससे शर्मनाक इंसानियत के विरुद्ध कोई काम हो नहीं सकता



रोशनपुरा चौराहे पर कैंडल मार्च निकाला गया

### दमोह में सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट, दो युवकों पर केस दर्ज

*जिले के दो युवाओं ने जम्मू-कश्मीर के पहलगांव में हुई आतंकी घटना के बाद सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट कर दी। पोस्ट के वायरल होने के बाद कोतवाली पुलिस ने बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत दो युवकों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।*

### इंदौर में भी पुतला फूंका, शाम को निकाली मशाल यात्रा




इंदौर में आतंकवाद के खात्मे का प्रतीकात्मक पुतला दहन किया गया। लोगों ने आतंकवादियों को फांसी देने की मांग की। छत्रीबाग धर्म रक्षा समिति के तत्वावधान में यह आयोजन हुआ। प्रदर्शन के माध्यम से प्रधानमंत्री और गृहमंत्री से आग्रह किया गया कि जल्द से जल्द इस हमले की कठोर से कठोर कार्रवाई कर आतंकवादियों को सबक सिखाया जाए। बुधवार शाम 7 बजे सिंधी कॉलोनी चौराहा से शहीद हेमू कालानी चौराहे कलेक्टर ऑफिस तक मशाल यात्रा निकाली गई। पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले में निर्दोष लोगों की निर्मम हत्या के विरोध में नमो नमो शंकरा द्वारा मशाल यात्रा आयोजित की गई।

### जो इस षड्यंत्र के पीछे, वो कभी कामयाब नहीं होंगे

*मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड कार्यालय के बाहर वक्फ बोर्ड अध्यक्ष सनवर पटेल के नेतृत्व में मुस्लिम समाज ने पाकिस्तान और आतंकवाद का पुतला जलाया। आतंकी घटना को लेकर भोपाल भारत माता चौराहे पर जय हिंद सेना ने प्रदर्शन कर पाकिस्तान का पुतला फूंका। सनवर पटेल ने कहा कि इससे शर्मनाक इंसानियत के विरुद्ध कोई काम हो नहीं सकता। जिन्होंने इस घटना को अंजाम दिया, जो इस षड्यंत्र के पीछे हैं वो अपने कुप्रयास में कभी कामयाब नहीं होंगे। देश की जनता इस बात को कभी स्वीकार नहीं करती। इसी का परिणाम है कि देश भर में मुसलमान भाई बाहर निकले हैं। इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए कड़ी सजा देने की मांग कर रहे हैं। आतंकियों को पनाह देने वाले पाकिस्तान का पर्दाफाश हुआ वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष ने कहा कि इन आतंकवादियों के पीछे पनाहगार पाकिस्तान है। जो ऐसी घटना करने के बाद इनको छिपाने का काम करता है। ऐसे देश पाकिस्तान का पर्दाफाश हुआ है। उन कायरों ने ऐसे समय हमला किया है जब इस देश में मजबूत सरकार है। और इस कृत्य का उन्हें कड़ा जवाब मिलेगा।*

## भारत के शेयर बाजार में स्थिरता

### एक लाख के लेवल पर पहुंचेगा सेंसेक्स!



▪ 17 हफ्ते बाद सेंसेक्स, निफ्टी में उछाल

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के चीन से होने वाले आयात पर शुल्क (टैरिफ) में कमी किए जाने के संकेत से भारतीय बाजार मजबूत नजर आया। शेयर बाजार लागातार सातवें कारोबारी सत्र में लंबी छलांग लगाकर बंद हुआ। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 520.90 अंक यानी 0.65 प्रतिशत की तेजी के साथ करीब 17 सप्ताह के उच्चतम स्तर को टच किया। इसी के साथ 80 हजार अंक के ▶▶ शेष पेज 4 पर

## भाजपा सांसद का मीडिया हैंडलर लापता

### पुल पर मिली बाइक और चप्पल, नदी में तलाश



▪ उसकी शादी 1 मई को होने वाली थी

**बड़वानी।** राज्यसभा सांसद डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी के मीडिया हैंडलर महेंद्र भाटी के लापता होने का मामला सामने आया है। महेंद्र ने फेसबुक पर एक पोस्ट लिखी और फिर गायब हो गए। फिलहाल, कोतवाली पुलिस और एसडीआरएफ की टीम नर्मदा नदी में तलाश अभियान चला रही है। कसरावद स्थित नर्मदा नदी के बड़े पुल पर उनकी मोटरसाइकिल और चप्पल बरामद हुई है। पुलिस को आशंका है कि ▶▶ शेष पेज 4 पर

## दरगाह में युवक की बेरहमी से पिटाई

### आरोप- पीड़ित ने जयश्री राम नहीं बोला था... इलाज जारी



▪ एसपी ने कहा केस में धर्म संबंधी एंगल गलत

**बैतूल।** यहां एक युवक को रस्सी से बांधकर घसीटा। उसे 4 घंटे तक डंडों और बेल्ट से पीटा गया। परिजन का कहना है कि जयश्री राम नहीं बोलने पर आरोपियों ने मारपीट की है। उसकी जेब से 2 हजार रुपए और मोबाइल भी छीन लिया। पीड़ित की हालत गंभीर है, उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसपी निश्चल एन झारिया ने बताया कि आरोपियों में दो नाबालिग और एक युवक शामिल हैं। उन्हें हिरासत ▶▶ शेष पेज 4 पर

## डबरा में तीन साल की मासूम के साथ दरिंदगी

# मकान मालिक के बेटे व दो युवकों ने कार में किया दुष्कर्म, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर

▪ टॉफी दिलाने के बहाने मासूम बच्ची को कार में ले गए

ग्वालियर के डबरा सिटी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली एक कॉलोनी से मासूम बच्ची से दरिंदगी करने का मामला सामने आया है। यहां मकान मालिक के बेटे ने अपने किराएदार की 3 साल की बेटी के साथ रेप किया है। ग्वालियर की इस शर्मनाक और दरिंदगी वाली घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस के बड़े अधिकारी मौके पर पहुंचे और तत्काल आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### परिवार ने दर्ज कराया केस

2 युवक टॉफी दिलाने के बहाने मासूम बच्ची को कार में ले गए। कार में ले जाकर उसके साथ रेप किया और बच्ची के प्राइवेट पार्ट के साथ बर्बरता की गई। दरिंदों ने मासूम बच्ची से रेप करने के बाद उससे कहा कि इस घटना के बारे में घर पर न बताए। हालांकि, बच्ची ने घर आकर अपनी मां को पूरी घटना बताई। मासूम बच्ची की आपबीती सुनने के बाद मां और पिता के पैरों तले जमीन खिसक गई। परिजन पीड़ित बच्ची को लेकर नजदीकी सिटी थाना डबरा पहुंचे और मामला दर्ज करवाया। पुलिस में तुरंत मामले को गंभीरता से लेते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। अधिकारियों ने बच्ची और उसकी मां के बयान वीडियोग्राफी के साथ दर्ज किए।



## राजगढ़ के कृषि उपज मंडी अनाज गोदाम में भीषण आग

# 100 क्विंटल सोयाबीन, 8 बाइक हजारों बारदाने जलकर खाक

घंटों की मशक्कत के बाद आग पर पाया जा सका काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

राजगढ़ के कृषि उपज मंडी परिसर में बुधवार सुबह एक अनाज गोदाम में भीषण आग लग गई।

आग इतनी तेजी से फैली कि गोदाम में रखी आठ बाइक, लगभग 100 क्विंटल सोयाबीन और हजारों की संख्या में बारदान जलकर खाक हो गए। इस हादसे में लाखों रुपए के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। घटना सुबह करीब 10:30 बजे की है, जब मंडी में गेहूं की नीलामी चल रही थी। तभी राजेंद्र करनावद के टीन



शेड वाले गोदाम से धुआं उठता दिखाई दिया। यह देख व्यापारी, हम्माल और किसान घबरा गए और आग बुझाने में जुट गए। अनुमान है कि गर्मी के कारण किसी बाइक की पेट्रोल टंकी फटने से आग भड़की होगी, लेकिन आधिकारिक ▶▶ शेष पेज 4 पर

### नुकसान का आकलन किया जा रहा

गौरतलब है कि मंडी परिसर में हर दिन भारी मात्रा में अनाज की खरीदी होती है और टीन शेड के आसपास हजारों क्विंटल गेहूं खुले में रखा होता है। यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता, तो नुकसान और भी बड़ा हो सकता था। फिलहाल प्रशासन ने नुकसान का आकलन शुरू कर दिया है।

## जयपुर से सेफ्टी टीम जांच करने पहुंची, एक किमी के दायरे में ट्रैफिक बंद रखा गया

टला बड़ा हादसा

# गेल प्लांट में मीथेन गैस का रिसाव, 10 घंटे की मशक्कत के बाद रोका जा सका रिसाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

राजधानी के पास मंडीदीप में गेल के प्लांट से बुधवार तड़के मीथेन गैस लीक हो गई। जिसके बाद इलाके में दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही फायर सेफ्टी की टीम मौके पर पहुची और कड़ी मशक्कत के बाद गैस रिसाव को बंद किया गया। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। प्लांट के अधिकारियों ने बताया कि ऐहतियात के तौर पर प्लांट की ओर जाने वाली सड़क पर यातायात को अस्थायी रूप से रोक दिया गया। गैस प्लांट के आसपास की सभी औद्योगिक इकाइयों ▶▶ शेष पेज 4 पर

- *रात करीब ढाई बजे गेल प्लांट में गैस लीक हुई*
- *एलसीएनजी टैंक को खाली कर स्थिति को नियंत्रित किया गया*



### कलेक्टर बोले सेफ्टी ऑडिट करा रहे

रायसेन कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा ने कहा कि प्लांट में मिड नाइट से गैस रिसाव हो रहा था। हमें इसकी जानकारी सुबह करीब पांच बजे मिली। अब रिसाव रोक दिया गया है। पूरे एरिया को सैनिटाइज कराया गया है। हालत गंभीर नहीं हैं। हम प्लांट का सेफ्टी ऑडिट करा रहे हैं। भविष्य में ऐसी घटना न हो, इसके लिए सेफ्टी एसओपी तैयार करेंगे। एसपी पंकज पांडे ने कहा कि प्लांट की सेफ्टी जांच की जा रही है। इसके बाद गैस लीक के कारणों का पता लगाया जाएगा।

### घरों और उद्योगों को पीएनजी सप्लाई

मंडीदीप में गेल का प्लांट शासकीय सिविल अस्पताल के पास है। यहां एलएनजी को पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) में कन्वर्ट करके पाइपलाइन से घरों और इंडस्ट्रीज में सप्लाई किया जाता है। यहां से कंपनी डोमेस्टिक, कॉमर्शियल और इंडस्ट्रियल गैस की सप्लाई करती है। प्लांट में घरेलू गैस 750 एससीएम, कॉमर्शियल 1600 एससीएम और इंडस्ट्रियल 7500 एससीएम की स्टोर कैपेसिटी है।

## खबर संक्षेप

### काटजू अस्पताल में हुआ फायर सेफ्टी प्रशिक्षण

**भोपाल।** राजधानी कैलाश नाथ काटजू अस्पताल की नोडल अधिकारी डॉ. रचना दुबे और अधीक्षक डॉ. बलराम उपाध्याय द्वारा बुधवार को अस्पताल स्टाफ के लिए फायर सेफ्टी प्रशिक्षण आयोजित कराया गया, जिसके अंतर्गत फायर सेफ्टी डिवाइसेज के उपयोग एवं किसी प्रकार के दुर्घटना होने पर विशेष रूप से ध्यान रखें जाने वाले बिंदुओं पर प्रशिक्षण दिया गया। डॉ. रचना दुबे ने बताया कि इन दिनों गर्मी बहुत तेज पड़ रही है, जिसके कारण कई बार आग लगने की घटनाएं सामने आती हैं। इसलिए स्टाफ को फायर सेफ्टी डिवाइसेज का हैंड्स और प्रशिक्षण भी दिया गया, जिससे अस्पताल स्टाफ उपकरणों के उपयोग के संबंध में जागरूक हो सके एवं किसी प्रकार की दुर्घटना होने के समय स्वयं का एवं अस्पताल में मौजूद मरीजों का बचाव किया जा सके।

### यूपी के मिशन डायरेक्टर ने 5 रु. में खाया खाना



**भोपाल।** उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य शहरी आजीविका मिशन के प्रबंधक डॉ. कमल सिंह और मिशन प्रबंधक मनोज वर्मा ने बुधवार को नगर निगम द्वारा संचालित शाहजहानी पार्क और पुतली घर बस स्टैंड स्थित रसोई केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डा. सिंह ने दीनदयाल रसोई केंद्र में भोजन तैयार करने, वितरण प्रणाली और उपलब्ध सुविधाओं को देखा। उन्होंने पोर्टल में प्रविष्टि कर पांच रुपए का टोकन लिया और पुतली घर बस स्टैंड स्थित रसोई केंद्र पर भोजन किया। उन्होंने भोजन की गुणवत्ता को घर जैसा बताते हुए केंद्रों की साफ-सफाई और व्यवस्था की प्रशंसा की। उन्होंने हितग्राहियों का आनलाइन पंजीकरण कर अनुदान वितरण की प्रक्रिया को भी उचित बताया। डॉ. सिंह ने मध्य प्रदेश सरकार की इस अभिनव योजना की सराहना करते हुए उत्तर प्रदेश में भी इसी माडल पर रसोई केंद्र स्थापित करने की इच्छा व्यक्त की।

### एम्स: डॉक्टर सीख रहे जान बचाने का तरीका

**भोपाल।** एम्स भोपाल में एक बहुत ही महत्वपूर्ण ट्रेनिंग प्रोग्राम चल रहा है। यह पांच दिन का प्रोग्राम है, जो 25 अप्रैल तक चलेगा। नेशनल इमरजेंसी लाइफ सपोर्ट (नेल्स) कार्यक्रम का मकसद है कि मप्र में जो इमरजेंसी यानी अचानक आने वाली बीमारियों और हादसों के लिए चिकित्सा सेवाएं हैं, उन्हें और भी बेहतर बनाया जा सके। यह ट्रेनिंग प्रोग्राम उन डॉक्टरों के लिए है जो दूसरों को सिखाएंगे कि इमरजेंसी में मरीजों की जान कैसे बचाई जाए। इसे एम्स भोपाल का ट्रामा एवं इमरजेंसी मेडिसिन विभाग चला रहा है और इसमें भारत सरकार का स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय मदद कर रहा है। इस प्रोग्राम में डॉक्टरों को सिखाया जा रहा है कि जब कोई अचानक बीमार हो जाए या किसी का एक्सीडेंट हो जाए, तो उसे तुरंत कैसे ठीक किया जाए और उसकी जान कैसे बचाई जाए। इससे ऐसे डाक्टरों की एक टीम तैयार होगी जो आगे चलकर और भी डाक्टरों को यह सब सिखाएंगे।

## श्री नारायण मिशन, गोविंदपुरा ने अट्टुकल पोंगला उत्सव का किया भव्य आयोजन

# अट्टुकल पोंगला पर महिलाओं ने विशेष मीठे प्रसाद अर्पित कर देवी मां से समृद्धि और आध्यात्मिक शांति की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



श्री नारायण मिशन, गोविंदपुरा, भोपाल में श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में अट्टुकल पोंगला महोत्सव का भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ। अट्टुकल पोंगाला, देवी अट्टुकल भगवती को समर्पित एक पवित्र उत्सव है, जिसमें महिलाएं विशेष मीठे प्रसाद 'पोंगाला' अर्पित कर अपनी श्रद्धा और कृतज्ञता व्यक्त करती हैं।

यह उत्सव देवी की कृपा, समृद्धि और आध्यात्मिक शांति प्रदान करने वाला माना जाता है। इस पावन अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्र हुए और देवी के चरणों में प्रार्थना अर्पित की। प्रचार सचिव दीपक दामोदरन ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत गुरु पूजा और शारदा पुष्पांजलि से हुई, जिसके बाद पोंगाला पूजा किट का वितरण किया गया। दीप प्रज्वलन के साथ विधिवत पूजा का शुभारंभ हुआ और भक्तों ने श्रद्धापूर्वक पोंगाला नैवेद्यम अर्पित किया। तत्पश्चात प्रसाद वितरण एवं अन्नदानम का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर मिशन के अध्यक्ष प्रकाशन, महासचिव राजु, उपाध्यक्ष श्यामला सोमण, कोषाध्यक्ष सुनील कृष्णन तथा युवा विंग के सदस्य सचिन सत्यशीलन, गिरीश, सौम्या, श्रुति और कृष्णा भी उपस्थित थे।

## भगवान देवनारायण का विवाह उत्सव धूमधाम से बरखेड़ी कलां में मनाया



बरखेड़ी कलां, भदभदा में चल रही भगवान देवनारायण सात दिवसीय संगीतमय कथा बुधवार को संपन्न होगी। इस दौरान कथावाचक ईश्वरसिंह गुर्जर भगत ने कथा में भगवान श्री देवनारायण के विवाह उत्सव का प्रसंग सुनाया और कहां भगवान देवनारायण सभी के दुखों को हर लेते हैं। बड़ी संख्या में भक्त जनों ने भगवान देवनारायण के विवाह उत्सव में भाग लिया। इस अवसर पर पं. सुभाष शर्मा,नाथू पटेल मारण, खुमान सिंह मारन ,विकाश सिंह मारन, मनोज मारन ,अमित मारन, समीर मारन, सुनील मारण ,आजाद मारण ,संजय मारण,कैलाश मारण ,जितेन्द्र मारन ,सुशील मारण व भगवान सिंह मारन सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

**खाटू श्याम मंदिर में होगा शांति पाठ**

## वरुथिनी एकादशी आज, श्रीहरि विष्णु की होगी पूजा अर्चना

*गुरुवार को वरुथिनी एकादशी मनेगी। इस दिन श्रद्धालु मंदिरों में जाकर भगवान श्रीविष्णु की पूजा-अर्चना करेंगे। गुफा मंदिर, बिड़ला मंदिर सहित अन्य मंदिरों में भगवान विष्णु के पूजन कार्यक्रम होंगे। खाटू श्याम मंदिर प्लेटिनम प्लाजा पर बाबा खाटू श्याम की ज्योत प्रज्वलित कर पहलगाम हमले में मारे गए सनातनधर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। मंदिर के व्यवस्थापक चंद्रशेखर तिवारी ने बताया की रात्रि 9 बजे श्रद्धांजलि अर्पित कर मौन धारण करेंगे और शांति पाठ वैदिक बटुकों द्वारा किया जाएगा। उसके पश्चात भजन संध्या प्रारंभ होगी। वैशाख माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि 23 अप्रैल की शाम 4:43 मिनट पर शुरू होकर अगले दिन 24 अप्रैल को दोपहर 2:32 मिनट पर समाप्त होगी। ऐसे में उदया तिथि के अनुसार वरुथिनी एकादशी का व्रत 24 अप्रैल को रखा जाएगा। इस दिन व्रत रखकर भगवान विष्णु की पूजा अर्चना करेंगे। कई लोग सत्यनारायण कथा कराएंगे। इस दिन विष्णु-लक्ष्मी जी की पूजन से सुख-समृद्धि और आरोग्यता प्राप्त होती है।*

## लगातार सोना-चांदी के बढ़ते दाम का आम लोगों और व्यापार पर क्या प्रभाव पड़ रहा हरिभूमि ने जाना

# बाजार के जानकार बोले- दुनिया भर में मंदी की आहट, कुछ देशों में युद्ध के बादल मंडराने से बढ़ा सोने और चांदी में निवेश

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

हरिभूमि चर्चा

निवेशक चाहे डॉलर में निवेश करें या शेयर बाजार, क्रूड ऑयल या फिर रियल एस्टेट में, या फिर सोना-चांदी में अपनी गाढ़ी पूंजी लगाए। मनोवृत्ति अधिक रिटर्न पाने की ही रहती है। परंतु मौजूदा समय में दुनिया भर की अर्थव्यवस्थाओं में मंदी की आहट मिल रही है। अमेरिका के राष्ट्रपति के बयानों से अनिश्चित का वातावरण बना है। वहीं कुछ बड़े देशों में युद्ध के बादल मंडरा रहे हैं। इन्हीं सब कारणों से सुरक्षित निवेश की तलाश में उपभोक्ताओं का ध्यान सोने की ओर आकर्षित हुआ और बड़े पैमाने पर सोने और चांदी में निवेश बढ़ गया।

इसके प्रभाव से ही सोने के भाव अपने उच्चतम स्तरों तक पहुंच गए। आने वाले समय में भी अभी ऐसा कोई भी कारण नहीं है कि बहुत बड़ी गिरावट सोने और चांदी के भाव में देखने मिलें। हर करेक्शन निवेशकों के लिए निवेश का एक नए अवसर हो सकता है। यह कहना है सराफा व्यापार से जुड़े कारोबारी और बाजार जानकारों का। जानकारों के अनुसार सोने में निवेश को सुरक्षित माना जाता है। दुनिया भर में आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। इसलिए लोग सोने में ज्यादा निवेश कर रहे हैं। सोने में तेजी के बाद निवेशक अपनी पूंजी के निवेश के लिए विभिन्न विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। कुछ निवेशक सोने में बने रहने का विकल्प चुन रहे हैं, कुछ अल्पकालिक निवेशक कर रहे।



**लाख रुपए होने के बाद भी बना हुआ है सोने पर विश्वास**

*बाजार जानकार के अनुसार साल 2025 सोना के लिए बहुत खास रहा है। जनवरी से अब तक ग्लोबल मार्केट में सोने के दाम 30 फीसदी बढ़ गए हैं। यह 3,500 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच गया है। भारत में भी सोने के दाम रिकॉर्ड स्तर पर हैं। 10 ग्राम सोने की कीमत 1 लाख रुपए के पार पहुंच गई है। फिर भी लोगों का सोने पर विश्वास बना हुआ है।*

### अब एडवांस पैसा लेकर नहीं हो रहे सोने के आभूषण बुक

कारोबारियों का कहना है कि वैवाहिकी सीजन में दुकानदारों के पास खाना खाने का भी समय नही होता था, लेकिन सोने के भाव में उछाल आने से दुकानों में ग्राहक नजर नहीं आ रहे है। अगर बाजार में सोने की कीमतों में ऐसे ही उछाल आता रहा, तो सराफा व्यापारियों के आगे संकट की स्थिती खड़ी हो जाएगी। अब ग्राहकों में सोने की खरीदारी को लेकर असंतुष्टी देखने को मिल रही है। पहले ग्राहकों से एडवांस पैसा लेकर सोने के आभूषण बुक कर लिए जाते थे, लेकिन अब ऐसा नहीं हो रहा, जिसको लेकर ग्राहक और दुकानदारों के बीच असंमजस की स्थिति पैदा हो रही है।

**सोने ने चली उल्टी चाल**

### आई साल की दूसरी सबसे बड़ी गिरावट

*रिकॉर्ड लेवल पर पहुंच चुकी सोने की कीमतों ने बुधवार को उल्टी चाल चल दी है। 23 अप्रैल को सोने की कीमतें एक बार फिर नीचे आ गई हैं। सोने में इस साल यह दूसरी सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की गई है, जबकि चांदी में हल्की बढ़त देखने को मिली। 24 कैरेट सोना 2,700 प्रति 10 ग्राम सस्ता हुआ है, वहीं चांदी 508 प्रति किलो महंगी हुई है। सोने की कीमत बिना जीएसटी के 95,784 प्रति 10 ग्राम पर आ गई है, जबकि इससे पहले 98,484 थी। वहीं, एक किलो चांदी की कीमत 96,115 है, जबकि इससे एक दिन पहले चांदी का भाव 95,607 प्रति किलो था।*

## बोले सराफा कारोबारी

**लोग हो रहे परेशान**

### शादी वाले घरों का बिगड़ा बजट



सोने के दाम बढ़ने से ग्राहकों के साथ-साथ बाजार भी घबराया हुआ है। शादी के सीजन में भी ग्राहकी सुस्त है। पिछले चार महीनों में सोने के दाम 33.31 प्रतिशत बढ़े हैं। जिन घरों में शादियां हैं, उन परिवारों में सोने-चांदी के जेवर खरीदने के लिए लोग परेशान हैं। मध्यम वर्ग के लोगों को खासकर ज्यादा परेशानी हो रही है। उनके लिए सोने के जेवर खरीदना मुश्किल हो गया है। दिन प्रतिदिन सोने के दाम बढ़ रहे हैं। आभूषणों की कीमतों में हुई वृद्धि से इसे खरीद पाना लोगों के लिए अब मुश्किल हो गया है। हल्के आभूषण भी काफी महंगे मिल रहे हैं।

**आनंद सोनी**
सोनी ज्वेलर्स, 10 नंबर मार्केट भोपाल

**सराफा बाजार उच्चतम स्तरों पर**

### निवेशकों की चांदी, 30 फीसदी से अधिक का रिटर्न मिला



विगत 1 साल में सोने और चांदी के निवेशकों को 30 फीसदी से अधिक का रिटर्न मिला है चाहे आभूषणों की खरीदी करने वाले उपभोक्ताओं हो अथवा सोने और चांदी की जैसी बहुमूल्य धातुओं में वायदा बाजार ईटीएफ फंड या फिजिकल माध्यम से सोना खरीद कर रखने वाले निवेशक हो। सभी को इस 1 वर्ष में बहुत अच्छा निवेश रिटर्न मिला है। एक बात और उल्लेखनीय है कि इस 1 वर्ष में दुनिया भर के केंद्रीय बैंकों द्वारा सोने की बड़े पैमाने पर खरीदारी लगातार की जा रही है इसका परिणाम भी यह हुआ कि सोने और चांदी जैसी बहुमूल्य धातुओं का मूल्य अंतरराष्ट्रीय बाजारों में नई ऊंचाइयों पर पहुंच गए। भारतीय बाजार भी इससे अछूते नहीं रहे। सराफा बाजारों में भी अपने उच्चतम स्तरों को एक समय में तो 1 लाख रुपए से अधिक का स्तर भी स्थानीय बाजारों में पहुंच गया।

**नवनीत अग्रवाल**, सराफा कारोबारी

### ग्राहक कम मात्रा में खरीद रहे सोना



सोना और चांदी के बढ़ते रेट के कारण धंधा काफी मंदा हो गया है। बाजार में सन्नाटा पसरा हुआ है। ग्राहकों और दुकानदारों में समन्वय कम होता जा रहा है। यदि जल्द ही स्थिति नहीं सुधरी तो सराफा कारोबार को बड़ा झटका लग सकता है। वहीं ग्राहक भी सोना-चांदी कम ही खरीद रहे हैं।

**दीपक सोनी**, अंबिका ज्वेलर्स

### स्टॉक मार्केट से पैसे निकाल निवेशक लगा रहे सोने में



सोने का मूल्य मुख्य रूप से वैश्विक घटनाओं पर ही निर्भर होता है। वर्तमान में विश्व में युद्ध का खतरा मंडरा रहा है जिससे इन्वेस्टर स्टॉक मार्केट से पैसा लगाता है वो वहां से पैसे निकाल के सोने में लगा रहा है। सोने के मूल्यों में कमी वैश्विक शांति होने पर ही कम होंगे।

**अजय सिंह**, अध्यक्ष, भोपाल पेट्रोल पंप

### सोना खरीदने में ही है समझदारी



इस समय निवेशकों की चांदी है। सराफा बाजार में सोना बेचने कोई नही आ रही। अभी सब खरीदी रहे है। अंतरराष्ट्रीय स्थित जो निर्मित है उससे भविष्य संकट में है। यह तेजी पूरी दुनिया में है। सोना खरीदारी में ही समझदारी है।

**संतोष अग्रवाल**, अध्यक्ष, भोपाल

## एक महीने पहले लिया था सैंपल

# देव गोल्ड लाल मिर्च पाउडर में मिला कोलतार, बिक्री पर लगाई रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सीहोर के अवधपुरी में निर्मित देव गोल्ड लाल मिर्च पाउडर सैंपल जांच में असुरक्षित निकला है, जिससे राजधानी में इसकी बिक्री पर रोक लगा दी है। खाने में इसका उपयोग करने से यह नुकसानदेह हो सकता है। जिसको देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने आदेश जारी कर दिया है।

सैंपल की जांच रिपोर्ट में कलर मिलाने की पुष्टि हुई है, जिसमें कोल तार की मिलावट की गई है। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवेंद्र दुबे का कहना है कि 22 मार्च को बैरसिया के रतुआ रतनपुर स्थित रीतेश किराना स्टोर से देव गोल्ड मिर्च पाउडर का सैंपल लिया था। जिसका निर्माण मेसर्स तनुश्री फूड्स एंड स्पाइसेस अवधपुरी सीहोर दर्ज था। जांच में कोलतार की मात्रा मिली, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। खाद्य सुरक्षा विभाग इस मामले को जिला कोर्ट में पेश करेगा। जिसकी कोर्ट में सुनवाई की जाएगी। कोर्ट इस मामले में तीन माह की सजा और एक लाख का जुर्माना कर सकता है।

## स्वास्थ्य विभाग लोगों को जानकारी देकर कर रहा प्रेरित

# नवदंपत्तियों तक पहुंच रहे स्वास्थ्य कार्यकर्ता नव विवाहितों को प्रदान की नई पहल किट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




मिशन परिवार विकास पखवाड़े में परिवार नियोजन के स्थाई एवं अस्थाई साधनों की सेवाएं लक्ष्य दंपत्तियों तक पहुंचाई जा रही हैं। स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले द्वारा नसबंदी, आईयूसीडी, अंतरा इंजेक्शन, ओरल पिल्स, छाया गोली, निरोध के उपयोग के लिए हितग्राहियों को जानकारी देकर प्रेरित किया जा रहा है।

परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत पिछले साल 12 हजार 88 नसबंदी ऑपरेशन किए गए थे, जबकि चार हजार 855 आईयूसीडी एवं पीपीआईयूसीडी, 766 अंतरा साधन लगाए गए थे। पखवाड़े में नव विवाहित दंपत्तियों को विवाह का पंजीयन करवाने के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही नवदंपत्तियों को नई पहल किट प्रदान की जा रही है। सीएमएचओ डॉ प्रभाकर तिवारी ने बताया कि शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में पुरुष नसबंदी करवाने पर 3 हजार, प्रसव पश्चात महिला नसबंदी पर 3 हजार, अंतराल नसबंदी करवाने पर 2 हजार, पीपीआईयूसीडी लगवाने पर 300 एवं अंतरा इंजेक्शन लगवाने पर 100 रुपए हितग्राही को दिए जाते हैं।

## पुलिस ने किया 3 आरोपियों पर मामला दर्ज

# युवती के नाम पर ब्लैकमेल कर युवक से 10 लाख रुपए ठगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दुष्कर्म के झूठे मामले में फसाने का डर दिखा कर 10 लाख रुपए ऐंठने के मामले में टीटी नगर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस ने मामले में जितेंद्र धाकड़ के खिलाफ मामला दर्ज किया है। रायसेन निवासी कपिल राजपूत ने मामले में टीटी नगर पुलिस को शिकायती आवेदन दिया था, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

पुलिस का कहना है कि कपिल राजपूत की एक युवती से दोस्ती थी जनवरी माह में कपिल की शादी कहीं और तय हो गई, जिसके बाद युवती जनवरी में कपिल राजपूत के खिलाफ शिकायत लेकर टीटी नगर थाने पहुंची थी। उस वक्त युवती और कपिल राजपूत में समझौता हो गया था, लेकिन युवती के साथ जितेंद्र धाकड़ और विमलेश पटेल भी साथ आए थे और जितेंद्र राजपूत ने मौके का फायदे उठाया और कपिल को डरा कर 10 लाख रुपए ब्लैकमेल कर वसूल कर लिए। जितेंद्र ने कपिल युवती के माध्यम से केस दर्ज करवाने का कहा था।

## मंडीदीप में 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के बाद पीसीबी ने किया प्रयोगात्मक अध्ययन

# यज्ञ के धुएं से वातावरण शुद्ध होता है हानिकारक वैक्टीरिया होते हैं नष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



विज्ञान की दृष्टि से यज्ञ जल, वायु, मृदा, स्वास्थ्य और पर्यावरण शुद्धिकरण का एक प्रभावशाली माध्यम सिद्ध हो रहा है। मंडीदीप स्थित औद्योगिक क्षेत्र में अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में आयोजित शक्ति संवर्धन विराट 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ मंडीदीप के दौरान उच्च शिक्षा उत्कृष्ट संस्थान एवं पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड द्वारा किए गए प्रयोगात्मक अध्ययन में यह स्पष्ट हुआ कि यज्ञ के प्रभाव से उपरोक्त सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय सुधार हुआ। इस शोध का नेतृत्व ईश्वर शरण पाण्डेय जीवनदानी तपोभूमि मथुरा की पुत्रवधु डॉ. संध्या त्रिवेदी (पाण्डेय) द्वारा किया गया।

यज्ञ से पूर्व एवं बाद विभिन्न मापदंडों का परीक्षण कर वैज्ञानिक विश्लेषण का शोध प्रतिवेदन उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार के समक्ष वल्लभ भवन में प्रस्तुत किया गया। इस शोध में वैज्ञानिकों की संयुक्त टीम ने लगभग 5 महीने तक शोध किया, जिसमें पाया गया कि यज्ञ के धुएं से वातावरण शुद्ध होता है। हानिकारक बैक्टीरिया नष्ट होते हैं मंत्रों की ध्वनि से मेडिटेशन होता है। यज्ञ का धुंआ केवल वैज्ञानिक महत्व ही नहीं रखता, बल्कि उसमें वैज्ञानिक गुण भी समाहित होते है, यज्ञ के धुएं से आसपास की मिट्टी की उर्वरकता भी बड़ी है, यज्ञीय धूम्र प्राकृतिक फिनायल की तरह काम करता है, यज्ञीय धूम्र और मंत्रों से जल पर भी शोध किया गया, जिसमें यज्ञशाला में अलग-अलग स्थान पर जल कलशों में यज्ञीय प्रभाव पाया गया। वैज्ञानिक दल में डॉ रुचिरा चौधरी, डॉ. उर्वशी सोनी, डॉ. अंजली आचार्य, डॉ. शैलजा दुबे, डॉ. अखिलेश शिडे एवं डॉ. प्रतिमा शामिल रहीं।

### सिंगल फेस 1397 तो थ्री फेस स्मार्ट नेट मीटर पर लगेंगे 4190 में

**भोपाल।** मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा पीएम सूर्य घर योजना अंतर्गत सोलर रूफटॉप को बढ़ावा देने के लिए सिंगल फेस स्मार्ट नेट मीटर पर लगने वाला शुल्क 1397 रुपए तथा थ्री फेस स्मार्ट नेट मीटर पर लगने वाला शुल्क 4190 रुपए का निर्णय लिया जाएगा। गौरतलब है कि सिंगल फेज स्मार्ट नेट मीटर टेस्टिंग हेतु पूर्व में दर 1680 रुपए प्रति मीटर थी, जो अब घटकर 1397 रुपए हो गई है। विद्युत नियामक आयोग द्वारा सिंगल फेज पर विद्युत कनेक्शन हेतु 5 किवा तक भार की अनुमति दी है, रूफटॉप घरेलू सोलर संयंत्र अधिकतर 5 किलो वाट तक के होते हैं, जिससे टेस्टिंग चार्जेस में कमी आएगी।

# मप्र में सरकारी कर्मचारियों का महंगाई भत्ता फिर बढ़ाया, अब बढ़कर 55% हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

## प्रतिनियुक्ति पर आए कर्मचारियों को भी मिलेगा लाभ



मध्यप्रदेश में महंगाई भत्ते में फिर बढ़ोत्तरी की गई। इसे बढ़ाकर 55% किया गया। महंगाई भत्ता यानी डीए में बढ़ोत्तरी का लाभ प्रदेश के आईएएस, आईपीएस, आईएफएस अधिकारियों को मिलेगा। इसके साथ ही प्रदेश में प्रतिनियुक्ति पर आए कर्मचारियों को भी बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता मिलेगा। इस संबंध में वित्त विभाग ने आदेश जारी कर दिए। राज्य सरकार द्वारा इसका नकद भुगतान किया जाएगा।

भारत सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों के लिए भी महंगाई भत्ता बढ़ाया है, जो 1 जनवरी 2025 से मंजूर किया गया है। इस संबंध में 2 अप्रैल को आदेश जारी किया गया था। इसके अनुसार केंद्रीय कर्मचारियों और अधिकारियों को 55% महंगाई भत्ता दिया जाएगा। केंद्र सरकार ने महंगाई भत्ते में दो प्रतिशत बढ़ोत्तरी की। अभी तक उन्हें मूल वेतन का 53% डीए दिया जा रहा था। केंद्रीय कर्मचारियों अधिकारियों के लिए जारी किए गए इस आदेश के आधार पर मध्यप्रदेश सरकार ने भी केंद्र के कर्मचारियों, अधिकारियों को 55% महंगाई भत्ता देने का आदेश जारी कर दिया। एक जनवरी 2025 से 53% के बजाए 55% महंगाई भत्ता देने के आदेश वित्त विभाग ने आदेश जारी कर दिए। इसमें एक जनवरी 2025 से 53% के बजाए 55% महंगाई भत्ता देने की बात कही गई। प्रदेश के आईएएस, आईपीएस और आईएफएस अधिकारियों के साथ ही राज्य में प्रतिनियुक्ति पर आए कर्मचारियों को भी इसका लाभ मिलेगा।




# अधिकारी-कर्मचारियों की तबादला नीति से किसी को फायदा, कोई उठाएगा नुकसान

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

लगभग ढाई साल बाद प्रदेश के सरकारी अधिकारी-कर्मचारियों के लिए तबादलों से प्रतिबंध हटने वाला है। सरकार ने तबादला नीति का प्रारूप तैयार कर लिया है। इसे अंतिम रूप दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा के अनुसार राज्य मंत्रिमंडल की अगली बैठक में इस तबादला नीति को मंजूरी दी जा सकती है।

इसके बाद 1 से 30 मई के मध्य अधिकारी-कर्मचारियों के तबादले किए जा सकेंगे। नीति के अनुसार किसी भी विभाग में अधिकतम 10 फीसदी सरकारी अमले के ही तबादले होंगे। साफ है कि हर कोई तबादला नहीं करा सकेगा।

## तबादला नीति के प्रारूप को दिया जा रहा अंतिम रूप

### शैक्षणिक सत्र के मध्य तबादले नहीं चाहते थे मुख्यमंत्री




जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की इच्छा थी कि शैक्षणिक सत्र के बीच में तबादले न हों। एक बैठक में उन्होंने इसकी दो वजह भी बताई थीं। पहला यह कि सत्र के बीच किसी शिक्षक का तबादला होता है, तो उस स्कूल के छात्रों की पढ़ाई प्रभावित होती है। शिक्षक को भी नई संस्था में जाने के बाद पढ़ाई में मन लगाने में समय लगता है। दूसरा, विभागों के कर्मचारियों के तबादले शैक्षणिक सत्र के मध्य होते हैं, तो उनके बच्चों को स्कूल शिफ्ट करने में परेशानी होती है। कर्मचारी और उनके परिवारों को सत्र खत्म होने तक दूर-दूर रहना पड़ता है। इससे सरकारी काम भी प्रभावित होता है और परिवार को भी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

### इनके लिए राहत लेकर आएगी तबादला नीति

तबादला नीति का जो प्रारूप तैयार हुआ है, यह उन सरकारी अधिकारी-कर्मचारियों के लिए राहत लेकर आएगी, जो दो साल से ज्यादा समय से तबादलों पर प्रतिबंध के चलते एक ही जगह अटके हुए थे। अब वे स्वेच्छा से तबादले के लिए आवेदन कर सकेंगे और विशेष परिस्थितियों में मनचाही जगह पोस्टिंग भी मिल सकती है। शिक्षा और स्वास्थ्य विभागों में तबादलों की प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन की जाएगी, जिससे व्यवस्था पारदर्शी होगी और कर्मचारियों को सुविधा रहेगी।

**मंत्रिमंडल की अगली बैठक में मंजूरी की संभावना**

### नीति से इनके सामने आएगी मुश्किल

नई तबादला नीति उन अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए मुश्किल का कारण बन सकती है, जो पिछले 3 साल या उससे ज्यादा समय से एक ही स्थान और पद पर जमे हुए हैं। प्रावधान किया जा रहा है कि ऐसे अधिकारी-कर्मचारयों का तबादला किया जाए। बहुत सारे लोगों को दूसरे जिलों में भी भेजा जा सकता है। तबादलों से प्रतिबंध हटने की खबर मात्र से एक जगह लंबे समय से जमे अधिकारी-कर्मचारी सक्रिय हो गए हैं। वे चाहते हैं कि उन्हें डिस्टर्ब न किया जाए।

### ट्रांसफर पर भत्ता को लेकर रहेगी यह नीति

नई तबादला नीति में ये प्रावधान भी किया गया है कि स्वेच्छा से ट्रांसफर लेने वाले कर्मचारियों को कोई भत्ता नहीं दिया जाएगा, लेकिन जिनका ट्रांसफर प्रशासनिक वजहों से किया जाएगा, उन्हें सरकार की ओर से भत्ते की सुविधा दी जाएगी। तबादलों की प्रक्रिया में मंत्रियों की मुख्य भूमिका होगी। अपने विभाग के कर्मचारियों का ट्रांसफर मंत्री कर सकेंगे। राजपत्रित अधिकारियों के तबादले के लिए मुख्यमंत्री की सहमति जरूरी होगी।

### मंत्रियों, प्रभारी मंत्रियों को मिलेगा अधिकार

नई तबादला नीति के तहत कई बदलाव और नई व्यवस्थाएं प्रस्तावित की गई हैं, जिनका उद्देश्य प्रक्रिया को पारदर्शी, सुनियोजित और कर्मचारियों के हित में बनाना है। 1 से 30 मई के मध्य अधिकांश विभागीय तबादले पूरे किए जाएंगे। संबंधित विभाग के मंत्री को उनके अधीन कर्मचारियों के अंतर-जिला तबादलों की अनुशंसा का अधिकार मिलेगा। जिलों के अंदर प्रभारी मंत्रियों की सिफारिश पर ही तबादले होंगे। जिलों के अंदर तबादलों की सूचियां कलेक्टर के जिरए प्रभारी मंत्री के पास भेजी जाएंगी और उनके अनुमोदन के बाद ही तबादला आदेश जारी हो सकेंगे।

## खबर संक्षेप

### 'ई-लर्निंग के दौर में भी कम नहीं होगी पुस्तकों के अध्ययन की प्रासंगिकता'

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विश्व पुस्तक दिवस पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि पुस्तकों का जीवन में बड़ा महत्व है, पुस्तकें ज्ञान के भंडार के साथ-साथ हमारे लिए अनुभव, संवेदनाओं एवं प्रगति का प्रामाणिक दस्तावेज हैं, जिनके अध्ययन से जीवन को सदैव नई दिशा मिलती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति और ई-लर्निंग के दौर में राज्य सरकार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भावना और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की दूरदर्शिता के अनुसार चिकित्सा और तकनीकी पाठ्यक्रमों की पढ़ाई राष्ट्रभाषा में संचालित करने का अभियान चलाया है। यह नई पीढ़ी को पुस्तकों से जुड़ाव के लिए प्रेरित करेगा। इससे अध्ययन की प्रासंगिकता बनी रहेगी। डॉ. यादव ने बुधवार को सोशल मीडिया 'एक्स' और मीडिया को जारी संदेश में यह विचार व्यक्त किए।

### आम आदमी पार्टी का एक मई से प्रदेशव्यापी सदस्यता अभियान

**भोपाल।** आम आदमी पार्टी अपने संगठन का विस्तार करने के लिए सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में आम आदमी पार्टी प्रदेश अध्यक्ष एवं सिंगरौली महापौर रानी अग्रवाल के नेतृत्व में एक मई से सदस्यता अभियान प्रारंभ किया जा रहा है। प्रदेश प्रवक्ता नवीन कुमार अग्रवाल ने बताया कि एक से 15 मई तक शहरी क्षेत्रों में वार्ड एवं ग्रामीण क्षेत्रों में गांव-गांव जाकर पार्टी की विचारधारा से आमजन को अवगत कराकर सदस्यता अभियान चलाएंगी। साथ ही सम्पूर्ण प्रदेश के लिए एक नंबर जारी किया जाएगा जिससे कोई भी व्यक्ति उस नंबर पर मिस्ड कॉल कर आम आदमी पार्टी का सदस्य बन सकता है। आप का सदस्यता के लिए मिस्ड कॉल के लिए नंबर 30 अप्रैल को रानी अग्रवाल द्वारा जारी किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा, देश में सर्वाधिक 2600 रुपए प्रति क्विंटल दर पर गेहूं की खरीदी

# गेहूं उत्पादन एवं उपार्जन के मामले में मप्र पंजाब और हरियाणा से भी आगे

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश सरकार पूरे देश में सर्वाधिक 2600 रुपए प्रति क्विंटल की दर पर गेहूं खरीद रही है, ताकि प्रदेश के गेहूं उत्पादक किसानों को सर्वाधिक लाभ मिले। इस उपार्जन राशि में सरकार द्वारा किसानों को दी जा रही 175 रुपए प्रति क्विंटल बोनस राशि भी शामिल है। उन्होंने कहा कि गेहूं उत्पादन एवं उपार्जन के मामले में हम पंजाब और हरियाणा जैसे खाद्यान्न उत्पादक राज्यों से भी आगे हैं।

उन्होंने सभी प्रकार के राशन कार्डधारकों की ई-केवाईसी जल्द से जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए। डॉ. यादव बुधवार को मंत्रालय में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता अधिकार संरक्षण विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिए कि राज्य के सभी राशन कार्ड धारकों को समय पर और बिना किसी कठिनाई के पात्रतानुसार राशन सामग्री उपलब्ध कराई जाए।

**सीएम ने खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की समीक्षा में दिए कई निर्देश**

**राशन कार्डधारकों की ई-केवाईसी जल्द से जल्द पूरा कराने के आदेश**



### गेहूं उपार्जन का काम 5 मई तक पूरा कर लें

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभागीय अधिकारियों से कहा कि गेहूं उपार्जन के लिए स्लॉट बुकिंग की अवधि 30 अप्रैल तक करें। इस अवधि तक बुकिंग कराने वाले सभी किसानों से गेहूं उपार्जन का समस्त कार्य 5 मई तक हर हाल में पूरा किया जाए।*

### पात्र लोगों को राशन पाने में न हो कोई समस्या, अधिकारी तत्परता से करें काम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को राशन पाने में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। डॉ. यादव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनहित से जुड़ी सभी योजनाएं खासकर खाद्यान्न वितरण, उज्जवला गैस योजना की सब्सिडी वितरण और घर-घर घरेलू गैस पाइप लाइन डालने का काम पूरी तत्परता और संवेदनशीलता के साथ किए जाएं। उन्होंने कहा कि घरेलू गैस की पाइप लाइन डालने का काम जल्द से जल्द पूरा किया जाए। मक्का, कोदो-कुटकी जैसे श्रीअन्न भी स्व-सहायता समूह एवं शासकीय उचित मूल्य की दुकानों को दिए जाएं, ताकि इनकी मांग (खपत) में वृद्धि हो और श्रीअन्न पैदा करने वाले किसानों को प्रोत्साहन मिले।

### हेरा-फेरी पर अंकुश के लिए क्यूआर कोड लगाएंगे

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता अधिकार संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बैठक में बताया कि गोदामों में खाद्यान्न स्कंध की हेरा-फेरी पर अंकुश लगाने के लिए अब खाद्य विभाग द्वारा खाद्यान्नों के सभी बारदानों (बोरों) में क्यूआर कोड लगाए जाएंगे। इसी तरह एमपी वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन के अधीन सभी वेयरहाउस को भी क्यूआर कोडयुक्त किया जा रहा है। इनमें सीसीटीव्ही कैमरे भी लगवाए जाएंगे। खाद्यान्न वितरण, शासकीय उचित मूल्य दुकानों पर नजर रखने एवं फूड-स्टॉकिंग के सभी कामों की मुख्यालय से निगरानी के लिए भोपाल में एक कंट्रोल कमांड सेंटर भी बनाया जा रहा है। राजपूत ने बताया कि उपार्जित स्कंध की साफ-सफाई के लिए उपार्जन केन्द्रों पर मैकेनाइज्ड क्लीनिंग मशीनों की स्थापना की गई है।

## 44 जिलों ने लक्ष्य से अधिक किया संग्रहण



# सैनिकों के कल्याण प्रयासों में सहयोग राष्ट्र सेवा का संकल्प

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि तेरा 'वैभव अमर रहे मां, हम दिन चार रहे न रहें', भावना के साथ सीमाओं की रक्षा के लिए त्याग और बलिदान देने वाले सैनिकों के कल्याण प्रयासों में सहयोग राष्ट्र सेवा का संकल्प है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के 55 जिलों में से 44 जिलों में लक्ष्य से अधिक राशि का समामेलित निधि में संग्रहण हर्ष और गर्व की बात है। यह उपलब्धि आम नागरिकों के सेना के प्रति परस्पर प्रेम का प्रतीक है। पटेल समामेलित विशेष निधि में एक लाख रुपए से अधिक राशि का दान देने वाले नागरिकों, संस्थाओं और लक्ष्य से अधिक राशि संकलित करने वाले संभागीय और जिला अधिकारियों के अभिनंदन कार्यक्रम को राजभवन में संबोधित कर रहे थे।

### प्रशस्ति-पत्र और प्रतीक-चिन्ह भेंट कर किया सम्मानित

*राज्यपाल पटेल ने कार्यक्रम में संभाग आयुक्त नर्मदापुरम श्रीकृष्ण गोपाल तिवारी, कलेक्टर नीमच हिमांशु चन्द्रा, कलेक्टर अलीराजपुर डॉ. अभय अरविंद बेडेकर, कलेक्टर हरदा सिद्धार्थ जैन, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी दमोह, सतना, सिंगरौली और 26 व्यक्तिगत एवं संस्थागत दान दाताओं को प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। अध्यक्ष मप्र भूतपूर्व सैनिक कल्याण समिति, भोपाल की ओर से एक करोड़ रुपए की सहयोग राशि के लिए सम्मानित किया गया।*

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से मिले केंद्रीय कानून मंत्री



**भोपाल।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा से बुधवार को केंद्रीय क़ानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में सौजन्य भेंट की।

## जर्मनी के माइकल हॉवेल ने की मुख्यमंत्री डॉ. यादव से भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से जर्मनी के इनएविया एविएशन के मैनेजिंग पार्टनर माइकल हॉवेल ने मंत्रालय में सौजन्य भेंट की। उन्होंने प्रदेश में विमानन क्षेत्र में अत्याधुनिक एमआरओ (मेंटेनेंस रिपेयर एंड ऑपरेशंस) सुविधा की शुरुआत करने संबंधी प्रस्ताव पर चर्चा की।



इनएविया एविएशन समूह, सेवा मुक्त विमानों को रिसाइकल करके उन्हें इच्छुक एयरलाइंस को प्रदान करने के क्षेत्र में गतिविधियां संचालित करने के लिए प्रदेश में आरंभिक रूप से 500 करोड़ रुपए के निवेश का इच्छुक है। चरणबद्ध रूप से 2000 करोड़ रुपए तक का निवेश किया जाएगा। एमआरओ के अंतर्गत कंपोनेंट निर्माण, सीएनडी चैक और इंजन मरम्मत भी शामिल होंगे।




## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग की गतिविधियों की समीक्षा

# ऑनलाइन प्लेटफार्म पर उपलब्ध होंगे कुटीर और ग्रामोद्योग उत्पाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कुटीर एवं ग्रामोद्योग, औद्योगिकरण की सबसे छोटी इकाई हैं। इसमें ग्राम स्तर तक लोगों को उद्यमिता और उत्पादन से जोड़ा जा सकता है। क्षेत्रवार गतिविधियों को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। उज्जैन, महेश्वर, चंदेरी, भोपाल, ग्वालियर आदि की हस्तशिल्प कला और हथकरघा से निर्मित सामग्री की बेहतर मार्केटिंग और ब्रांडिंग सुनिश्चित की जाए। कुटीर और ग्राम स्तर पर गतिविधियों का विस्तार करते हुए उत्पादों को ऑनलाइन प्लेटफार्म पर उपलब्ध कराया जाए। यह निर्देश मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दिए हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रालय में कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग की बैठक कर गतिविधियों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जयसवाल, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) डॉ. राजेश राजौरा तथा अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि ग्राम और परिवार स्तर पर आवश्यक प्रशिक्षण, मार्केट लिंकेज और बेहतर प्रस्तुतिकरण के लिए कार्य योजना बनाई जाए। विभाग, स्वयं सामग्री का उत्पादन करने के स्थान पर निजी स्तर पर संचालित गतिविधियों को प्रोत्साहन प्रदान करने की नीति अपनाएं।




### मां अहिल्या देवी के नाम से साड़ियों का नया कलेक्शन

बैठक में जानकारी दी गई कि मां अहिल्या देवी की 300वीं जयंती पर महेश्वर किले में उकेरे डिजाइनों और पैटर्नों को साड़ियों पर उकेर कर मां अहिल्या देवी के नाम से साड़ियों का नया कलेक्शन जारी किया जाएगा। प्रदेश में रेशम केंद्रों को सिल्क टूरिज्म के रूप में विकसित करना भी प्रस्तावित है। बुरहानपुर में परम्परागत रूप से चली आ रही रेशम और खादी की गतिविधियों को पुनर्जीवित करने के लिए 10 लूम और 50 चरखों की व्यवस्था की जा रही है। शीघ्र ही वहां खादी उत्पादन केंद्र आरंभ किया जाएगा, जिससे लगभग 100 लोगों को रोजगार मिल सकेगा। पचमढ़ी में सिल्क टेक पार्क का उद्घाटन किया गया है, जहां मलबरी, टसर, एरी और मुंगा चारों प्रकार के रेशम उगाए जा रहे हैं। रेशम उत्पादों को आधुनिक फैशन के साथ जोड़ने के उद्देश्य से इंदौर और मुम्बई में फैशन तकनीकी छात्रों और शासकीय संस्थाओं की मदद से फैशन शो आयोजित किए गए।

### स्थानीय युवाओं को जोड़कर स्वरोजगार की गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जाए

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कुटीर एवं ग्रामोद्योग के अंतर्गत खाद्य सामग्री से संबंधित उत्पादों को भी जोड़ना आवश्यक है। मधुमक्खी पालन और शहद उत्पादन को सहायक गतिविधि के रूप में लेने के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। प्रदेश में विद्यमान धार्मिक स्थलों के आसपास भगवान के वस्त्र निर्माण, धातु- लकड़ी- मिट्टी की मूर्तियों के निर्माण और अन्य पूजा सामग्री बनाने से स्थानीय युवाओं को जोड़कर स्वरोजगार की गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जा सकता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पीएम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत हुई प्रगति की सराहना की।*

# हमने तरक्की की है और भी गुंजाइश है : आमिर



मुंबई। हिंदी सिनेमा पिछले कुछ वक्त से बुरे दौर से गुजर रहा है। बॉक्स ऑफिस पर हिट फिल्मों की तुलना में फ्लॉप फिल्में ज्यादा आ रही हैं। हिंदी सिनेमा के मुकाबले क्षेत्रीय फिल्में अच्छा कर रही हैं। इस पर मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान ने अपनी बात रखी है। आमिर खान ने कहा है कि हिंदी फिल्मों में सुधार की गुंजाइश है। आमिर खान ने हॉलीवुड रिपोर्टर इंडिया से बातचीत में कहा 'हम नहीं कहते कि हम बेहतर फिल्म निर्माता नहीं हो सकते। मेरे विचार से फिल्म निर्माता के तौर पर हमारे पास सुधार की बहुत गुंजाइश है। हमने कई इंडस्ट्रीज से सीखा है।' आमिर के मुताबिक अगर आप 70 और 80 के दशक की फिल्मों को देखें तो उसके बाद से फिल्में और बेहतर हुई हैं ऐसे में अगर मेहनत की जाए तो और बेहतर हो सकती हैं। आमिर ने कहा 'जब हम 1988 में आए थे तो उस वक्त फिल्मों की संख्या बहुत कम थी। उसके बाद से हमने तरक्की की है। 90 के दशक के बाद जब 2000 आया तो दर्शक बदल गए। वह बहुत खुले हुए और दूसरी तरह की सामग्री देखना चाहते थे।' आमिर से पूछा गया कि वह बॉलीवुड की मौजूदा हालत को बदलने के लिए क्या करना चाहते हैं?

## जैकेट का शेष...

### भारत ने सिंधु जल...

भीतर भारत छोड़ने का निर्देश दिया गया है। पीएम आवास पर सीसीएस बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और एनएसए अजित डोभाल की उपस्थिति में फैसला लिया गया कि सारे पाकिस्तानियों का वीजा रद्द किया जाएगा। गौरतलब है कि हमले में पाकिस्तान का हाथ होने के संकेत हैं। लश्कर-ए-तैयबा के संगठन टीआरएफ ने हमले की जिम्मेदारी ली है। विदेश मंत्रालय ने मीटिंग के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि अटारी-बाघा बॉर्डर चेक पोस्ट को भी बंद कर दिया गया है। पाकिस्तानियों के भारत आने पर रोक लगा दी गई है। गुरुवार को रक्षा मंत्री के नेतृत्व में सर्वदलीय बैठक बुलाई गई है। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने कहा कि इस आतंकवादी हमले की गंभीरता को समझते हुए, सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति ने ये निर्णय लिया है। विदेश सचिव ने कहा कि भारत इस्लामाबाद में भारतीय उच्चायोग से अपने रक्षा/नौसेना/वायु सलाहकारों को वापस बुलाएगा। संबंधित उच्चायोगों में ये पद रद्द माने जाते हैं। सेवा सलाहकारों के पांच सहायक कर्मचारियों को भी दोनों उच्चायोगों से वापस बुलाया जाएगा। 1 मई 2025 तक और कटौती के माध्यम से उच्चायोगों की कुल संख्या वर्तमान 55 से घटाकर 30 कर दी जाएगी।

### तीनों सेनाओं ने पीएम ...

*के साथ 4 और आतंकी थे, जो उनको कवर देने व भगाने में मददगार रहे। ये सभी आतंकी पहाड़ों पर तेजी से चढ़ने में माहिर बनाए गए थे। इनकी ट्रेनिंग पाकिस्तान में हुई थी। भारत के तेवर देखकर पाकिस्तान ने एलओसी पर हाई अलर्ट घोषित कर दिया है। उसकी सीमा पर टोही विमान चक्कर लगा रहे हैं। पाकिस्तान ने कहा है कि इस हमले से उसका कोई लेना देना नहीं है। वहीं, देश अब बयान नहीं, बदले की मांग कर रहा है। देश भर में बुधवार को आतंक व पाक के खिलाफ प्रदर्शन हुए। लोगों ने कहा कि अब आतंकियों को खोद कर गाड़ने का वक्त आ गया है।*

### इस्लाम जब तक...

होते रहेंगे। जब तक इस्लाम जीवित रहेगा, कोई भी राज्य, कोई भी राज्य सभ्य नहीं बन पाएगा, दुनिया सभ्य नहीं बन पाएगी।

### पठानकोट हो या पुलवामा ...

पुलवामा हमले से लेकर 2025 में पहलगाम में हुए ताजा आतंकी हमले तक, हर बड़ी साजिश को हरी झंडी देने वाला यही शख्स है। मुनीर का आतंकी संगठनों से गहरा नाता और भारत के खिलाफ उनकी नफरत पाकिस्तान के दोहरे चरित्र को दिखाती है।

### दो लोकल और दो...

हमला करने वाले तीन आतंकियों के स्केच भी जारी किए हैं। आदिल ठाकुर लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है। आदिल गुरी, बिजबेहड़ा का रहने वाला बताया जा रहा है। आशिफ शेख का जैश-ए-मोहम्मद से कनेक्शन बताया जा रहा है। आशिफ मोंघामा, मीर मोहल्ला (त्राल) का रहने वाला बताया जा रहा है।

### इंदौर के सुशील नथानियल...

(54) इंदौर के खातीपुरा में सरकारी स्कूल में टीचर हैं। बेटी आकांक्षा (35) सूरत (गुजरात) में बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा में मैनेजर हैं और अविवाहित हैं। जबकि बेटा आस्टन (25) पढ़ाई कर रहा है। सुशील के मामा अरुण कुमार कुमरावत ने बताया कि आतंकियों ने पर्यटकों के समूह को घेरकर एक-एक से उनका धर्म पूछा और कलमा पढ़ने को कहा। सुशील ने कहा कि 'मैं ईसाई हूं, कलमा कैसे पढ़ सकता हूं? इसके बाद आतंकियों ने जेनिफर को एक तरफ हटाकर सुशील को गोली मार दी। रिटायर्ड बैंक मैनेजर अरुण कुमार कुमरावत ने बताया कि आतंकियों की फायरिंग में सुशील की बेटी आकांक्षा को भी पैर में गोली लगी, जिनका इलाज चल रहा है।

### सीएम-भाजपा प्रदेश...

बाबा महाकाल से कामना करता हूं कि उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान प्रदान करें। हम सब संकट की इस घड़ी में पीड़ित परिवार के साथ हैं। यह पाकिस्तान की कायराना हरकत है। इस कायराना हरकत के विरोध में आज पूरा देश एकजुट है। इस कायराना हरकत के तालिबानी के दोषी बख्शे नहीं जाएंगे।

### मुठभेड़ में दो ...

कोशिश नाकाम कर दी गई। चिनार कोर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि लगभग 2-3 यूआई आतंकवादियों ने उरी नाला, बारामूला (उत्तरी कश्मीर में) में सरजीवन के सामान्य क्षेत्र से घुसपैठ करने की कोशिश की।

## पेज एक का शेष

### भोपाल में मुस्लिम ...

आतंकवाद के खिलाफ पूरा देश एकजुट है। इस कुकृत्य का मुंहतोड़ जवाब आतंकियों को जरूर मिलेगा। पूर्व सीएम कमलनाथ और पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने भी इस हमले की निंदा की है। भोपाल के चार बत्ती चौराहे पर प्रदर्शन में शामिल एक छात्रा ने कहा- जो घटना हुई उसे देखकर बहुत अफसोस हो रहा है। ये सब नहीं होना चाहिए। ये बहुत गलत हो रहा है। इतने मासूम बच्चे थे। जिन्हें मार दिया गया। जिन्होंने ये किया उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होना चाहिए।

### 1 लाख के लेवल...

मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 80,116.49 अंक पर पहुंच गया। विदेशी निवेशक लगातार भारतीय शेयर बाजार में निवेश कर रहे हैं। पिछले पांच सेशन में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) द्वारा 17,930 करोड़ की लगातार खरीदारी की है। यह भारतीय इक्विटी की बढ़ती डिमांड को दिखाती है। प्रशांत तापसे के मुताबिक, भारतीय बेंचमार्क इंडेक्स बीएसई सेंसेक्स जो कि वर्तमान में 80,000 के स्तर से ऊपर कारोबार कर रहा है। इसमें आगे और 25% उछाल की आवश्यकता है। तापसे ने कहा कि मैं यह नहीं कह सकता कि सेंसेक्स 1 लाख को पार कर सकता है, लेकिन इस बात की बहुत संभावना है कि हम एक नए उच्च स्तर पर होंगे।

### पुल पर मिली....

उन्होंने नर्मदा नदी में छलांग लगा दी है। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोग और शहर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। महेंद्र भाटी के नर्मदा नदी में कूद जान देने का आशंका जाहिर की जा रही है। महेंद्र भाटी के पिता गोपाल भाटी ने बताया कि उसकी शादी 1 मई को होने वाली थी। विवाह पत्रिका भी बंट चुकी थी। शादी महेंद्र की पसंद से तय की गई थी और तैयारियां चल रही थीं। महेंद्र ने अपनी आखिरी फेसबुक पोस्ट में लिखा- मेरी मौत का जिम्मेदार मैं स्वयं हूं, इसलिए मेरे नहीं रहने के बाद किसी को भी परेशान नहीं किया जाए। नर्मदे हर...। महेंद भाटी बुधवार सुबह अपने घर ग्राम कल्याणपुरा से करीब 8.30 बजे निकले थे। 10 बजे उन्होंने फेस बुक पर पोस्ट की। जैसे ही दोस्तों और रिश्तेदारों ने पोस्ट देखी वे नर्मदा नदी के कसरावद पुल पर पहुंच गए। यहां उन्हें महेंद्र की बाइक खड़ी मिली। बाइक के पास ही महेंद्र की चप्पलें पड़ी हुई थीं।

### आरोप- पीड़ित ने ...

में ले लिया गया है। घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाने जांच की जा रही है। पीड़ित आशिफ (35) के भाई इरफान ने पुलिस को शिकायत में बताया कि आशिफ 21 अप्रैल को रात करीब 11 बजे गुलाब शाह बाबा की दरगाह पर फातिहा पढ़ने गया था। यहां पहले से मौजूद तीन युवकों ने उसे गांजा पीने का दबाव बनाया। आशिफ ने मना कर दिया। इसके बाद आरोपियों ने उससे जयश्री राम बोलने को कहा। आशिफ ने हाथ उठाकर इशारा कर दिया, लेकिन जयकारा नहीं लगाया। पुलिस अधीक्षक निश्चल झारिया ने बताया कि जिले के आमला में युवक के साथ हुई गंभीर मारपीट के प्रकरण की जांच में किसी भी प्रकार की धर्म संबंधी बातों का होना नहीं पाया गया, बल्कि कुछ अन्य तथ्य प्रकाश में आए हैं। आरोपियों को हिरासत में लिया गया। विस्तृत जांच की जा रही है।

### 100 क्विंटल सोयाबीन...

रूप से आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। आग लगने की खबर मिलते ही मंडी प्रशासन और स्थानीय अधिकारी मौके पर पहुंचे। नगर परिषद की फायर ब्रिगेड सहित कुल तीन दमकलें, तीन निजी पानी के टैंकर और नगर परिषद के टैंकरों की मदद से दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। गोदाम होने के कारण आग के साथ धुआं काफी ज्यादा हो रहा था, जिससे अंदर घुसना मुश्किल हो गया। दमकल कर्मियों ने मशीन की मदद से टीन शेड को तोड़ा और अंदर घुसे। जले हुए बारदानों को बाहर निकाला गया और पानी डालकर आग पर काबू पाया गया।

### गेल प्लांट में मीथेन...

में उत्पादन तुरंत बंद कर दिया गया। मौके पर एनडीआरएफ और एसडीईआर की टीमें मौजूद रहीं। मंडीदीप में मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात करीब ढाई बजे गेल प्लांट में गैस लीक हो गई।

गैस लीक की सूचना मिलते ही फायर सेफ्टी टीम मौके पर पहुंची। काफी मशक्कत के बाद बुधवार सुबह करीब 10 बजे रिसाव को रोका जा सका। इस दौरान प्लांट के अंदर अफरा-तफरी मची रही। प्लांट के एक किलोमीटर के दायरे में बैरिकेड्स लगाकर आवाजाही पर रोक लगा दी गई। नगर पालिका मंडीदीप के फायर फाइटर्स को बुला लिया गया। इलाके को खाली करा लिया गया। सतलापुर और मंडीदीप पुलिस, होमगार्ड की टीम भी तैनात रही। जयपुर से गेल की सेफ्टी टीम प्लांट का सेफ्टी ऑडिट करने पहुंच गई है।

**प्रोजेक्ट मैनेजर बोले- स्थिति नियंत्रण में:**

गेल के प्रोजेक्ट मैनेजर डी डोंगरे ने स्थिति को नियंत्रण में बताया है। उन्होंने कहा- रिसाव को नियंत्रित कर लिया गया है। किसी तरह के नुकसान की आशंका नहीं है। ऐहितयात के तौर पर आसपास के क्षेत्र को खाली करवा दिया गया। अग्नि सुरक्षा संबंधी सभी प्रोटोकॉल सक्रिय कर दिए गए और वॉल्व को तुरंत बंद करने की कार्रवाई की गई। एलसीएनजी टैंक को खाली कर एक सुनियोजित तरीके से स्थिति को नियंत्रित किया गया। कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा, एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव, एसडीपीओ शीला सुराणा और नायब तहसीलदार नीलेश सरवटे ने प्लांट का जायजा लिया।


**मध्यप्रदेश रोड डेव्हलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड**
(म.प्र. राज्य राजमार्ग प्राधिकरण/म.प्र. शासन का उपक्रम)
MPRDC
45-ए, अरेरा हिल्स, भोपाल-462011, CIN : U45203MP2004SGC016758
दूरभाष : 0755-2597290, 2765205, फैक्स : 0755-2572643, वेबसाइट : www.mprdc.gov.in
क्रमांक 241728/एमपीआरडीसी/स्था./एमआईएस/027/25 भोपाल, दिनांक : 23.04.2025

**BID NOTICE**

मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम हेतु GeM Portal के माध्यम से 01 नग Professional Large Format Display (Q2) एवं 01 नग Sophos Firewall-NGFW (Q2) क्रय किया जाना है जिनका विवरण निम्नानुसार है :-

| Sn. | Item | Bid No. | Bid Submission End Date |
|---|---|---|---|
| 1. | Professional Large Format Display (Q2) | GEM/2025/B/6150022 | 12.05.2025 |
| 2. | Firewall – NGFW (Q2) | GEM/2025/B/6154305 | 12.05.2025 |

उक्त Bid's से संबंधित समस्त जानकारी https://gem.gov.in/ पर उपलब्ध है।
म.प्र. माध्यम/119768/2025 उप महाप्रबंधक (स्था.)



**कार्यालय नगर पालिक निगम, (यांत्रिक विभाग) भोपाल**
// निविदा आमंत्रण सूचना //
क्र. 155/यां.वि./2025 भोपाल, दिनांक - 22.04.2025
निम्न कार्य हेतु म.प्र लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारो से ऑनलाईन निविदा आंमत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण website https://www.mptenders.gov.in पर है।

| क्र. | निविदा क्रमांक | कार्य का संक्षिप्त विवरण | अनुमानित राशि (रू. में) | निविदा क्रय करने का अंतिम दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_410113_2 | Construction of CC Road from Durgesh Vihar to H.no. 111 Nainagiri, Infront of H.no.75 Balaji Nagar and Infront of Seema Beauty Parlour Durgesh Vihar W-66, Z-15 Second Call | 27,18,688/- | 07 May 25 | 05:30 PM |
| 2 | 2025_UAD_409456_2 | Construction of First Floor at Govt. School Narela W-66 Z-15 Second Call | 16,94,857/- | 07 May 25 | 05:30 PM |

नोट- संशोधन वेबसाईट पर ही देखे जा सकेंगे समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं होगे ।
नि.क्र. : 1687/025/026
कार्यालय यंत्री (सिविल)
नगर निगम भोपाल



**कार्यालय नगर पालिका परिषद विदिशा (म.प्र.)**
क्रमांक/2871 to 2873/स्वास्थ्य शाखा/2025 ई. निविदा आमंत्रण सूचना विदिशा दिनाँक 21/04/2025
नगर पालिका परिषद विदिशा द्वारा निम्न कार्य हेतु ई.निविदाओं का आमंत्रण किया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र. | निविदा क्रं. | ई-टेन्डर नं. | कार्य का विवरण | निविदा विवरण | कार्य की अनुमानित लागत | अमानत राशि | ई-निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण की समयावधि | ई-निविदा क्रय अंतिम दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2871 | 2025_UAD_418342_1 | supply of material for road repair work/ screw repair work under the body in the financial year 2025-26. | 1 Call | 4000000.00 | 30000.00 | 5000.00 | 12 Month | 9/5/2025 |
| 2 | 2872 | 2025_UAD_418352_1 | Supply of CRM and copra/murum in the financial year 2025-26 | 1 Call | 3000000.00 | 22500.00 | 5000.00 | 12 Month | 9/5/2025 |
| 3 | 2873 | 2025_UAD_418370_1 | supply of material for Renovation work under the body in the financial year 2025-26 | 1 Call | 2500000.00 | 18750.00 | 5000.00 | 12 Month | 9/5/2025 |

1- निविदा प्रपत्र क्रय, डाउन लोड़, करने एवं निविदा से सम्बन्धित समस्त शर्ते एवं जानकारी https://www.mpetenders.gov.in से एवं नगर पालिका परिषद विदिशा की स्वा. शाखा से प्राप्त की जा सकती है। इसके बाद किसी प्रकार का संशोधन होने पर वेबसाईट पर या कार्यालय से जानकारी प्राप्त होगी संशोधन का प्रकाशन समाचार पत्र में नहीं किया जावेगा।
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद विदिशा



**कार्यालय थाना प्रभारी थाना एमपी नगर जिला भोपाल**
क्र./था.प्र./एमपी नगर/भो./मर्ग. क्र. 10/25 दिनांक 21.04.25
// जाहिर सूचना //





दिनांक 25/03/25 को सूचना मिली कि चेतक ब्रिज के नीचे रेल्वे ट्रेक एमपी नगर भोपाल तरफ जाने वाले रेलवे ट्रेक पर अज्ञात पुरूष का ट्रेन से एक्सीडेंट होने से मृत पड़ा है कि सूचना पर मर्ग क्रमांक 10/25 धारा 194 बीएनएसएस का कायम कर जाँच में लिया गया। मृतक का हुलिया उम्र करीबन 40 साल, रंग गेंहुआ, चेहरा गोल, कद 5 फीट 4 इंच, बदन गठीला, पहनावा नीले रंग की सफेद बूंदे की शर्ट, जैकेट, जिंस का पेंट, काथई रंग की लक्स वीनस की चड्डी तथा पेंट में काले रंग का लेदर का बेल्ट पहने हैं। अतः अज्ञात मृतक के परिवारजनों की तलाश पतारसी करने का कष्ट करें। सम्पर्क नंबर थाना एमपी नगर भोपाल के मोबाईल नंबर 7587628115 जांचकर्ता- 7049161023
थाना प्रभारी मोबाईल नंबर- 7000193066
थाना प्रभारी
थाना एमपी नगर, जिला - भोपाल
G-11872/25 " स्वच्छता ही सेवा "



आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644



**आवश्यक सूचना**
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक



**नाम परिवर्तन**
मैं दुर्गा प्रसाद पाल S/O हरलाल जी पाल पता: म.न. 2561 पंचवटी कॉलोनी फेस-03 बाईपास रोड, करोंद हुजूर भोपाल इसके माध्यम से सूचित करता हूँ कि मेरे भविष्य निधि खाता (GPF-01227908) में मेरा नाम गलती से दुर्गा प्रसाद राय लिखा गया है जो कि गलत है मेरा सही नाम दुर्गा प्रसाद पाल है। अतः भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जाए 1 शपथ पत्र क्रमांक- BF 345305 दिनांक 23-04-2025

**नाम परिवर्तन**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम Anurudh Singh Thakur था। जो मेरी दसवीं की मार्कशीट में दर्ज है। किंतु अब मेरा नाम परिवर्तित होकर Anurudh Thakur हो गया है। अतः अब मुझे मेरे इसी नए नाम Anurudh Thakur S/O Naresh Thakur से जाना व पहचाना जाए। ADDRESS : Parvaliyasani, Arwaliya, Bhopal (M.P.) - 462038

**नाम परिवर्तन**
मैं, जगदीश वंशकार पुत्र श्री मथुरा प्रसाद आयु वयस्क निवासी ग्राम झिरनिया कोलूखेड़ी कोलू खेड़ी भोपाल म.प्र. का निवासी हूं। मेरी पुत्री का शासकीय व अशासकीय दस्तावजों में नाम खुशी (Khushi) है। व अन्य शासकीय अशासकीय दस्तावेजों में मेरी पुत्री का नाम खुशबू वंशकार (Khushbu Vanshkar) है भविष्य में मेरी पुत्री को खुशबू वंशकार (Khushbu Vanshkar) के नाम व सरनेम से जाना पहचाना जाये शपथ पत्र क्रमांक- BF 666374



हरिभूमि
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
@ Rs. 1200/- साइज (फिक्स) 12X4 cm
अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2025 से लागू
बुकिंग के लिए संपर्क करें। मो. 9407279644



छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।





18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 इन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सेक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक
घर बैठे मंगवायें। लाभ नहीं तो पैसे वापिस।
08116592844
R- 22/04/25 to 16/06/25 not = April 27,29 may = 4,11,12,18,25, june=1,8,15



हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644
प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910
Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644
नये दागों का आना तुरन्त बंद





सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपाइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल


## राशिफल

**मेष** – मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृष** – पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** – संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं।

**कर्क** – आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह** – आत्मसंयत रहें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

**कन्या** – मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकता है। भागदौड़ बढ़ सकती है। खर्च बढ़ेंगे।

**तुला** – आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु शान्ति बताये रखने के लिए प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

**वृश्चिक** – मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**धनु** – आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें।

**मकर** – मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि हो सकते हैं। तनाव रहेगा।

**कुंभ** – मन शान्त तो रहेगा, परन्तु फिर भी संयत भी रहें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन की अधिकता रहेगी।

**मीन** – मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

## शब्द पहेली - 5846

**बाएँ से दाएँ**
1.कार्य,काम-2
2.अग्नि,अनल-2
3.संग,संगत-2
4.मदिरा,शराब-2
6.चुटीली बात-2
7.उम्मीद-2
8.समाचार,सूचना-3
9.भगवान कृष्ण के खेल-2
10.छाया,परछाई-2
11.कहासुनी-3
12.जी,चित-2
13.निशा-2
14.पासों का खेल-3
16.करीना की फिल्म-2
17.आगे वाला-3
18.सीधा,सरल-2
19.वीर,बहादुर-2
20.दलदल,गाद-3
21.तांत,टेलीग्राम -2
22.वंश,खानदान-2
23.नशा,नशापानी-3
24.चिट्ठी,पत्र-2
26.सही का विलोम-3
27.ठिकाना-2
28.प्राण,दम-2
29.नरक (उर्दू-3)
30.बीता हुआ दिन-2
31.पोखर,तालाब-2
32.हताहत-3
33.दर,मूल्य-2
34.आयु-2
36.अंधकार-2
37.पांव,पैर-2
38.कान्हा-2
39.टैक्स,हाथ-2

**ऊपर से नीचे**
1.समय,वक्त-2
2.आगमन-2
3.पति की मां-2
4.भोर,सवेरा-3
5.झगड़ा-2
6.लॉक,द्वारयंत्र-2
7.धाय,नर्स,दाई-2
8.अवरोध,रुकावट-3
9.मगन,मग्न-2
10.सप्त,सप्तम-2
11.लक्ष्मी,रमा-3
12.मौज,मजा-2
13.महाराजा-2
14.घिसन,रगस-3
15.गमन,जाना-2
16.पुनः,वापस-2
17.स्थिर-3
18.निष्कर्ष-2
19.कांटा-2
20.मूल्य,दाम-3
21.पितामह-2
22.मजदूर-2
23.ईश्वर-3
24.भूल,गलती-2
25.मछली-2
26.नगमा-3
27.क्षण-2
28.पाश-2
29.दूसरा-3
30.थोड़ा-2
31.तांबा-2
32.हमला-2
33.कलंक-2
34.गरम-2
35.मयूर-2

**शब्द पहेली -5845 का हल**

## सूडोकू नवताल - 5856

कठिनतम

सूडोकू नवताल - 5855 का हल

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

आज राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस

# राष्ट्रीय सूचकांक में गुजरात की 346 'अग्रणी' व 13,781 पंचायतें 'निष्पादक' श्रेणी में सबसे आगे

## यह उपलब्धि जमीनी स्तर पर सतत विकास लक्ष्यों के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता दर्शाती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गांधीनगर

भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय द्वारा वित्त वर्ष 2022-23 के लिए जारी किए गए पहले पंचायत उन्नति सूचकांक (पीएआई) में गुजरात ने ग्रामीण शासन और सतत विकास में एक नया मानदंड स्थापित किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, जिनका मंत्र 'सशक्त गांव, समृद्ध राष्ट्र' है और मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के परिणामोन्मुखी शासन के तहत, गुजरात ने ग्रामीण विकास में यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। उल्लेखनीय है कि 24 अप्रैल को मनाया जाने वाला राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस 73वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1992 के कार्यान्वयन का प्रतीक है, जिसने ग्रामीण भारत में पंचायती राज व्यवस्था की स्थापना की और स्थानीय स्वशासन को मजबूत किया।

इस अवसर के अनुरूप, पंचायत उन्नति सूचकांक में गुजरात की हालिया मान्यता इसके मजबूत जमीनी स्तर के शासन और सतत ग्रामीण विकास में नेतृत्व को दर्शाती है। पंचायत उन्नति सूचकांक (पीएआई) में, देश भर में कुल 2,16,285 मान्य ग्राम पंचायतों में से, गुजरात की 346 पंचायतों को 'अग्रणी' और 13, 781 को 'निष्पादक' के रूप में वर्गीकृत किया गया है, जो देश भर में दोनों श्रेणियों में सबसे अधिक है। तेलंगाना ने 270 'अग्रणी' पंचायतों के साथ दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि 'निष्पादक' श्रेणी में, महाराष्ट्र 12,242 पंचायतों के साथ दूसरे स्थान पर रहा, उसके बाद तेलंगाना 10,099 के साथ दूसरे स्थान पर रहा। वर्ष 2022-23 के लिए पीएआई के आंकड़ों के अनुसार, देश की कुल 2,55,699 ग्राम पंचायतों में से 2,16,285 ने वैध डेटा प्रस्तुत किया। उनमें से 699 को 'अग्रणी', 77, 298 को 'निष्पादक' और 1,32,392 को 'आकांक्षी' पंचायतों के रूप में पहचाना गया।

पीएआई के राज्य नोडल अधिकारी और गुजरात सरकार के पंचायत विभाग के अतिरिक्त विकास आयुक्त डॉ. गौरव दहिया (आईएएस) ने इस उल्लेखनीय उपलब्धि के पीछे राज्य की रणनीति पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि जमीनी स्तर पर विकास और सतत विकास लक्ष्यों के स्थानीयकरण के प्रति गुजरात की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाती है। समीक्षा बैठकों की एक श्रृंखला, कई क्षमता निर्माण सत्र और सभी स्तरों पर समन्वित प्रयासों ने इस सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। गुजरात की पंचायतों ने डेटा-संचालित योजना और प्रभावी अंतर-विभागीय अभिसरण का एक उल्लेखनीय उदाहरण स्थापित किया है। 'विकसित पंचायत' के दृष्टिकोण पर आधारित, राज्य साक्ष्य-आधारित सुशासन के माध्यम से माननीय प्रधान मंत्री के 'विकसित भारत' के सपने को साकार करने की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है।



मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल

### महिला-अनुकूल पंचायतें

*भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय द्वारा जारी पंचायत उन्नति सूचकांक (पीएआई) एक व्यापक मूल्यांकन उपकरण है जो स्थानीयकृत सतत विकास लक्ष्यों (एलएसडीजी) के विरुद्ध 2,50,000 से अधिक ग्राम पंचायतों की प्रगति को मापता है। जमीनी स्तर पर विकास को मापने और पंचायतों की भूमिका को मजबूत करने के लिए एक ऐतिहासिक पहल के रूप में मान्यता प्राप्त, पीएआई नौ प्रमुख विषयों पर प्रदर्शन का मूल्यांकन करता है: गरीबी मुक्त और बेहतर आजीविका वाली पंचायतें, स्वस्थ पंचायतें, बच्चों के अनुकूल पंचायतें, पानी से भरपूर पंचायतें, स्वच्छ और हरी-भरी पंचायतें, आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचे वाली पंचायतें, सामाजिक रूप से न्यायसंगत और सुरक्षित पंचायतें, सुशासन वाली पंचायतें और महिला-अनुकूल पंचायतें। यह मूल्यांकन 435 अद्वितीय स्थानीय संकेतकों और 566 डेटा बिंदुओं पर आधारित है।*

परमाणु रिएक्टर क्षेत्र में पहला कदम

# एमईआईएल को एनपीसीआईएल से 12,800 करोड़ की परमाणु विद्युत परियोजना का ऑर्डर

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

हैदराबाद स्थित मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। कंपनी को भारतीय परमाणु ऊर्जा निगम लिमिटेड से कर्नाटक में दो 700 मेगावाट के परमाणु रिएक्टर - कैगा यूनिट 5 और 6 - के निर्माण के लिए 12,800 करोड़ रुपये का ऑर्डर मिला है।

एनपीसीआईएल द्वारा दिया जाने वाला अभी तक का सबसे बड़ा प्रोजेक्ट है। वहीं मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड का परमाणु रिएक्टर क्षेत्र में पहला कदम है, जो भारत की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में काफी मददगार साबित होगी।

### एमईआईएल का था इन दिग्गजों से मुकाबला



मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड को कर्नाटक में दो 700 मेगावाट क्षमता के परमाणु रिएक्टर कैग यूनिट 5 और 6 के निर्माण का ऑर्डर कई दिग्गजों को पीछे छोड़ने पर मिला है. इस ऑर्डर के लिए बीएसईएल और एलएंडटी जैसी दिग्गज कंपनियों ने भी बोली लगाई थी, लेकिन भारतीय परमाणु ऊर्जा निगम लिमिटेड ने गुणवत्ता और लागत दोनों को समान रखते हुए एमईआईएल को परमाणु रिएक्टर तैयार करने का ऑर्डर दिया. ये ऑर्डर एनपीसीआईएल के मुंबई मुख्यालय में सीएच. पी. सुब्बैया, निदेशक, एमईआईएल (परियोजनाएं) और उनकी टीम द्वारा सौंपा गया।


## जाहिर सूचना

मेरा पक्षकार रीतेश साहू आ.श्री हुकमचंद साहू निवासी वार्ड क्र. 8 बैरसिया का निवासी है तथा उसके द्वारा वर्ष 2021 में श्रीमती अनीता वाथम पत्नि शोभाराम जाति वाथम निवासी वार्ड क्र. 8 बैरसिया जिला भोपाल म.प्र. से एक अनुबंध पत्र निष्पादित किया था जिसकी शर्त अनुसार मेरे पक्षकार से ली गई 70,000/- रुपए की राशि 20/11/2021 तक वापिस करने का लेख किया था। तथा वापिस नही करने की दशा में अनीता वाथम के स्वत्व स्वामित्व के एक किता दो मंजिला भवन स्थित वार्ड क्र. 9 मकान नंबर 54 कुम्हार वाली गली बैरसिया जो 327.57 वर्गफिट का मेरे पक्षकार के पक्ष में रजिस्ट्री करने का लेख किया था जिसके पेटे मेरे पक्षकार से कई बार आपके उक्त पते पर सूचना के माध्यम से अवगत कराया गया परन्तु आपके द्वारा कोई संतोष जनक उत्तर नही दिया । तथा 30/09/2024 को आपके द्वारा रजिस्ट्री कराने के संबंध में मेरे पक्षकार से वातार्लाप की और मार्च 2025 में उक्त भवन की रजिस्ट्री कराने का वादा किया था। मेरे पक्षकार मार्च 2025 के पश्चात कई बार आपसे सपंर्क करने का प्रयास करता रहा परन्तु आप का कोई पता नही मिल रहा है इस कारण इस जाहिर सूचना के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर मेरे पक्षकार के पक्ष में रजिस्टर्ड विक्रय पत्र निष्पादित करा देवे।

भवदीय **मोहम्मद तारिक खान** एडवोकेट
वार्ड नं. 7 जवाहर वार्ड बैरसिया भोपाल (म.प्र.)
मो.नं. 9907650143

## न्यायालय तहसीलदार वृत्त-3 तहसील हुजूर जिला भोपाल म.प्र.

प्रकरण क्रमांक-657/अ-6-अ/2024-25
ग्राम नीलबड़ दिनांक 21.04.2025

// उद्घोषणा पत्र //

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री नरसिंह रंगा आत्मज स्व.श्री हुक्मी चन्द रंगा पता शारदा चौक नागपुर रोड मदन महल जबलपुर, म.प्र. के द्वारा अपने स्वत्व की ग्राम नीलबड़, प.ह.न. 51, तहसील हुजूर, भोपाल में स्थित भूमि खसरा क्रमांक 502/2 कुल रकबा 0.2340हे. भूमि का राजस्व नक्शा दुरूस्त करने के संबंध में म.प्र.भू. राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। प्रकरण में राजस्व निरीक्षक/पटवारी ग्राम द्वारा मौका जांच के प्रक्रम में सरहदी भूमि खसरा क्रमांक 500, 501, 502 एवं 503 के राजस्व नक्शे में भी सुधार किया जाना आवश्यक है। ऐसे में मौका जांच दिनांक 18.04.2025 में उपस्थित हितबद्ध पक्षकारों को सूचित किया जा चुका है। अतः उक्त राजस्व नक्शा दुरूस्ती के प्रकरण में प्रचलित कार्यवाही के विरूद्ध किसी व्यक्ति/हितबद्ध पक्षकार/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 01.05.2025 को अथवा इसके पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**तहसीलदार**
**तहसील -हुजूर भोपाल म.प्र.**


## बिजनेस न्यूज

### भारत में पहली बार खादी और ग्रामोद्योग का कारोबार 1 लाख 70 हजार करोड़ रुपए के पार



भोपाल। देश के खादी और ग्रामोद्योग ने वित्तवर्ष 2024-25 में उत्पादन, बिक्री और नये रोजगार सृजन का नया रिकॉर्ड बनाया है। बीते 11 वर्षों में बिक्री में 447 प्रतिशत, उत्पादन में 347 प्रतिशत और रोजगार सृजन में 49.23 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है। वहीं, वित्त वर्ष 2023-24 में वर्ष 2013-14 की तुलना में बिक्री में 399.69 फीसदी और उत्पादन में 314.79 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गयी थी। केवीआईसी अध्यक्ष मनोज कुमार ने सोमवार को यह जानकारी दी है। खादी और ग्रामोद्योग के अध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि केवीआईसी के इस शानदार प्रदर्शन ने वर्ष 2047 तक 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करने और भारत को विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में बड़ा योगदान दिया है। उन्होंने इस ऐतिहासिक उपलब्धि का श्रेय पूज्य बापू की प्रेरणा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी, एमएसएमई मंत्रालय के मार्गदर्शन और देश के सुदूर गांवों में कार्यरत करोड़ों कारीगरों की अथक मेहनत को दिया है। उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2013-14 में खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों का उत्पादन जहां 26109.07 करोड़ रुपए था, वहीं वित्त वर्ष 2024-25 में यह करीब चार गुना बढ़कर 347 प्रतिशत के उछाल के साथ 116599.75 करोड़ रुपए पहुंच गया। जबकि वित्त वर्ष 2013-14 में बिक्री जहां 31154.19 करोड़ रुपए थी, वहीं करीब पांच गुना बढ़कर 447 प्रतिशत की अभूतपूर्व वृद्धि के साथ यह वित्त वर्ष 2024-25 में 170551.37 करोड़ रुपए पहुंच गई, जो कि अब तक की सर्वाधिक बिक्री है।पिछले 11 वर्षों में खादी कपड़ों के उत्पादन में भी अभूतपूर्व वृद्धि देखने को मिली है। वित्त वर्ष 2013-14 में जहां खादी कपड़ों का उत्पादन 811.08 करोड़ रुपए था वहीं, 366 प्रतिशत उछाल के साथ यह साढ़े चार गुना बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में यह 3783.36 करोड़ रुपए के आंकड़े तक पहुंच गया, जो कि अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। खादी कपड़ों की बिक्री में भी जबरदस्त उछाल आया है। वित्त वर्ष 2013-14 में जहां इसकी बिक्री सिर्फ 1081.04 करोड़ रुपए थी, वहीं वित्त वर्ष 2024-25 में 561 प्रतिशत वृद्धि के साथ यह करीब साढ़े छह गुना बढ़कर 7145.61 करोड़ रुपए पहुंच गई। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा बड़े मंच से खादी का प्रचार करने का व्यापक असर खादी के कपड़ों की बिक्री पर पड़ा है।

### सैम ग्लोबल विवि ने आयोजित किया तीन दिवसीय समदान अन्नदान अभियान



भोपाल। सैम ग्लोबल विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा आयोजित तीन दिवसीय समदान अन्नदान अभियान 2025 का सफलतापूर्वक समापन हुआ। आदमपुर छावनी ग्राम में 25 जरूरतमंद घरों में अन्न दान किया गया। इसके अलावा पडरिया ग्राम और कंकाली देवी मंदिर के पास के गाँव में अन्न दान किया गया, जिसमें 40 जरूरतमंद घरों को लाभ पहुंचाया गया। जबकि बिलखेरिया ग्राम में 35 जरूरतमंद घरों में अन्न दान किया गया। इस तीन दिवसीय अभियान में कुल 100 जरूरतमंद घरों में अन्न दान किया गया।

### पैरामेट्रिक्स की शेयर बायबैक, विकास की नई उड़ान

मुंबई। पैरामेट्रिक्स टेक्नॉलॉजीज लिमिटेड ने अपनी इक्विटी शेयरों की रणनीतिक बायबैक योजना की घोषणा की है। यह कदम कंपनी के मज़बूत मूलभूत ढांचे और उज्ज्वल विकास पथ पर बोर्ड के विश्वास को दर्शाता है। यह बायबैक पहल पूंजी संरचना को संतुलित करने और शेयरधारकों को अधिकतम मूल्य प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। कंपनी 4,60,800 पूरी तरह से भुगतान किए गए इक्विटी शेयरों की पुनर्खरीदी करेगी, जो 31 मार्च 2024 और 31 मार्च 2025 को पूरी तरह से भुगतान किए गए इक्विटी शेयरों का क्रमशः 5.27 फीसदी और 4फीसदी का प्रतिनिधित्व करते हैं। यह पुनर्खरीदी टेंडर ऑफर मार्ग के माध्यम से 130 रुपए प्रति शेयर के मूल्य पर की जाएगी, जिसका कुल खर्च 5.99 करोड़ होगा।

### पार्क मेडी ने सेबी में डीआरएचपी दाखिल किया

मुंबई। पार्क मेडी वर्ल्ड लिमिटेड ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल किया है। कंपनी ने आरंभिक सार्वजनिक पेशकश के माध्यम से इक्विटी शेयरों की पेशकश के माध्यम से 12600 मिलियन (1260 करोड़) तक के फंड जुटाने की योजना बनाई है। इस प्रस्ताव में कुल 9600 मिलियन तक के इक्विटी शेयरों का ताजा निर्गम और विक्रय शेयरधारकों द्वारा कुल 3000 मिलियन तक का बिक्री प्रस्ताव शामिल है।


## कार्यालय संचालक, वन विद्यालय, बैतूल (म.प्र.)

E:Mail: dirfts.btl@mp.gov.in , (07141) 234386

क्रमांक / व्यय / 244 बैतूल, दिनांक 19/04/2025

// ई-निविदा सूचना //

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वन वृत्त, बैतूल के वन विद्यालय, बैतूल अंतर्गत निम्नानुसार "अनुदेशक आवास" सामग्री / मजदूरी सहित निर्माण हेतु ई निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र, शर्ते एवं विस्तृत जानकारी हेतु म.प्र. शासन की वेबसाईट https://mptenders.gov.in एवं www.mpforest.gov.in पर लॉग ऑन करें। निविदा प्रपत्र का मूल्य राशि रुपए 2000.00 तथा सत्यंकार की राशि रुपए 96,180.00 है। निविदा प्रपत्र ऑन-लाईन ही क्रय किया जा सकेगा एवं निविदा ऑनलाईन ही प्रस्तुत करने पर मान्य होगी।

निर्माण कार्य का विवरण

| क्र. | स्थल का नाम | कार्य का नाम | कार्य मात्रा | कार्य अनुसार (कुल स्वीकृत राशि लाख में) | निविदा की राशि (18% जी.एस.टी. छोड़कर) राशि लाख में | स्पेसिफिकेशन |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वन विद्यालय, बैतूल | अनुदेशक (सहायक वनसंरक्षक) आवास निर्माण कार्य | 01 भवन | 32.06 | 28.35 | संलग्न प्रोजेक्ट अनुसार |

| क्र. | सामग्री / कार्य का नाम |
|---|---|
| 1. | लोहा (टन में) 6 mm, 8 mm, 10 mm, 12 mm, 16 mm ISI (TMT) |
| 2. | सीमेंट 43 ग्रेड (ISI) स्टेण्डर्ड बेग, (मेजर ब्रांड) |
| 3. | रेत (नदी) उच्च गुणवत्ता |
| 4. | M Sand (IS-383:1970 grade) |
| 5. | गिट्टी ग्रेनाईट/ब्लैक बेसाल्ट 20 mm, 40 mm |
| 6. | मुरूम |
| 7. | फ्लाई ऐश ईट Bricks ( 20x10x10 cm ) |
| 8. | लाल इंट Red Bricks ( 20x10x 10 cm ) |
| 9. | टाईल्स विट्रीफाईड ISI 2'X 2' Single Charge |
| 10. | टाईल्स विट्रीफाईड ISI 2'X 2' Multi Charge & Double Charge |
| 11. | टाईल्स ग्लेज ISI 12"X 18", 12"X 18" (Waterproof) |
| 12. | हाइड्रोलिक पेंविग ब्लाक्स 60 एम.एम. प्रति नग (Coloured & Polished) |
| 13. | पेन्ट (पुट्टी सहित) इंटीरियर व एक्सटीरियर (वाटरप्रूफ) एशियन पेन्ट्स, इण्डिगो, बिरला ओपस |
| 14. | एल्यूमिनियम- अ) विण्डो फ्रेम 3 ट्रैक स्लाइडिंग (2 ग्लास + 1 मॉस्किटो मेस शटर) ब) फ्लाईप्रूफ आउटर डोर्स |
| 15. | मॉड्यूलर किचन- उच्च गुणवत्ता मटेरियल का बनाया जाना है। |
| 16. | इलेक्ट्रिकल आईटम्स-स्विच, वायर एवं अन्य (आईएसआई)-हैवेल्स / एंकर/आर. आर. आदि उच्च गुणवत्ता के लगाये जाने है। |
| 17. | प्लम्बिंग आईटम्स- आशीर्वाद / प्लास्टो पाईप, सेनेटरी आईटम्स जैक्वार/सेरा/हिन्दवेयर आदि उच्च गुणवत्ता के लगाये जाने है। |
| 18. | 100 रनिंग मीटर कम्पाउण्ड मैन गेट फेब्रीकेटेड आइरन उच्च गुणवत्ता के लगाये जाना है। |
| 19. | दरवाजें चौखट साल / हल्दू दीमकरोधी, पल्ले लेमिनेटेड वाटरप्रूफ प्लाई फ्लश डोर ISI Mark. |
| 20. | पैराफिट वॉल 3 फिट ऊंची छत पर बनाया जाना है। |
| 21. | सीढी के ऊपर टॉवर बनाया जाना है। |
| 22. | कोर्ट यार्ड में टिन शेड बनाया जाना है। |
| 23. | छत पर 1500 लीटर पानी की टंकी फिटिंग सहित लगाई जानी है। |
| 24. | कोटा स्टोन आलमारी साईज 7x4 feet 20" deep की सभी 3 कक्षों में लगाया जाना है। |
| 25. | 300 वर्गफिट गैराज निर्मित किया जाना है। |
| 26. | 100 रनिंग मीटर बाउण्ड्रीवॉल निर्मित की जानी है। |
| 27. | एस्टीमेट अनुसार शेष सभी कार्य |

Note
1. All are work with material and labour.
2. Materials (as per South Betul Tender documents)
3. Remaining Material specification as per estimate

निविदा का कुल मूल्य लगभग रुपए 32,06,000/- (समस्त करों एवं कर्मकार कल्याण राशि सहित) हैं। निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होने की स्थिति में संशोधन की जानकारी वेबसाईट पर दी जाएगी।

| क्र. | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | Publishing Date | 25-04-2025 | निविदा ऑन लाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर दर्शित हैं। |
| 2 | Document Download / Sale Start Date | 28-04-2025 | |
| 3 | Seek Clarification Start Date | 28-04-2025 | |
| 4 | Seek Clarification End Date | 29-04-2025 | |
| 5 | Bid Submission Start Date | 29-04-2025 | |
| 6 | Pre bid meeting | 02-05-2025 | |
| 7 | Bid Submission Closing Date | 07-05-2025 | |
| 8 | Bid Opening Date | 09-05-2025 | |

1. प्रथम निविदा ऑनलाईन दिनांक 09-05-2025 को किसी फर्म की निविदा प्राप्त नहीं होने की दशा में विद्यालय द्वारा ऑफलाईन द्वितीय निविदा 14-05-2025 तथा तृतीय निविदा 19-05-2025 को आयोजित की जावेगी।

2. प्रथम निविदा में सामग्री / मजदूरी सहित निर्माण दर यदि मार्केट (बाजार) से अधिक पाई जाती या दर्शित दर विद्यालय के बजट को प्रभावित करती है अथवा सामग्री / मजदूरी सहित निर्माण की दर प्राप्त नहीं होने पर निविदा निरस्त किये जाने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित रहेगा।

(विजयानन्तम टी.आर.) भा.व.से.
संचालक, वन विद्यालय, बैतूल

G-11873/25 " स्वच्छता ही सेवा "



इंडियन बैंक Indian Bank
इलाहाबाद ALLAHABAD

बीएचईएल टाउनशिप शाखा
बीएचईएल, बी-सेक्टर पिपलानी के पास, भोपाल, म.प्र.- 462022
e-mail: b797@indianbank.co.in
phone:-0755-2994075

## विलफुल डिफॉल्टर स्क्रीनिंग कमेटी के निर्णय / आदेशों को विलफुल डिफॉल्टर के रूप में वर्गीकृत करने के बारे में उधारकर्ता को सूचना पत्र

प्रति,
**मेसर्स आर एस ऑटोमोबाइल्स** (ऋणी फर्म)
**2. श्री राधेश्याम विश्वकर्मा (पार्टनर एवं जमानतदार )**
**3. श्रीमती रानी विश्वकर्मा (पार्टनर, जमानतदार एवं बंधककर्ता)**
**1.कार्यालय का पता :** गीता नगर, 1 विदिशा रोड, भानपुर, भोपाल (म.प्र.) 462037
**2. फैक्ट्री का पता :** प्लॉट नंबर 15, ओडीडी टाइप सेक्टर-ए, जुम्बर बागरी, जिला-विदिशा म.प्र. 464001
**वर्तमान पता :** 626, प्रीमियर ऑर्चर्ड, पीपुल्स कैंपस, भानपुर (म.प्र.)462010
मकान नं. 27, शिवनगर कॉलोनी, बैरसिया रोड तहसील हुजूर, भोपाल
**वर्तमान पता :** 626, प्रीमियर ऑर्चर्ड, पीपुल्स कैंपस, भानपुर (म.प्र.)462010
24, पूजा कॉलोनी, करोंद, तहसील हुजूर, जिला-भोपाल (म.प्र.)-462016

प्रिय महोदय,
मेसर्स आर एस ऑटोमोबाइल्स ने हमारी बीएचईएल टाउनशिप शाखा से क्रेडिट सुविधाएं प्राप्त की हैं। खाता 30.11.2024 को एनपीए हो गया। दिनांक 08.04.2025 को कुल बकाया राशि 1.50 करोड़ रुपये है। ऋणी फर्म **मेसर्स आर एस ऑटोमोबाइल्स और उसके पार्टनर्स एवं गारंटर श्री राधेश्याम विश्वकर्मा एवं श्रीमती रानी विश्वकर्मा** द्वारा किए गए चूक या कमीशन की वजह, जिसके कारण खाता डिफॉल्ट हो गया है, की जांच आरबीआई दिशानिदेर्शों में निर्धारित दिशानिर्देशों के अनुसार विलफुल डिफॉल्टर पहचान समिति **(WDIC)** द्वारा दिनांक 09.01.2025 को की गई थी।
समिति ने प्रथम दृष्टया पाया कि अनियमितताएं/चूक विलफुल डिफॉल्टर के रूप में वर्गीकृत किए जाने के मानदंडों को पूरा करती हैं और तदनुसार ऋणी फर्म **मेसर्स आर एस ऑटोमोबाइल्स और उसके पार्टनर्स एवं गारंटर श्री राधेश्याम विश्वकर्मा एवं श्रीमती रानी विश्वकर्मा** को विलफुल डिफॉल्टर के रूप में वर्गीकृत करने के लिए कारण बताओ नोटिस (एससीएन) जारी करने को मंजूरी दी।
कारण बताओ नोटिस (एससीएन) निम्नवर्णित तीन कॉलम की तालिका में उल्लिखित जानबूझकर चूक के आधार की विधिवत जानकारी देते हुए, ऋणी फर्म **मेसर्स आर एस ऑटोमोबाइल्स और उसके पार्टनर्स एवं गारंटर श्री राधेश्याम विश्वकर्मा एवं श्रीमती रानी विश्वकर्मा** को दिनांक 30.01.2025 के पत्र के माध्यम से भेजा गया था कि उन्हें अपनी शिकायत/प्रस्तुति यदि कोई हो, प्रस्तुत करने के लिए 21 दिनों का समय देकर 'जानबूझकर चूककर्ता' के रूप में वर्गीकृत क्यों न किया जाए।
**एससीएन जारी करना और उसका जवाब:**
डब्लूडीआईसी के दिनांक 09.01.2025 के निदेर्शानुसार उपरोक्त ऋणी फर्म **मेसर्स आर एस ऑटोमोबाइल्स और उसके पार्टनर्स एवं गारंटर श्री राधेश्याम विश्वकर्मा एवं श्रीमती रानी विश्वकर्मा** को दिनांक 30.01.2025 के पत्र के माध्यम से कारण बताओ नोटिस (एससीएन) जारी किया गया था। एससीएन उनको प्राप्त हो गया। कारण बताओ नोटिस के जवाब में एससीएन के खिलाफ श्री राधेश्याम विश्वकर्मा से जवाब प्राप्त हुआ। एससीएन की सर्विसिंग के परिणाम आगे के विचार-विमर्श के लिए डब्ल्यूडीआईसी के समक्ष रखा गया था।
**विलफुल डिफॉल्टर आइडेंटिफिकेशन कमेटी ने 08.11.2024 को बैठक की, जिसमें निम्नलिखित सदस्य शामिल थे:**
**1. सुश्री माया नागराजन, मुख्य महाप्रबंधक, अध्यक्ष**
**2. श्री राम कुमार दास, मुख्य महाप्रबंधक, सदस्य और**
**3. श्री राकेश सहगल, महाप्रबंधक, सदस्य**
विलफुल डिफॉल्टर आइडेंटिफिकेशन कमेटी ने दर्ज किया कि 30.01.2025 को कारण बताओ नोटिस (एससीएन) ऋणी फर्म **मेसर्स आर एस ऑटोमोबाइल्स और उसके पार्टनर्स एवं गारंटर श्री राधेश्याम विश्वकर्मा एवं श्रीमती रानी विश्वकर्मा** को शाखा प्रबंधक, बीएचईएल टाउनशिप शाखा द्वारा जारी किया गया था और सभी नोटिस ट्रैकिंग विवरण रिपोर्ट के अनुसार वितरित किए गए थे।
श्री राधेश्याम विश्वकर्मा ने कारण बताओ नोटिस का जवाब दिया है। ऋणी फर्म, उसके पार्टनर्स और गारंटरों ने कारण बताओ नोटिस का जवाब दिया है श्री राधेश्याम विश्वकर्मा का उत्तर मान्य/स्वीकार्य नहीं पाया गया तथा उसका विवरण नीचे दिया गया है

| भारतीय रिजर्व बैंक (जानबूझकर चूककर्ताओं और बड़े चूककर्ताओं के साथ व्यवहार) निर्देश, 2024 के पैरा 3 (1) (टी) का प्रासंगिक खंड | ऋणी/प्रमोटर्स/डायरेक्टर्स/जमानतदारों द्वारा की गई चूक या कमीशन के कृत्यों का खुलासा करने वाले जानबूझकर चूक के साक्ष्य, जिसके आधार पर जानबूझकर चूककर्ता के रूप में वर्गीकरण किया जा सकें। | ऋणी कंपनी, उसके प्रमोटर्स/डायरेक्टर्स एवं जमानतदारों का प्रस्तुतीकरण (राधेश्याम विश्वास द्वारा उत्तर) | सबमिशन स्वीकार्य/अस्वीकार्य कारणों के साथ |
|---|---|---|---|
| **भुगतान करने की क्षमता लेकिन भुगतान करने को तैयार नहीं:** यूनिट के पास अपने दायित्वों को पूरा करने की क्षमता होने के बावजूद भी इसने अपने ऋण दाता को भुगतान/चुकौती संबंधी दायित्वों को पूरा करने में चूक की है। | दिनांक 12.08.2023 की परिसंपत्ति और देयता रिपोर्ट के अनुसार, पार्टनर्स/जमानतदारों की नेटवर्थ निम्नानुसार हैः (रु. करोड़ में)<br>नाम / दिनांक 12.08.2023 को नेटवर्थ / व्यवसाय में निवेश<br>1 श्री राधेश्याम विश्वकर्मा / 2.00 / 1.17<br>2 श्रीमती रानी विश्वकर्मा / 1.53 / 0.00<br>कुल / 3.53 / 1.17<br>इससे स्पष्ट रूप से संकेत मिलता है कि डायरेक्टर/जमानतदार के पास बैंक का बकाया चुकाने की क्षमता होने के बावजूद, उन्होंने स्वेच्छा से बैंक का बकाया नहीं चुकाया है। | ऋणी ने प्रस्तुत किया कि, हमारी अधिकांश निवल संपत्ति अचल संपत्तियों से आती है, जो पहले से ही आरएस ऑटोमोबाइल्स की सहयोगी कंपनी मेसर्स विश्वास ऑटोमोबाइल्स एलएलपी को स्वीकृत ऋण के विरुद्ध एसबीआई के पास बंधक हैं, इसलिए उनका उपयोग बैंक के बकाये के पुनर्भुगतान के लिए नहीं किया जा सका। | उनके नेटवर्थ सर्टिफिकेट के अनुसार, दोनों जमानतदारों की नेटवर्थ में 2 प्रॉपर्टीज का उल्लेख है, जिनकी कीमत 1.30 करोड़ रुपये है, जबकि दोनों गारंटरों की कुल नेटवर्थ 3.53 करोड़ रुपये है। हालांकि, 30.11.2024 को खाता NPA हो जाने के बाद उन्होंने कोई राशि नहीं चुकाई है। उन्होंने बिना किसी वैध दस्तावेज के केवल नेटवर्थ के बारे में तथ्य बताए हैं, इसलिए यह सबमिशन स्वीकार्य नहीं है। |
| **निधियों की हेराफेरी:** इकाई ने ऋणदाता को अपने भुगतान/पुनर्भुगतान दायित्वों को पूरा करने में चूक की है और निधियों को निकाल लिया है ताकि निधियों का उपयोग उस विशिष्ट उद्देश्य के लिए नहीं किया जा सके जिसके लिए वित्त का लाभ उठाया गया था , न ही इकाई के पास अन्य परिसंपत्तियों के रूप में धन उपलब्ध है | दिनांक 19.08.2023 को बीएचईएल टाउनशिप शाखा द्वारा ऋणी को 1.50 करोड़ रुपये की ऋण सुविधा स्वीकृत की गई थी। ऋणी द्वारा 31.08.2024 के लिए 02.09.2024 को प्रस्तुत स्टॉक स्टेटमेंट के अनुसार, समापन स्टॉक 2.04 करोड़ रुपये था और बुक डेट 0.56 करोड़ रुपये था। बाद में दिनांक 15.10.2024 को शाखा प्रबंधक / स्टॉक ऑडिटर द्वारा यूनिट विजिट रिपोर्ट के अनुसार, कोई स्टॉक नहीं मिला और ऑडिट के लिए कोई स्टॉक रजिस्टर/बिक्री/खरीद आदि रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं कराए गए। इसके अलावा 01.09.2024 से आज तक खाते में कुल क्रेडिट केवल 6.89 लाख रुपये है। इसलिए यह स्पष्ट है कि स्टॉक का निपटान कर दिया गया और आय को निकाल लिया गया। | इसके अलावा ऋणी ने यह भी कहा कि उन्होंने अपनी अवरुद्ध कार्यशील पूंजी को वापस पाने के लिए अंतिम प्रयास के रूप में अपना स्टॉक स्क्रैप के रूप में बेच दिया है, क्योंकि बैंक अधिकारियों द्वारा निरीक्षण के समय स्टॉक उपलब्ध नहीं था। | ऋणी ने खुद स्वीकार किया है कि उन्होंने स्टॉक को स्क्रैप के रूप में बेचा है। ऋणी द्वारा दिनांक 02/09/2024 को प्रस्तुत स्टॉक विवरण के अनुसार, कुल स्टॉक का मूल्य 2.04 करोड़ रुपये था और 15.10.2024 को यूनिट विजिट के दौरान कोई स्टॉक नहीं मिला, इसलिए इस अवधि के बीच स्टॉक का निपटान किया गया। यहाँ ऋणी ने यह उचित नहीं ठहराया है कि एक महीने के भीतर स्टॉक स्क्रैप कैसे हो गया। 01.09.2024 के बाद जमा की गई राशि केवल 4.55 लाख रुपये है। इस प्रकार ऋणी का सबमिशन स्वीकार्य नहीं है। |
| **निधियों का दुरुपयोग:** ऋण सुविधा का उपयोग करके प्राप्त धनराशि को सहायक कंपनियों/समूह कंपनियों या अन्य संस्थाओं को, किसी भी तरीके से, ऋणदाता/संघ के सभी ऋणदाताओं की स्वीकृति के बिना स्थानांतरित करना | सीए एम डी माहेश्वरी एंड कंपनी द्वारा 16.10.2024 को प्रस्तुत स्टॉक ऑडिट रिपोर्ट और शाखा अधिकारी द्वारा यूनिट विजिट रिपोर्ट के अनुसार यह पाया गया कि यूनिट आर एस ऑटोमोबाइल नहीं मिली, बल्कि उसी स्थान पर मेसर्स विश्वास ऑटो एलएलपी के नाम से एक यूनिट चल रही थी। मेसर्स विश्वास ऑटो एलएलपी श्री राधेश्याम विश्वकर्मा की है। इससे स्पष्ट रूप से संकेत मिलता है कि ऋणी फर्म ने बैंकों का बकाया चुकाए बिना धन को नए व्यवसाय में लगा दिया है। | ऋणी ने कहा कि उसका इरादा कभी भी धन की हेराफेरी करने का नहीं था और वितरण व्यवसाय की दुर्भाग्यपूर्ण विफलता के बावजूद उसने खाते को नियमित रखने के लिए भरसक प्रयास किए। यह विफलता भोपाल क्षेत्र में एक अन्य वितरक की नियुक्ति पर मेसर्स अतुल ऑटो इलेक्ट्रिक वाहन के साथ विवाद के कारण हुई, जिसने बिक्री और व्यावसायिक व्यवहार्यता को नकारात्मक रूप से प्रभावित किया। उन्होंने केवल वितरण व्यवसाय की योजना बनाई थी। चूंकि अतुल ऑटो से कोई व्यवसाय नहीं था, इसलिए उन्होंने मेसर्स विश्वास ऑटोमोबाइल्स एलएलपी के व्यवसाय के लिए उपलब्ध किराये की जगह का उपयोग किया। यह भी कहा गया कि मेसर्स आरएसऑटोमोबाइल्स की जगह का उपयोग मेसर्स विश्वास ऑटोमोबाइल्स एलएलपी के व्यवसाय के विकास के लिए किया गया था ताकि अतिरिक्त राजस्व उत्पन्न किया जा सके जिसका उपयोग मेसर्स आरएस ऑटोमोबाइल के बकाए के भुगतान के लिए किया जा सकता है। उन्होंने आगे कहा कि वे अभी भी बैंक को बकाया भुगतान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। | स्वीकार किया गया कि वे यूनिट बंद कर चुके थे और अन्य यूनिट वहां काम कर रही थी, जिसके बारे में बैंक को सूचित नहीं किया गया था। इसके अलावा ऋणी ने किसी भी राशि का भुगतान नहीं किया है, बल्कि उसने स्टॉक को बेच दिया और बिक्री की आय को जमा नहीं किया है, जो ऋणी के इस सिद्धांत का खंडन है कि वे बैंक का ऋण भुगतान करने के लिए बेचे गए हैं। उधारकर्ता ने 25.10.2024 के बाद मेसर्स आर एस ऑटोमोबाइल्स के खाते में कोई राशि जमा नहीं की है, इसलिए यह भी विलफुल डिफॉल्ट का मामला है क्योंकि उसने स्वीकार किया है कि मेसर्स आर एस ऑटोमोबाइल्स के स्थान का उपयोग करके अतिरिक्त आय उत्पन्न की जा रही थी। इसलिए ऋणी का सबमिशन स्वीकार्य/ तर्कसंगत नहीं है, इसलिए हम खाते को विलफुल डिफॉल्टर के रूप में वर्गीकृत करने के लिए डब्ल्यूडीआरसी के समक्ष प्रस्ताव रखने की अनुशंसा करते हैं। |

इसके बाद, उचित विचार-विमर्श और रिकॉर्ड देखने के बाद, विलफुल डिफॉल्टर पहचान समिति ने सर्वसम्मति से ऋणी फर्म मेसर्स आर एस ऑटोमोबाइल्स और उसके पार्टनर्स और गारंटर श्री राधेश्याम विश्वकर्मा और श्रीमती रानी विश्वकर्मा को आरबीआई मास्टर सर्कुलर (विलफुल डिफॉल्टर्स और बड़े डिफॉल्टर्स का ट्रीटमेंट) 2024 के खंड 1. भुगतान करने की क्षमता लेकिन भुगतान करने के लिए अनिच्छुक, 2. निधियों का गबन और 3. निधियों का डायवर्जन के तहत विलफुल डिफॉल्टर घोषित करने को मंजूरी दे दी है।
उपरोक्त के मद्देनजर, हम आपको सूचित करते हैं कि WDIC ने आप सभी को 'विलफुल डिफॉल्टर' के रूप में वगीर्कृत करने के लिए WDRC के समक्ष एक प्रस्ताव रखने का निर्णय लिया है। WDIC के इस निर्णय की समीक्षा / पुष्टि RBI परिपत्र के तहत गठित WDRC द्वारा की जानी है जिसमें कार्यकारी निदेशक और 2 मुख्य महाप्रबंधक / महाप्रबंधक शामिल होंगे। WDRC ऋणी फर्म मेसर्स आर एस ऑटोमोबाइल्स और उसके पार्टनर्स और गारंटर श्री राधेश्याम विश्वकर्मा और श्रीमती रानी विश्वकर्मा को व्यक्तिगत सुनवाई का अवसर प्रदान करेगा।
इसलिए, यह कारण बताओ नोटिस जारी किया जा रहा है, जिसके जारी होने से 21 दिनों के भीतर आपको उपरोक्त उल्लिखित जानबूझकर चूक के साक्ष्य के खिलाफ अपना पक्ष रखने के लिए कहा गया है।
ऋणी फर्म मेसर्स आर एस ऑटोमोबाइल्स और उसके पार्टनर्स और गारंटर श्री राधेश्याम विश्वकर्मा और श्रीमती रानी विश्वकर्मा इस निर्णय से असंतुष्ट हैं, तो वे इस सूचना की प्राप्ति की तारीख से 15 दिनों की अवधि के भीतर बैंक की विलफुल डिफॉल्टर समीक्षा समिति (डब्ल्यूडीआरसी) के समक्ष लिखित रूप में व्यक्तिगत सुनवाई के लिए अपना अभ्यावेदन / अनुरोध प्रस्तुत कर सकते हैं। कृपया ध्यान दें कि यदि निर्धारित अवधि के भीतर कोई अभ्यावेदन / व्यक्तिगत सुनवाई के लिए कोई अनुरोध प्राप्त नहीं होता है, तो यह माना जाएगा कि आप व्यक्तिगत सुनवाई के अवसर का लाभ उठाने में रुचि नहीं रखते हैं या यदि डब्ल्यूडीआरसी आपके द्वारा व्यक्तिगत रूप से या लिखित रूप में किए गए अभ्यावेदन / प्रस्तुतिकरण से संतुष्ट नहीं है (जैसा भी मामला हो), तो बैंक का डब्ल्यूडीआरसी आपको विलफुल डिफॉल्टर के रूप में वर्गीकृत करने के लिए एक तर्कसंगत आदेश पारित करेगा और डब्ल्यूडीआरसी द्वारा ऐसे वर्गीकरण पर, आपकी तस्वीर प्रकाशित की जाएगी और आपका नाम विलफुल डिफॉल्टर के रूप में आरबीआई, सीआईबीआईएल और अन्य क्रेडिट सूचना कंपनियों को आरबीआई दिशानिर्देशों के अनुसार सूचित किया जाएगा और बैंक नियम के अनुसार उचित कानूनी कार्रवाई भी कर सकता है।
**यह सूचना बैंक की विलफुल डिफॉल्टर पहचान समिति के अनुमोदन से जारी किया गया है।**

(कपिला मेघनानी)
शाखा प्रबंधक, स्केल- ll
विलफुल डिफॉल्टर पहचान समिति (डब्ल्यूडीआईसी) द्वारा

## चिंतन

# बांग्लादेश की यूनुस सरकार को सबक देना बहुत जरूरी

बांग्लादेश में जो हो रहा है, वो भारत के हित में तो कतई नहीं है। वहां की अंतरिम सरकार एक के बाद एक ऐसे फैसले ले रही है जिसके चलते दोनों देशों के रिश्ते बुरे दौर से गुजर रहे हैं। अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस चिकन नेक पर बयान देकर नई चर्चाओं को जन्म दे दिया है। बांग्लादेश में जिस तरह की बयानबाजी हो रही है,उससे साफ जाहिर होता है कि वहां पाकिस्तान की खुफिया जांच एजेंसी आईएसआई धीरे-धीरे अपने पांव पसार रही है। मोहम्मद यूनुस इस खेल में सिर्फ एक मोहरा हैं, जिसका मकसद भारत के पूर्वी हिस्से, खासकर पूर्वोत्तर राज्यों में शांति भंग करना है। ये पाकिस्तान की पुरानी आदत है, जिसमें वो सामाजिक हिंसा और अस्थिरता को बढ़ावा देकर भारत को परेशान करता है। उसका हर संभव प्रयास रहता है कि किसी भी तरह से भारत में अशांति का माहौल पैदा किया जा सके। हालांकि अपने इन प्रयासों के चलते पाकिस्तान कंगाली के हालात में पहुंच गया है, लेकिन अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा। पाकिस्तान की इन कोशिशों में हमेशा की तरह चीन खुलकर उसका साथ दे रहा है। वैसे भी यह चीन के लिए बांग्लादेश में पांव पसारने का मौका है। सत्ता बदलने के बाद से बांग्लादेश की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। निवेश के लिए बांग्लादेश चीन पर निर्भर हो गया है। चीन ये बात अच्छी तरह समझता है। इसीलिए चीन ने बांग्लादेश में तेजी से निवेश बढ़ाया है। उसे लगता है कि बांग्लादेश में अपनी जड़ें जमाकर वो भारत पर धौंस जमा सकता है। जबकि यह उसकी भूल है। सच्चाई ये है कि बांग्लादेश में सरकार चला रहे यूनुस अभी कूटनीति के मंझे खिलाड़ी नहीं हैं। वो भावनाओं में बहकर बांग्लादेश को बंगाल की खाड़ी का इकलौता संरक्षक बता गए। आज भी बांग्लादेश की निर्भरता भारत पर सबसे ज्यादा है। खाद्यान से लेकर तकनीक तक बांग्लादेश भारत पर निर्भर है। बांग्लादेश से मेडिकल इमरजेंसी में इलाज कराने के लिए लोग भारत ही आते हैं। सभी लोग चाहते हैं कि बांग्लादेश के साथ रिश्तों में सुधार हो, लेकिन वहां की अंतरिम सरकार फिलहाल बाहरी हाथों में खेल रही है। ये बात मोहम्मद यूनुस भी जानते हैं कि अगर भारत भी उसी रवैये पर उतरा जिस पर बांग्लादेश है तो उनके लिए बहुत मुश्किल हो जाएगी। उन्हें पता है कि चाहे चीन कितना भी निवेश बढ़ाए, लेकिन बांग्लादेश और चीन की संस्कृति में कोई मेल नहीं है। ऐसा ही पाकिस्तान के साथ भी है। आम बांग्लादेशी के मन में आज भी पाकिस्तान के प्रति घृणा का भाव है। बांग्लादेश के गठन को लेकर पाक सरकार ने जिस तरह से नरसंहार किया और आंदोलन को कुचला उसे आज भी वहां के लोग नहीं भूले हैं। यही कारण है कि दो पक्षीय वार्ता के दौरान बांग्लादेश ने पाकिस्तान से माफी की भी मांग की है। जहां तक बात चिकन नेक की है तो मोहम्मद यूनुस ने चीन से बांग्लादेश के लालमोनिरहाट में एयरबेस बनाने में मदद मांगी है। ये एयरबेस चिकन नेक इलाके के काफी पास है। अभी तक के हालात से तो ऐसा कतई नहीं लगता कि चीन वहां पर अपना सैन्य बेस बनाएगा, हां! ये जरूर हो सकता है कि वो इसका उपयोग खुफिया तंत्र के रूप में करे। बांग्लादेश में चीन की रणनीति क्या है, इसका अभी खुलासा होना बाकी है। भारत को इससे बहुत ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत है। जिस तरह से बांग्लादेश की अंतरिम सरकार हमारे विरोधियों से गलबहियां कर रही है, उसे सही मौके पर सही सबक सिखाना बहुत जरूरी है।



दो टूक
योगेश कुमार गोयल


> यह वही रक्तरंजित मानसिकता है, जो 1990 में कश्मीरी हिंदुओं के साथ देखने को मिली थी। नाम पूछकर की गई हत्याएं केवल शारीरिक हत्या नहीं हैं बल्कि वे सीधे तौर पर इस देश के बहुलतावादी ताने-बाने पर हमला हैं। यह आतंकवाद की सबसे गिरी हुई, विभाजनकारी और असभ्य शक्ल है, जो मानवीय गरिमा, धार्मिक स्वतंत्रता और सांस्कृतिक सहिष्णुता को सीधा चुनौती देती है। इस पाशविक कृत्य ने यह प्रमाणित कर दिया कि आतंकवादी अब केवल सैनिक लक्ष्यों को नहीं बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक लक्ष्यों को भी निशाना बना रहे हैं और यह संकेत है कि हमें अपने सुरक्षा दृष्टिकोण को और व्यापक व गहन बनाना होगा।

# आतंक का कठोर जवाब देगा भारत

कश्मीर की वादियां एक बार फिर निर्दोषों के खून से रंगी हैं। पहलगाम क्षेत्र में दशहतगर्दों ने अंधाधुंध गोलियां चलाकर दो दर्जन से भी अधिक पर्यटकों की नृशंस हत्या कर दी। दिल दहला देने वाला यह आतंकी हमला एक बार फिर इस यक्ष प्रश्न को जन्म देता है कि आखिर कब तक भारत की संप्रभुता, एकता और नागरिकों की सुरक्षा पर ऐसे कायराना हमलों का साया मंडराता रहेगा? यह हमला न केवल हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा की संवेदनशीलता को रेखांकित करता है बल्कि यह भी दर्शाता है कि पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद की जड़ें अब भी घाटी में जहर उगल रही हैं। यह घटना ऐसे समय हुई है, जब घाटी में पर्यटन का सीजन चरम पर है और पहलगाम की बेहद खूबसूरत वादियां लाखों सैलानियों का स्वागत कर रही थी। ऐसे में इस आतंकी कृत्य ने न केवल जानमाल की अपूरणीय क्षति पहुंचाई है बल्कि भारत की सामरिक संप्रभुता और मानवीय चेतना पर भी गहरा आघात किया है।

कहा जाता है कि आतंक का कोई धर्म नहीं होता लेकिन इस हमले ने कुछ और ही तस्वीर पेश की। आतंकियों ने अपने कुकृत्य की पराकाष्ठा पार करते हुए नाम पूछ-पूछकर पर्यटकों को गोली मारी। यह कोई सामान्य गोलीबारी नहीं थी बल्कि चयनात्मक हत्या थी। आतंकियों ने पहले पर्यटकों को रोका, उनसे नाम, पहचान और यहां तक कि धर्म भी पूछा और उसके आधार पर उन पर गोलियां चलाईं। यह क्रिया स्पष्ट रूप से सांप्रदायिक घृणा से प्रेरित थी, जो पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के मूल एजेंडे का हिस्सा रही है। यह वही रक्तरंजित मानसिकता है, जो 1990 में कश्मीरी हिंदुओं के साथ देखने को मिली थी और अब एक बार फिर भयावह रूप में प्रकट हुई है। नाम पूछकर की गई हत्याएं केवल शारीरिक हत्या नहीं हैं बल्कि वे सीधे तौर पर इस देश के बहुलतावादी ताने-बाने पर हमला हैं। यह आतंकवाद की सबसे गिरी हुई, विभाजनकारी और असभ्य शक्ल है, जो मानवीय गरिमा, धार्मिक स्वतंत्रता और सांस्कृतिक सहिष्णुता को सीधा चुनौती देती है। इस पाशविक कृत्य ने यह प्रमाणित कर दिया कि आतंकवादी अब केवल सैनिक लक्ष्यों को नहीं बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक लक्ष्यों को भी निशाना बना रहे हैं और यह संकेत है कि हमें अपने सुरक्षा दृष्टिकोण को और व्यापक व गहन बनाना होगा। देश एक ओर जहां तकनीकी, आर्थिक और वैश्विक मंचों पर निरंतर मजबूत हो रहा है, ऐसे में आतंकवादियों द्वारा लक्षित नागरिकों, सुरक्षाबलों और सैलानियों को निशाना बनाया जाना इस बात का प्रमाण है कि दुश्मन की मानसिकता कितनी नीच, विद्वेषपूर्ण और छायायुद्ध की शैली में विकृत हो चुकी है।

पाकिस्तान की आईएसआई और उससे पोषित आतंकी गुट, जिनमें लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद और हिजबुल मुजाहिदीन जैसे संगठन प्रमुख हैं, भारत की प्रगति और लोकतांत्रिक मजबूती को सहन नहीं कर पा रहे हैं। इस नृशंस हमले की रणनीति को देखें तो स्पष्ट हो जाता है कि आतंकियों का लक्ष्य केवल खून-खराबा नहीं बल्कि भारत की सुरक्षा रणनीति को चुनौती देना था। जिस प्रकार से जंगलों में छिपकर घात लगाकर हमला किया गया, वह गुरिल्ला युद्धनीति की उस शैली की ओर संकेत करता है, जिसे सीमा पार से प्रशिक्षित किया जाता है। यह न तो स्वतः स्फूर्त था, न ही किसी लोकल



रिएक्शन का परिणाम था बल्कि यह एक पूर्णतः योजनाबद्ध और निर्देशित हमला था, जिसमें तकनीकी सहायता, हथियारों की आपूर्ति और खुफिया जानकारी सब कुछ शामिल था। भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा नीति पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह से आक्रामक और उत्तरदायी बनी है, यह हमला उसके प्रतिकार के रूप में भी देखा जा सकता है। धारा 370 हटने के बाद जिस प्रकार से इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास, आतंकियों पर कड़ा शिकंजा और नागरिक संवाद को पुनः स्थापित करने की कोशिशों जैसे जम्मू-कश्मीर में शांति स्थापना की दिशा में अनेक सफल प्रयास हुए हैं, वे लंबे समय से पाकिस्तान और उसके आकाओं को चुभ रहे थे। इसीलिए ऐसे हमलों के जरिये घाटी में एक बार फिर भय और भ्रम का वातावरण बनाना उनके एजेंडे का अहम हिस्सा है लेकिन अब समय आ गया है कि हम केवल निंदा या औपचारिक विरोध से आगे बढ़ते हुए हर आतंकी घटना के बाद शोक, संवेदना और कड़ी प्रतिक्रियाओं की परिपाटी को ठोस सैन्य और कूटनीतिक रणनीतियों से बदल डालें और इजराइल तथा अमेरिका की तर्ज पर अपने नागरिकों के विरुद्ध हुए प्रत्येक हमले का निर्णायक और दीर्घकालिक जवाब दें। पाकिस्तान की रणनीतिक गहराई में बैठे उन आकाओं को अब यह समझाने का समय आ गया है कि भारत केवल सहन करने वाला राष्ट्र नहीं है बल्कि निर्णायक प्रतिशोध लेने में भी सक्षम है। यह हमला सामरिक दृष्टि से भी हमारे लिए एक गंभीर चेतावनी है कि चाहे सीमा पर कंटीले तार हों या एलओसी पर निगरानी ड्रोन, यदि भीतर बैठे स्लीपर सेल सक्रिय हैं तो सुरक्षा व्यवस्था को पुनः पूर्णरूपेण अभेद्य बनाने की सख्त आवश्यकता है। हमें अपने इंटेलीजेंस नेटवर्क को भी अब इतना तीव्र, तीक्ष्ण और सतर्क बनाना होगा कि आतंकी योजना अपने आरंभिक चरण में ही निष्फल कर दी जाए। सेना, अर्धसैनिक बलों और स्थानीय पुलिस को एकीकृत कमांड संरचना के अंतर्गत प्रशिक्षित करना होगा ताकि प्रतिक्रिया केवल हथियारबंद ही नहीं बल्कि रणनीतिक भी हो। इस हमले ने मानवीय दृष्टिकोण से एक बार फिर आम नागरिकों की पीड़ा को उजागर किया है। जिन सैलानियों ने पर्यटन को घाटी की बहाली का जरिया माना, जो स्थानीय दुकानदार अपने रोजगार की उम्मीद से दुकानें खोले बैठे थे और वे बच्चे, जो शांत माहौल में शिक्षा ग्रहण कर रहे थे, सभी के सपनों पर इस हमले ने भय की कालिमा पोत दी। ऐसे हमलों की आड़ में कुछ मानवाधिकार संगठनों और तथाकथित बुद्धिजीवियों का मुखर होना अब एक शातिर रणनीति बन चुकी है। जब सुरक्षाबल आतंकियों को निष्क्रिय करते हैं तो यही वर्ग उन्हें 'नागरिक' या 'क्रांतिकारी' बता देता है। इस दोहरेपन पर भी सख्ती से लगाम कसने की जरूरत है। बहरहाल, यह आवश्यक है कि इस हमले की तह तक जाकर उसकी पृष्ठभूमि, योजना, वित्त पोषण और संलिप्त तत्वों को उजागर किया जाए। उन्हें 'कानून, सैन्य शक्ति और कूटनीति के त्रिशूल' से जवाब मिलना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी भारत को इस मुद्दे को और आक्रामक रूप से उठाना होगा कि पाकिस्तान आज भी आतंक का सबसे बड़ा निर्यातक है।

उसके विरुद्ध आर्थिक, राजनीतिक और सैन्य प्रतिबंधों का माहौल बनाना होगा। बहरहाल, पहलगाम का यह हमला केवल एक आतंकी हमला नहीं है बल्कि हमारे धैर्य, शक्ति और चेतना की परीक्षा है। यह देश की संप्रभुता पर हमला है और इसका जवाब इतना कठोर, स्पष्ट और निर्णायक होना चाहिए कि भविष्य में कोई आतंकी या उसका पालक भारत की ओर आंख उठाकर देखने का साहस न कर सके। भारत को पूरी दुनिया को अब यह साबित कर दिखाना होगा कि वह आतंक के विरुद्ध केवल एक पीड़ित राष्ट्र नहीं है बल्कि एक प्रचंड प्रतिकारक शक्ति भी है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

पहलगाम अटैक
डॉ. घनश्याम बादल




# हर हाल में नोचने होंगे आतंक के पंख

आतंकवाद का एक और घिनौना चेहरा पहलगाम में सामने आया है जब से कश्मीर से धारा 370 हटाई गई है एवं नई विधानसभा का गठन हुआ है तभी से आतंकवाद लगातार सर उठाने का प्रयास करता रहा है। सच यह भी है कि वहां आतंकवाद को प्रेशर देने के लिए पाकिस्तानी ख़ुफ़िया एजेंसियां और वहां की राजनीतिक मजबूरियां इसके पीछे सबसे बड़े जिम्मेदार तत्व हैं। लंबे समय से उन्हें वहां ज्यादा कुछ करने का मौका नहीं मिला था, ऐसे में उन्होंने पहलगाम की उस घाटी को चुना जो अमरनाथ यात्रा का भी एक मुख्य बिंदु है और अमरनाथ यात्रा के दौरान इस क्षेत्र का बहुत अच्छे से सेना एवं स्थानीय सुरक्षा बलों द्वारा सैनिटाइजेशन किया जाता रहा है लेकिन अभी अमरनाथ यात्रा दूर है इसलिए संभव है वहां की सतर्कता कम हुई हो और इसका फायदा आतंकवादियों ने उठाकर पर्यटकों की बड़ी संख्या में जान ले ली। ऐसे हमलों के पीछे आमतौर पर कई कारण और ताकतें होती शामिल हैं । यदि पहलगाम के आतंकी हमले पर एक निगाह डाली जाए तो साफ पता चलता है कि इस हमले में पाकिस्तान आधारित आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा, और हिज्बुल मुजाहिदीन जैसे आतंकी संगठन कश्मीर घाटी में अस्थिरता फैलाने को आतुर जिम्मेदार हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि इन संगठनों को पाकिस्तान की ख़ुफ़िया एजेंसीज का हमेशा समर्थन मिलता रहा है। दरअसल पिछले लंबे समय से जम्मू कश्मीर शांत क्षेत्र के रूप में तरक्की की सीढ़ियां चढ़ता हुआ नजर आ रहा था और वहां पर पर्यटन उद्योग भी बहुत फल फूल रहा था और यह बात हमारे ईर्ष्यालु पड़ोसी को निराश आनी थी। आतंकवादी संगठन भारत में सांप्रदायिक तनाव और अस्थिरता फैलाना चाहते हैं ताकि देश की एकता और अखंडता को चोट पहुंचाई जा सके। पाकिस्तान का हमेशा से ही कश्मीर मुद्दे का अंतरराष्ट्रीयकरण करने का प्रयास जग जाहिर है। अब वह सीधे-सीधे तो भारत पर हमला करने की स्थिति में है नहीं क्योंकि उसकी एवं भारत की सैन्य ताक़त में ज़मीन आसमान का अंतर है। ऐसे में वह अपने पाले हुए आतंकी संगठनों का सहारा लेता रहा है। हमलों के ज़रिए ये संगठन दुनिया का ध्यान कश्मीर की ओर खींचना चाहते हैं ताकि उसे एक विवादित क्षेत्र के रूप में प्रस्तुत किया जा सके। यह संगठन अपने आका के कहने पर कश्मीर के पर्यटन और अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करते रहते हैं। पहलगाम जैसे स्थान, अमरनाथ यात्रा और अन्य पर्यटन केंद्र आतंकियों के निशाने पर इसलिए होते हैं क्योंकि वे कश्मीर की अर्थव्यवस्था में योगदान करते हैं। हमलों से पर्यटन प्रभावित होता है।

अपनी स्लीपिंग सेल्स के माध्यम से यह संगठन स्थानीय युवाओं का कट्टरपंथीकरण और ब्रेन वाश भी लगातार करते रहे हैं जिससे उन्हें वहां के कुछ गिने-चुने स्थानीय लोगों का समर्थन भी मिल जाता है। ऐसे हमलों के ज़रिए ये ताकतें स्थानीय युवाओं को प्रभावित कर उन्हें उग्रवाद की ओर मोड़ना चाहती हैं। सेना, सीआरपीएफ और पुलिस बलों को निशाना बनाकर आतंकवादी उनके मनोबल को तोड़ने और जनता में भय का माहौल बनाने का प्रयास करते हैं। इस हमले में जिस टीआरएफ का नाम आया है जो एक नया लेकिन बेहद सक्रिय आतंकवादी संगठन है, जो विशेष रूप से कश्मीर घाटी में आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए सक्रिय रहता है। वास्तव में यह संगठन लश्कर ए तैयबा की ही एक छद्म शाखा है जो 2019 में अनुच्छेद 370 हटाए जाने के कुछ ही समय बाद बना था। अंतरराष्ट्रीय दबाव और प्रतिबंधों के कारण इसका नाम बदलकर एक नया चेहरा दिया गया। यह संगठन कितना चालाक है कि इसके सदस्य विभिन्न कंपनियों तक में कर्मचारियों के रूप में काम करते हैं। टीआरएफ सोशल मीडिया और साइबर स्पेस में भी सक्रिय रहता है, जहां ये युवाओं को कट्टरपंथी बनाने का काम करता है। बेशक, वर्तमान सरकार आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर चलती है और उसे इस पर शक्ति से चलना भी होगा। लेकिन बिना सोचे समझे और बिना रणनीति के कार्रवाई करना भी एक ग़लत संदेश देगा वहीं ऐसी हरकतों को चुपचाप सहना या इसमें बहुत देरी करना भी खतरनाक है। कुल मिलाकर अब बारी राज्य एवं केंद्र सरकार की है और उसे अपनी भूमिका बहुत अच्छे से निभाते हुए सिद्ध करना होगा कि भारत अब ऐसी गतिविधियों को किसी भी हाल में सहन करने वाला नहीं है। सभी राजनीतिक दलों को भी आगे बढ़कर बजाय राजनीति करने के आतंकियों के ख़िलाफ़ एकजुट होकर सरकार के साथ खड़ा होना चाहिए।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# सत्य की अनुभूति से जाग्रत होता है मन



संकलित
दर्शन

इच्छा आकाश के समान अनंत है'- यह मैं भी जानता हूं और आप भी जानते हैं। सब जानते हैं कि इच्छा पूर्ण नहीं होती, अपूर्ण बनी-की-बनी रहती है। पर सच्चाई का साक्षात्कार करने वाले विरल व्यक्ति ही मिलेंगे। साक्षात्कार वही व्यक्ति कर पाता है, जिसका शुक्ल पक्ष जाग गया है। इसे समझने के लिए एक प्रसंग है। कपिल दो मासे सोने के लिए राजा के पास गया। राजा ने कहा- मांगो। अब इच्छा को खेलने के लिए अनंत आकाश मिल गया। इच्छा बढ़ती गई और पूरे राज्य को पा लेने और राजा को रंक बनाने की बात सोचकर ही शांत हुई । मोड़ आया। सच्चाई का भान हुआ। शुक्ल पक्ष जाग गया। राजा ने कहा- मांगो। कपिल बोला- क्या मांगू? कुछ है ही नहीं इस संसार में। अब मैं जा रहा हूं, उस देश में जहां मांग नहीं है, चाह नहीं है। कपिल संन्यासी बन गया। सच्चाई का साक्षात्कार होते ही मांग पूरी हो जाती है, चाह समाप्त हो जाती है। जब तक सच्चाई का अवबोध नहीं होता, तब तक मांग कभी पूरी होती ही नहीं, चाह मिटती ही नहीं। सिद्ध पुरुष ने अपने भक्त से कहा- प्रसन्न हूं। कुछ मांगो। भक्त बोला- कुछ नहीं चाहिए। सिद्ध पुरुष ने देखा, यह कैसा भक्त! अमूल्य क्षण को खो रहा है। मांगने के लिए आग्रह किया। भक्त बोला- यदि आप देना ही चाहते हैं तो यह वरदान दें कि मेरे मन में चाह उत्पन्न ही न हो, मांग रहे ही नहीं। यह तब संभव है, जब सत्य का साक्षात्कार हो जाता है। अन्यथा लोग मांग को पूरी करने के चक्कर में कितने देवी-देवताओं की मनौतियां मनाते हैं, पूजा-अर्चना करते हैं।

# साधु प्रकृति के लोगों का साधन है भक्ति



संकलित
प्रेरणा

'भक्ति के प्रतिपादन के लिए ब्रह्म विषय के उत्तरकांड से ज्ञानकांड की सामान्यता दिखाई गई है।' शांडिल्य कहते हैं- वेदों में पहले क्रियाकांड है, कर्मवाद है; फिर दूसरे चरण में ब्रह्मज्ञान की बात है, ज्ञानवाद है; और फिर अंतिम चरण में ईश्वर की चर्चा है, भक्ति और भाव की बात है। नुष्य का अस्तित्व तीन तलों में विभाजित है- शरीर, बुद्धि, हृदय। या दूसरी तरह से कहें तो कर्म, विचार और भाव। इन तीनों तलों से स्वयं की यात्रा हो सकती है। स्थूलतम यात्रा होगी कर्मवाद की। इसलिए धर्म के जगत में कर्मकांड स्थूलतम प्रक्रिया है। दूसरा द्वार होगा ज्ञान का, विचार का, चिंतन-मनन। दूसरा द्वार पहले से ज्यादा सूक्ष्म है। दूसरे द्वार का नाम है- ज्ञान योग। तीसरा द्वार सूक्ष्मातिसूक्ष्म है- भाव का, प्रीति का, प्रार्थना का। उस तीसरे द्वार का नाम भक्ति योग है। कर्म से भी लोग पहुंचते हैं। लेकिन बड़ी लंबी यात्रा है। ज्ञान से भी लोग पहुंचते हैं। पर यात्रा संक्षिप्त नहीं है। बहुत सीढ़ियां पार करनी पड़ती हैं। पहले से कम, लेकिन तीसरे की दृष्टि में बहुत ज्यादा। भक्ति छलांग है। सीढ़ियां भी नहीं हैं, दूरी भी नहीं है। भक्ति एक क्षण में घट सकती है! भक्ति तत्क्षण घट सकती है। भक्ति केवल भाव की बात है। इधर भाव, उधर रूपांतरण। कर्म में तो कुछ करना होगा, विचार में कुछ सोचना होगा, भक्ति में न सोचना है, न करना है, होना है। इसलिए भक्ति को सर्वश्रेष्ठ कहा है। आज के सूत्रों में इसी की चर्चा है। शांडिल्य कहते हैं- ब्रह्माकांडं तु भक्तौ तस्य अनुज्ञानाया सामान्यात।

## सटाका




## आज की पाती

### अनिद्रा की बीमारी महामारी का रूप धारण कर लेगी

भारत सारी दुनिया में विश्व गुरु बनने की राह पर प्रगतिशील है, मगर विकास यात्रा के नाम पर विदेशों का कचरा भी भरा जा रहा है। इस बदलते हुए वातावरण में आदमी का जीवन स्तर पहले से ज्यादा बेहतर हुआ, मगर हम असली-नकली का अंतर करने में फेल हो रहे हैं। हर माल का डुप्लीकेट पहुंच गया है। आज के दौर में हर इनसान का आहार तक नकली हो गया है, फिर धर्म की रक्षा कौन करेगा? नई-नई बीमारियां फैल रही हैं, कोरोना के बाद अब आशंका है कि अनिद्रा की बीमारी वैश्विक महामारी का रूप धारण कर लेगी। वर्ष 2037 तक भारत भी इससे प्रभावित होगा, अतः इसकी रोकथाम के लिए अभी से कारगर योजना का निर्माण शुरू हो जाना चाहिए।

*-जगन सिंह, ठाकुर*

## ट्रेंड

### आतंकियों को छोड़ेंगे नहीं



पहलगाम के आतंकी हमले में अपनों को खोने का दर्द हर भारतीय को है। इस दुःख को शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। मैं अपने इन सभी परिवारों और पूरे देश को विश्वास दिलाता हूँ कि बेगुनाह मासूम लोगों को मारने वाले इन आतंकियों को बिल्कुल बख्शा नहीं जाएगा।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### विशेष उड़ान के निर्देश



कश्मीर की यात्रा पर गए 40 से अधिक कन्नड़ लोग आतंकवादी हमले के कारण फंस गए हैं। मैंने अधिकारियों को उन सभी को सुरक्षित रूप से राज्य में वापस लाने के लिए एक विशेष उड़ान की व्यवस्था करने का निर्देश दिया है।

- सिद्धरमैया, सीएम, कर्नाटक

### अमित शाह इस्तीफा दें



एक ही जगह पर 2,000 से ज्यादा टूरिस्ट मौजूद थे, लेकिन वहां एक भी सुरक्षा कर्मी नहीं था, ये एक गंभीर सुरक्षा चूक है, अमित शाह जिनके हाथ में वहां की सुरक्षा व्यवस्था है, को अपनी इस नाकामी के लिए पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।

-अखिलेश यादव, सपा सांसद

### इंसाफ सुनिश्चित करें




पहलगाम में हुई हिंसा पर दुख एवं गुस्से को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। हम एक राष्ट्र के रूप में एकजुट होकर मजबूत बनें और इस जघन्य कृत्य के खिलाफ इंसाफ सुनिश्चित करें।

-शाहरुख खान, अभिनेता

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर


# दक्षिण पूर्वी एशिया में बढ़ रही साइबर स्कैम सेंटर्स की संख्या



संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार दक्षिण पूर्वी एशिया में दिन-पर-दिन साइबर स्कैम सेंटर बढ़ रहे हैं और ये दुनियाभर में भी फैल रहे हैं। गैंग के लोग कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए लगातार जगह बदलते रहते हैं। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार, पूर्वी और दक्षिण-पूर्वी एशिया में अंतर्राष्ट्रीय संगठित अपराध समूह दुनियाभर में अपने स्कैम का जाल फैला रहे हैं। ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि जहां ये स्कैम सेंटर मौजूद थे, वहां सरकार और अधिकारी इन पर लगाम कसने के लिए कानूनी कार्रवाई शुरू कर रहे हैं। इससे बचने के लिए वे इलाके तलाश रहे हैं। ऐसे स्कैम सेंटर दक्षिण पूर्वी एशिया में कई सालों से चल रहे है। कंबोडिया,लाओस और म्यांमार, साथ ही फिलीपीन्स, इनका गढ़ माने जाते हैं और इसे अंजाम देने वाली अलग अलग गैंग एक बॉर्डर से दूसरे बॉर्डर घूमती रहते हैं ताकि वो किसी एक देश के कानून की गिरफ्त में ना आ सकें। यह स्कैम दुनिया में कई नए इलाकों तक भी पहुंच गए हैं। अफ्रीका और यहां तक कि लैटिन अमेरिका से भी ऐसी धोखाधड़ियों की खबरें आ रही हैं जहां स्कैमरों ने किसी को झूठे प्यार के जाल में फंसा लिया, या कोई झूठा निवेश और व्यापार का वादा कर के पैसे ऐंठ लिए या फिर गैरकानूनी सट्टेबाजी में लोगों को फंसा दिया हो।

## ऑफ बीट

# 'स्लीपिंग प्रिंस', कोमा में रहते मनाया 36वां जन्मदिन



सऊदी अरब के शाही परिवार के सदस्य प्रिंस अल-वालीद बिन खालिद बिन तलाल ने कोमा में रहते हुए 36 साल पूरे कर लिए हैं। दुनिया भर में वो 'स्लीपिंग प्रिंस' के नाम से जाने जाते है। उन्होंने कोमा में रहते हुए अपना जन्मदिन मनाया। वे पिछले लगभग दो दशकों से ऐसी ही हालत में हैं। प्रिंस अल-वालीद सऊदी अरब के संस्थापक किंग अब्दुलअज़ीज़ के परपोते हैं और प्रिंस तलाल बिन अब्दुलअज़ीज़ के पोते। वर्तमान सऊदी किंग सलमान बिन अब्दुलअज़ीज़ उनके दादा के भाई हैं, यानी प्रिंस के ग्रेट-अंकल। प्रिंस अल-वालीद 2005 में एक सैन्य कॉलेज में छात्र थे और एक सड़क दुर्घटना में उन्हें सिर पर गंभीर चोट आ गई। इसके बाद से वे कोमा में हैं और रियाद के किंग अब्दुलअज़ीज़ मेडिकल सिटी में वेंटिलेटर और फीडिंग ट्यूब के सहारे जीवित हैं। डॉक्टरों ने कई बार सुझाव दिया कि जीवन रक्षक उपकरणों को हटाया जाए, लेकिन प्रिंस के पिता, प्रिंस खालिद बिन तलाल ने इस सलाह को ठुकरा दिया। उन्होंने कहा, अगर अल्लाह चाहते कि वह दुर्घटना में मर जाए, तो वह कब्र में होता। प्रिंस अल-वालीद अब भी मेडिकल उपकरणों के सहारे जीवन से जुड़े हुए हैं। उनका परिवार अब भी हर दिन एक चमत्कार की उम्मीद में है।

## गेहूं कटाई के बाद नरवाई जलाने से बढ़ रहा प्रदूषण

# तीन तहसीलों में पराली जलाने वाले 42 किसानों पर सवा दो लाख का जुर्माना, 15 पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

किसानों को लगातार समझाइश के बाद भी किसान हार्वेस्टर से कटवाई गेहूं की फसल की पराली जला रहे हैं। जिसको देखते हुए कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने सख्ती शुरू कर दी है। पिछले दिनों भी पांच किसानों पर एफआईआर कराने के साथ जुर्माना लगाया गया था। बुधवार को कोलार एसडीएम रविशंकर राय ने 14 किसानों पर 52 हजार 500 रुपए का जुर्माना लगाया है। पटवारियों ने इन किसानों में पराली जलने का प्रतिवेदन पेश किया था। इसी तरह हुजूर तहसील के भी 15 किसानों पर जुर्माना लगाकर एफआईआर दर्ज कराई गई है। इसी तरह बैरसिया क्षेत्र के भी 13 किसानों पर जुर्माना लगाया गया है। तीनों तहसीलों में 42 किसानों पर दो लाख 22 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

एसडीएम ने बताया कि कोलार क्षेत्र के किसानों को पराली नहीं जलाने की लगातार समझाइश दी जा रही है। कृषि विस्तार अधिकारी भी गांवों में जाकर किसानों को



जागरूक कर रहे हैं, बावजूद इसके किसान रात के समय खेतों में आग लगा रहे हैं, जिससे प्रदूषण बढ़ रहा है। बुधवार को तहसीलदार के प्रतिवेदन के आधार पर देहरीकला के किसान मोहम्मद शाहिद के दो खेतों में पराली जलाने पर साढ़े सात हजार, मोहम्मद राशिद पर पांच हजार, मनोहर पांच हजार, प्रदीप खूबचंदानी ढाई हजार, नसीम अखतर पांच हजार, मनोज प्रजापति ढाई हजार, कृपाल सिंह पांच हजार, मखमल सिंह पांच हजार, सरदार हरपाल सिंह पांच हजार, सोहना सिंह अनंता सिंह ढाई हजार, नवोदय हरवांश, सत्येंद्र शुक्ला ढाई हजार, रूपा कुमार ढाई हजार और शीतल दुबे पर ढाई हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

### आग से मेढ़ पर लगे पेड़ भी झुलसे

बुधवार को हुजूर, बैरसिया और कोलार की टीम जब पराली जलाने वाले खेतों में पहुंची, तो वहां पर पराली जलने के साथ मेढ़ पर लगे हरे-भरे पेड़ भी झुलसे मिले। टीम ने इन किसानों को मेढ़ों पर लगे पेड़ों को सहेजने की हिदायत भी दी। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह का कहना है कि किसानों को पराली नहीं जलाने की हिदायत दी जा रही है।

## रोज की तरह टहलने निकले 71 साल के बुजुर्ग से मोबाइल झपटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित छत्रसाल नगर के पास बाइक सवार तीन बदमाशों ने 71 साल के बुजुर्ग से मोबाइल झपटकर फरार हो गए। घटना के समय वह रोज की तरफ शाम को टहलने निकले थे। उन्होंने घटना की शिकायत थाने पहुंचकर की, लेकिन दो दिन बाद झपटमारी का प्रकरण दर्ज किया है। आरोपियों का सुराग नहीं लग सका है।

पुलिस के अनुसार भवानी धाम कॉलोनी निवासी सुदर्शन शर्मा (71) रोजाना शाम को सैर करने के लिए जाते हैं। विगत 20 अप्रैल की शाम को भी वह इवनिंग वॉक पर निकले थे। इस दौरान छत्रसाल नगर से गुजर रहे थे। उसी दौरान बाइक सवार तीन बदमाश तेजी से आए और उनके हाथ से मोबाइल झपटकर फरार हो गए। घटना के बाद बुजुर्ग रिपोर्ट कराने पिपलानी थाने पहुंचे थे, लेकिन पुलिस ने उनसे शिकायती आवेदन लेकर चलता कर दिया। पुलिस ने 22 अप्रैल की रात अज्ञात बदमाशों के खिलाफ झपटमारी का प्रकरण दर्ज किया है। आरोपियों का सुराग लगाने के लिए पुलिस घटनास्थल और रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

## खबर संक्षेप



### वार्ड 13 में पीने के पानी के लिए जद्दोजहद

**औबेदुल्लागंज।** वार्ड 13 में पीने के पानी के लिए रहवासियों को रोजाना जद्दोजहद करनी पड़ रही है। स्थानीय रहवासी वार्ड 13 के पार्षद के पास भी शिकायत कर चुके हैं। इसके बाद भी उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ है। रहवासियों ने बताया कि नगर परिषद की पाइप लाइन से पानी नहीं आ रहा है, जिससे लोगों को पीने के पानी के लिए यहां-वहां भटकना पड़ता है। टिंकू ठाकुर, मोंटी ठाकुर, रचना ठाकुर, सरिता पायल ने बताया कि नल में पानी नहीं आने से हमें दूर से पानी लाना पड़ता है। इसके बाद भी नगर परिषद के जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं। हम पीने का पानी दूर रेलवे कॉलोनी के नल से लाने को मजबूर हैं।

### नागर ने कलेक्टर पर साधा निशाना



**औबेदुल्लागंज।** किसानों पर नरवाई जलाए जाने पर लगाए गए जुर्माना पर युवक कांग्रेस जिला अध्यक्ष परेश नागर ने कलेक्टर के ऊपर निशाना साधा। परेश नागर ने बताया कि अवैध रूप से भट्टों पर पन्नी, रेनकोट जलाया जा रहा है। बड़ी-बड़ी क्रशरों पर अवैध कार्य हो रहा है। इस पर कलेक्टर कलेक्टर द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जाती बस गरीब किसानों के ऊपर 2000 से लेकर 2500 तक का जुर्माना लगाया जा रहा है।

### पटेल 11 आशापुरी ने नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट जीता

**औबेदुल्लागंज।** आशापुरी में नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन हो गया। फाइनल के रोमांचक मुकाबले में पटेल 11 आशापुरी ने खिताब जीता। इस कार्यक्रम में पूर्व मंत्री राजकुमार पटेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में राजू मेहरा और मोनी नागर ने कमेंट्री कर दर्शकों का मन मोह। रात 3 बजे तक डटे रहे। संजय सिंह चौहान, परेश नागर, पंकज नागरानी, नीरज वासवानी आदि मौजूद रहे।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भोपाल।** छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित शिव नगर में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस के अनुसार अनुसार राकेश चंदेल (42) शिवनगर छोला मंदिर में रहता था ड्राइवरी करता था। परिवार में पत्नी के अलावा तीन बच्चे हैं, जबकि पास ही बड़े भाई का परिवार रहता है। सोमवार की रात राकेश घर पहुंचा और खाना खाने के बाद सोने का कहकर चला गया था। मंगलवार सुबह उसका शव गाय बांधने वाले कमरे में फांसी के फंदे पर लटका मिला।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 3894 | | |
| दिन: | 149 | 44 | 248 |
| रात: | 447 | 51 | 335 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 237 | 25 | 177 |
| रात: | 110 | 25 | 348 |

## विदिशा रोड पर सीमेंट गोदाम के पास हुआ हादसा

# मिनी ट्रक ने ऑटो को मारी टक्कर महिला की मौत, ड्राइवर भी घायल

◆ हादसे के बाद चालक मौके पर ही मिनी ट्रक छोड़कर फरार हो गया


हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित विदिशा रोड पर सीमेंट गोदाम के सामने मंगलवार रात मिनी ट्रक ने ऑटो को टक्कर मार दी। इस हादसे में ऑटो में सवार महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ऑटो चालक को हाथ में चोट आई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। हादसे के बाद मिनीट्रक का चालक मौके पर ही मिनी ट्रक छोड़कर फरार हो गया।

पुलिस के अनुसार अफसार खान कम्मू का बाग अस्सी फीट रोड अशोका गार्डन में रहते हैं और ऑटो चलाते हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि रजिया खान (25) उनकी भाभी थी। वह गृहणी थी। मंगलवार रात अफसार अपनी भाभी और परिवार के साथ ऑटो से ईंटखेड़ी रिश्तेदार के घर शादी में जाने के लिए निकले थे। परिवार ऑटो में सवार था। रात करीब पौने 10 बजे वह विदिशा रोड स्थित सीमेंट गोदाम के पास पहुंचे ही थे कि भानपुर की तरफ से आ रहे सीमेंट के मिनी ट्रक ने उनके ऑटो को टक्कर मार दी। हादसे के समय उनकी भाभी रजिया खान ऑटो में किनारे बैठी थी। उन्हें गंभीर चोट थी और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में अफसार खान को हाथ में चोट आई है। हादसे के बाद मिनी ट्रक का चालक ट्रक छोड़कर भाग निकला।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार दंपती की मौत

कोलार थाना क्षेत्र स्थित मदर टैरेसा स्कूल के पास दो दिन पूर्व ट्रैक्टर की टक्कर से घायल दंपती की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिए है।



पुलिस के अनुसार सुशीला वाल्मीकि पति सोनू वाल्मीकि (39) कजलीखेड़ा कोलार में रहती थी। सोमवार सुबह वह पति सोनू के साथ बाइक से काम पर जाने के लिए निकली थी। मदर टैरेसा स्कूल के पास पहुंचते ही उनकी बाइक को सामने से आ रहे ट्रैक्टर के चालक ने लापरवाहीपूर्वक ट्रैक्टर चलाकर टक्कर मार दी। हादसे में सुशीला और सोनू को गंभीर चोट आई थी। दोनों को हमीदिया अस्पताल ले जाया गया, वहां इलाज के दौरान सोमवार शाम सोनू की मौत हो गई, जबकि सुशीला का इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान बुधवार सुबह सुशीला की भी मौत हो गई।

#### हादसे के समय दूसरी बाइक पर था भांजा

जिस समय हादसा हआ उस समय अन्य बाइक पर दीपक वाल्मीकि निवासी कजलीखेड़ा भी मौसा-मौसी की बाइक से कुछ दूरी पर था। उसने बताया कि बोरदा जोड़ के पास मौसा की बाइक को टैक्टर ने टक्कर मारी थी। वह अपने साथी भूरा को साथ लेकर अपने मौसा को ऑटो चालक की मदद से हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचा था। हादसे के बाद से ही दोनों होश में नहीं थे।

### सड़क हादसे में घायल युवक की मौत

इसी थाना क्षेत्र स्थित रासलाखेड़ी पुलिया के पास गत 13 मार्च को अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवकों को टक्कर मार दी थी। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि दूसरे की इलाज के दौरान मंगलवार रात मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार रोहित नारायण रैकवार पिता लक्ष्मी नारायण रैकवार (25) पुराना गांव, भानपुर में रहता था और निजी अस्पताल में सफाइकर्मी था। गत 13 मार्च की रात वह अपने साथी के साथ बाइक से रासलाखेड़ी पुलिया के पास से गुजर रहा था, तभी आज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में रोहित के दोस्त की मौके पर ही मौत हो गई थी। रोहित का भानपुर स्थित निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान मंगलवार रात रोहित की मौत हो गई।

## पहलगांव घटना को लेकर भाजपाइयों ने फूंका पाकिस्तान का पुतला, कांग्रेसियों ने की निंदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर



आतंकवादी घटना के विरोध में बुधवार को भाजपाइयों ने पाकिस्तान का पुतला फूंका, वहीं कांग्रेसियों ने भी इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा की है। भारत तिब्बत सहयोग मंच के प्रांत मंत्री एवं भाजपा गांधी नगर मंडल के महामंत्री राधे महाराज ने बताया पाकिस्तान के द्वारा जो आतंकवादी घटना पहलगांव कश्मीर में हुई है यह घटना घोर निंदनीय है।

पाकिस्तान का झंडा जलाकर विरोध जताते हुए राधे महाराज ने कहा आज सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ आह्वान किया है जब तक ऐसे आतंकवादियों को मिट्टी में न दफना दें तब तक जिन पूर्णात्माओं के साथ यह क्रूरता हुई है बर्दाश्त के लायक नहीं है। वहीं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक मारण, उप ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम लालवानी प्रवक्ता महेश गुरबानी ने एक बयान जारी कर आतंकवादी हमले की निंदा करते हुए सरकार की विफलता बताया।

## चार दिवसीय आयोजन की तैयारियां शुरू

## संत नगर में पहली बार होगी भगवान झूलेलाल अमर कथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

वरुण अवतार भगवान झूलेलाल के ग्रंथ श्री अमर कथा के पाठ का भव्य आयोजन 3 मई से शुरू किया जाएगा जो 6 मई तक चलेगा। कार्यक्रम संयोजक घनश्याम पंजवानी एवं पूज्य सिंधी पंचायत बैरागढ़ के उपाध्यक्ष भरत आसवानी ने बताया कि भगवान झूलेलाल के गादीनशीन परम पूज्य सूर्यवंशी 1008 ठकुर साईं आसानलाल साहब के 114 जयंती के उपलक्ष में श्री अमर कथा का आयोजन भरूच धाम के वर्तमान गादेशवर परम पूज्य ठकुर साईं मनीषलाल साहिब (साईं भरूचवारा) के सानिध्य में बटवा (गुजरात) शहर के जाने-माने कथावाचक रविंद्र जोशी शास्त्री के मुखारविंद से होगा।

ठकुर आसानलाल धर्मशाला बी वार्ड पुराना संत हिदाराम नगर में आयोजित होने वाली कथा रोजाना शाम 5 से रात 8 बजे तक होगा। इसके बाद प्रसाद वितरण प्रतिदिन किया जाएगा। कथा का समापन एवं भोग 6 मई



मंगलवार को रात 8 बजे पूज्य बहिराणां साहब एवं भंडारे का आयोजन कर किया जाएगा। घनश्याम पंजवानी एवं भरत आसवानी ने बताया कि यह पहला मौका है कि जब संत नगर में श्री अमर कथा के पाठ का भव्य आयोजन इतने बड़े स्तर पर हो रहा है, जिसकी तैयारी बड़े जोर शोर से शुरू हो चुकी है। विगत दिनों व्यवस्थाओं का जायजा लेने एवं श्रद्धालुओं का उत्साह बढ़ाने के लिए परम पूज्य ठकुर साईं मनीषलाल भी संत नगर पधारे थे।

## सोमेश्वर महादेव मंदिर चिनार ड्रीम सिटी में होगा आयोजन

## विधायक रामेश्वर को दिया भगवान परशुराम की स्थापना का आमंत्रण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर के समीपस्थ सोमेश्वर महादेव मंदिर चिनार ड्रीम सिटी में तीन दिवसीय भगवान परशुराम जन्मोत्सव के आयोजन पर विधायक सहित नगर पालिका अध्यक्ष को आमन्त्रित किया है। समिति के जयपाल शर्मा ने बताया कि सोमेश्वर महादेव मंदिर पर अक्षय तृतीया पर भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। जहां नवीन वेदी पर भगवान परशुराम को विराजमान किया जाएगा। जिसके लिए बुधवार को हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा, नपा अध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल, पूर्व नपा अध्यक्ष पूर्णीमा जैन, सेवा समिति अध्यक्ष जीवनसिंह पाल, विनोद जैन, महेन्द्र मैथिल सहित अन्य लोगों को आमत्रंण पत्र दिया। इस अवसर पर समिति के बलिंद्रर शर्मा, रामनिवास पाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## सूदखोरों से व्यापारी, गरीब युवा, छोटे किसान परेशान

### 8 से 20 प्रतिशत तक ब्याज वसूल रहे सूदखोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

क्षेत्र में सूदखोरों के कारण व्यापारी, युवा, छात्र, सब्जी बचने वाले और छोटे किसान परेशान है। ये सूदखोर गरीब तबके लोगों को फंसा कर उनसे लाखों रुपए ऐंठ रहे हैं। पीड़ितों ने बताया कि हमने मूल रकम के साथ ब्याज भी दे दिया है फिर भी सूदखोर जबरन ब्याज लगाकर और रुपए लेने का दबाव बना रहे हैं।

औबेदुल्लागंज, तामोट, मंडकासिया सहित आसपास के क्षेत्रों के कई सूदखोर बगैर लाइसेंस के सूदखोरी का काम खुले आम कर रहे हैं। सूदखोर जमीन, मकान, दुकान और जेवर गिरवी रखते हैं और 8, 12, 15 और 20 प्रतिशत ब्याज पर रुपए देते हैं। सूदखोर हर माह या हर हफ्ते ब्याज वसूलते हैं। पीड़ित व्यक्ति मूलधन के साथ ब्याज भी ज्यादा देने के बाद भी उन पर बकाया राशि निकलते हैं रुपए चुकाने के लिए दबाव बनाते हैं। सुदखोरों के दबाव के कारण क्षेत्र में कई लोगों ने आत्महत्या तक कर चुके हैं। वहीं सूदखोरों के कारण कई परिवार बेघर भी हो चुके हैं।

टीआई भारत प्रताप सिंह ने बताया कि एक आदिवासी को हमने सुदखोर से बचाया है। जो लोग सुदखोरों से परेशान हैं और मूल रकम सहित ब्याज तक दे चुके हैं, वे लोग पुलिस को बताएं हम कार्रवाई करेंगे। साथ ही सुदखोरों की जानकारी एसडीएम, तहसीलदार को भी देकर परेशानी से छुटकारा पा सकते हैं।

## नप सफाई कर्मी के साथ स्थानीय नागरिकों ने की सफाई

## हिरानिया की बावड़ी की सफाई कर बनी संवर्धन पर नीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

ग्राम हिरानिया में बावड़ी के प्रति नागरिकों में संवेदना पैदा करने एवं उसके अस्तित्व को बचाने के लिए मप्र जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था आंबेडकर बुद्धिस्ट चैरिटेबल सोसाइटी के बैनर तले सफाई कार्यक्रम आयोजित किया गया।

परामर्शदाताओं एवं ब्लॉक समन्वयक निशा बहेकार के समन्वयक में नवांकुर संस्था के सुनील सेरिया, प्रेमनारायण सोनी, नगर परिषद की सफाई कर्मी के साथ स्थानीय नागरिक उपस्थित थे। मालूम हो की जन अभियान परिषद द्वारा विकासखंड के मंडीदीप स्थित बावड़ी, सुलतानपुर, चिखलौद, गौहरगंज एवं औबेदुल्लागंज सेक्टर



में परिषद की टीम द्वारा जन जागरण एवं श्रमदान कर जनता को जल स्त्रोतों के प्रति संवेदना पैदा की जा रही है। इसके बाद नगर पालिका एवं परिषद के साथ मिलकर जन भागीदारी से क्षेत्र की बावड़ियों को सुंदर कैसे बनाया जा सकता है, इस पर क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवियों के



### पशु-पक्षियों को दाना-पानी देने विद्यार्थियों को किया जागरूक

**संतनगर।** सुधार सभा द्वारा संचालित साधु वासवानी, मुक्ता इंटरनेशनल स्कूल में बुधवार को विद्यार्थियों को पशु-पक्षियों को दाना-पानी देने के लिए जागरुकता अभियान चलाया। सभागार में शिक्षाविद् विष्णु गेहानी ने बताया कि आप सभी विद्यार्थी ऐसे स्कूल में पढ़ते हैं जहां संस्कारों का बीजारोपण होता हैं एवं सिद्ध भाऊ के आशीर्वाद से इस विद्यालय में माता-पिता की सेवा एवं मूक प्राणियों की सेवा का संस्कार भी दिया जाता है एवं आपको नियमित रामायण, गीता का पाठ भी करना चाहिए। दादा टीएल वासवानी ने भी मूक प्राणियों की रक्षा का संदेश दिया है।

## भोजपुर विधानसभा क्षेत्र को मिली विकास की बड़ी सौगात

विधायक सुरेन्द्र पटवा ने केंद्रीय मंत्री गडकरी का जताया आभार

# मिसरोद से औबेदुल्लागंज तक 280 करोड़ की लागत से बनेगा सिक्स लेन रोड, मिली मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

भोजपुर विधान सभा के भोजपुर विधायक सुरेन्द्र पटवा के आग्रह पर केन्द्रीय सड़क परिवाहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मिसरोद से औबेदुल्लागंज तक सिक्स लाइन रोड की मंजूरी दी है, जिसकी अनुमानित लागत 280 करोड़ से मार्ग स्वीकृत करने पर केन्द्रीय मंत्री का आभार व्यक्त किया है। मिसरोद से औबेदुल्लागंज के बीच 19.32 किमी लंबे मौजूदा फोरलेन को सिक्सलेन में बदला जाएगा। इस पर 280 करोड़ रुपए की लागत से काम शुरू की किया जाएगा। इसके तहत मिसरोद से मंडीदीप होते हुए औबेदुल्लागंज तक 35 किमी की मौजूदा थ्री लेन रोड को सिक्स किया जाएगा। मिसरोद से मंडीदीप तक सिक्स लेन मेन रोड के दोनों ओर दो-दो लेन वाली सर्विस रोड बनानी होगी।





### सिक्स लेन के लिए पटवा ने लिखा था पत्र

इसके लिए पूर्व में दो बार भोजपुर विधायक सुरेन्द्र पटवा ने पत्र के माध्यम से केन्द्रीय सड़क परिवाहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी से निवेदन किया था कि विधानसभा के मंडीदीप राजधानी से लगा हुआ है, जिसमें औद्योगिक क्षेत्र सहित रहवासी क्षेत्र है। नेशनल हाइवे 46 नगर से गुजरता है। सतलापुर जोड़, स्टेशन चौराहा, गल्ला मंडी, एचईजी घाटी, जिलेटिन चौराहा, नयापुरा अदि अत्याधिक दुर्घटना संभावित क्षेत्र बन गए है। साथ ही जिस प्रकार से मंडीदीप विस्तार कर रहा हैं, जिससे फोरलेन मार्ग पर्याप्त नही है। इसलिए मार्ग का चौड़ीकरण कर 6 लेन उन्नयन एवं चौड़ीकरण किया जाए। जिस पर हालही में केन्द्रीय सड़क परिवाहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी ने स्वीकृति देते हुए मंजूरी दी है। मंजूरी मिलने पर विधायक सुरेन्द्र पटवा ने प्रधानमंत्री सहित केंद्रीय सड़क परिवाहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी व मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त किया है।

## मुनि सुव्रतनाथ का जन्म और तप कल्याणक भक्ति भाव से मनाया

### जिनालयों में पूजा-अभिषेक कर की शांतिधारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर में जैन धर्म के 20वें तीर्थंकर भगवान मुनिसुव्रतनाथ का जन्म व तप कल्याणक भक्ति भाव से मनाया गया। इस मौके पर नगर के महावीर कॉलोनी स्थित श्री नेमीनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में पूजा, अभिषेक, शांतिधारा की गई। कमेटी के अध्यक्ष विमल जैन राजदीप ने बताया कि मुनि सुव्रतनाथ भगवान का जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव मंदिर में समाज के धर्मप्रेमी बंधुओं द्वारा उत्साह के साथ मनाया गया। पूरा जिनालय परिसर भगवान के जयकारों से गुंजायमान हुआ।

सुबह 7.30 बजे मंदिर में मुनिसुव्रतनाथ भगवान को सौधर्म



इन्द्र अभिनेष जैन परिवार द्वारा रजत कलशों से प्रासुक जल से अभिषेक किया गया। इसके बाद विजय जैन कठनेरा, सुमित जैन परिवार द्वारा विश्व की सुख-समृद्धि व कामना के साथ मंत्रोच्चारों के बीच शांतिधारा का उच्चारण कर जिनेन्द्र देव के चरणों में धारा प्रभावित की गई, साथ ही आरती की।



# साहित्यिक विधाओं की बुनियादी समझ से कराया परिचित

## विश्व पुस्तक दिवस पर रंगमंच और साहित्य का संगमः थिएट्रिक्स-24 का भव्य शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

विश्व पुस्तक दिवस के अवसर पर विहान ड्रामा वर्क्स ग्रुप द्वारा आयोजित सात दिवसीय थिएटर कार्यशाला थिएट्रिक्स-24 का संचालन युवा रंगनिर्देशक और कार्यशाला निदेशक सौरभ अनंत के नेतृत्व में हो रहा है। बुधवार के सत्र के विषय विशेषज्ञ, वरिष्ठ रंगकर्मी हेमंत देवलेकर ने 'बाल साहित्य और रंगमंच' को केंद्र में रखते हुए प्रतिभागियों को साहित्यिक विधाओं की बुनियादी समझ से परिचित कराया।

### साहित्यक विधाओं की विशेषताओं पर की विस्तार से चर्चा



उन्होंने कहानी, कविता, नाटक, उपन्यास, निबंध, आलोचना, कथेतर साहित्य जैसी विधाओं की विशेषताओं पर विस्तार से चर्चा की। विशेष रूप से निबंध और ललित निबंध की संरचना और उनके सौंदर्यबोध को सरल भाषा में समझाया। नाटक विधा को सबसे सहज और जीवंत रूप में प्रस्तुत करते हुए उन्होंने संवाद लेखन और चरित्र निर्माण की मूल बातें साझा कीं। पत्रिकाओं की विविधता और संपादन की प्रक्रिया को भी उदाहरणों के माध्यम से सजीव किया गया।

### चित्रों के आधार पर पेश की दृश्यात्मक अभिव्यक्तियां

सत्र की विशेष प्रस्तुति के रूप में बच्चों की लोकप्रिय किताब 'शलजम' का रेड-एलाउड सत्र आयोजित किया गया। प्रतिभागियों ने कहानी के चित्रों और पात्रों के आधार पर दृश्यात्मक अभिव्यक्तियां प्रस्तुत कीं और छोटे-छोटे अभिनय अभ्यास किए। इससे उनकी कल्पनाशक्ति, अभिनय क्षमता और सामूहिकता के गुणों का सहज विकास हुआ।



## इंजीनियरिंग बैकग्राउंड के स्टूडेंट्स ह्यूमैनिटीज को आसानी से कर लेते हैं स्कोर

# यूपीएससी टॉपर्स के लिए ह्यूमैनिटीज रहा सबसे ज्यादा स्कोरिंग विषय

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

- यूपीएससी रिजल्ट पर सिविल सेवा परीक्षा के शिक्षक और एक्सपर्ट ने दी राय
- ह्यूमैनिटी के विषय सिविल सेवा परीक्षा में उम्मीदवारों को दिलवाते हैं अच्छे नंबर

मंगलवार को यूपीएससी के घोषित रिजल्ट में जहां मप्र के करीब 25 स्टूडेंट्स का सिलेक्शन हुआ, वहीं इस रिजल्ट में एक खास चीज भी देखने को मिली कि यूपीएससी टॉपर्स लिस्ट में ज्यादातर इंजीनियरिंग बैकग्राउंड के प्रतिभागियों ने बाजी मारी। जबकि उन्होंने अपने मूल इंजीनियरिंग विषय की जगह अपना ऑप्शनल सब्जेक्ट में ह्यूमैनिटीज के विषय को चुना।

हरिभूमि ने जब राजधानी के सिविल सेवा परीक्षा के शिक्षक व एक्सपर्ट और कोचिंग संचालकों से बातचीत की तो उन्होंने बताया कि इंजीनियरिंग के छात्रों को मानविकी विषयों में बेहतर प्रदर्शन करने में आसानी होती है। ऐसा इसलिए क्योंकि ये छात्र गणित और विज्ञान में मजबूत होते हैं, जिससे वो लॉजिक्स लगाना और प्रॉब्लम साल्विंग जैसी क्षमताओं को आसानी से कर पाते हैं और इन क्षमताओं का उपयोग वे मानविकी विषयों में भी कर सकते हैं, जैसे कि इतिहास, भाषा और साहित्य में।


### रीजनिंग और एप्टीट्यूड जैसे विषय भी आसानी से समझ पाते हैं



एक्सपर्ट ने कहा कि ह्यूमैनिटी के विषय आईएएस की परीक्षा में उम्मीदवारों को अच्छे नंबर भी दिलवाते हैं। अमूमन इंजीनियरिंग के विद्यार्थी भी ह्यूमैनिटी को विषय के रूप में चुनते हैं। इससे उन्हें दो तरफा फायदा होता है, तकनीकी के विषय की गहरी समझ होने से ह्यूमैनिटी के विषयों को समझने में उन्हें आसानी तो होती ही है, साथ ही रीजनिंग और एप्टीट्यूड जैसे विषय भी वे आसानी से समझ पाते हैं।

### इंजीनियरिंग बैकग्राउंड का बच्चा चार या पांच महीने में ही कवर कर लेता है ह्यूमैनिटीज सब्जेक्ट

प्रयास केएसजी के डायरेक्टर अपूर्व परसाई ने कहा कि आईआईटियन या इंजीनियरिंग बैकग्राउंड का बच्चा चार या पांच महीने में ही ह्यूमैनिटीज जैसे सब्जेक्ट को कवर कर लेता है, क्योंकि यह उनके लिए काफी स्कोरिंग होता है। इन बच्चों के लिए एंथ्रोपोलॉजी, सोशियोलॉजी, हिस्ट्री यहां तक की जियोग्राफी को भी याद कर पाना और इनको ग्राफिकल रिप्रजेंटेशन कर पाना आसान होता है। इसके साथ ही सिविल सेवा परीक्षा में कॉन्फिडेंस का भी बहुत योगदान है और इस बैकग्राउंड का बच्चा खासकर आईआईटियन बच्चा एक बड़ी परीक्षा पहले ही पास कर चुका है तो उसका कॉन्फिडेंस लेवल भी हायर होता है। यही वजह है कि टॉपर्स की लिस्ट में ज्यादातर इंजीनियरिंग बैकग्राउंड का बच्चा नजर आता है।



### इंजीनियरिंग बैकग्राउंड का बच्चा, आखिर क्यों चुनता है ह्यूमैनिटीज?

**अभिषेक खरे**, सिविल और राज्य सेवा (एमपीपीएससी/यूपीएससी) परीक्षा के शिक्षक, करियर काउंसलर और लेखक ने कहा कि यूपीएससी में यदि स्कोरिंग सब्जेक्ट की बात की जाए तो वह ह्यूमैनिटीज है और अभी तो क्या पिछले कुछ सालों का यही ट्रेंड देखा जा रहा है, इसलिए इंजीनियरिंग बैकग्राउंड, आईआईटियन और टेक्निकल बैकग्राउंड के स्टूडेंट्स इस परीक्षा को बहुत आसानी से क्रेक कर लेते हैं।



#### अभिषेक ने इंजीनियरिंग बैकग्राउंड के बच्चों की सफलता कारण बताए-

- टेक्निकल बच्चे का दिमाग भी काफी शार्प होता है, वह चार्ट एवं ग्राफ के उपयोग से आंसर ज्यादा अच्छे से लिखता है।
- ऐसे बच्चों की सिटिंग कैपेसिटी भी ज्यादा होती है, जहां आर्ट्स बैकग्राउंड का बच्चा रटकर पास करता है तो वहीं टेक्निकल बच्चा चीजों को समझकर, चार्ट्स से करता है, जो काफी स्कोरिंग बन जाता है।
- टेक्निकल फील्ड का बच्चा यदि फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथ्स जैसे सब्जेक्ट लेगा तो इसके पेपर भी आईआईटी बैकग्राउंड के प्रोफेसर ही बनाएंगे और चेक भी वही करेंगे ऐसे में ह्यूमैनिटीज उनके लिए आसान होगा।
- टेक्निकल फील्ड वाला बेसिक फील्ड छोड़ जब जियोग्राफी, हिस्ट्री, सोशियोलॉजी जैसे सब्जेक्ट लेता है तो एक साल में ही कवर कर लेता है, फिर तीन से चार महीने ग्राफ और चार्ट बनाने में लगाता है।

# यदि हम विरासत का संरक्षण नहीं करेंगे तो आने वाली पीढ़ियां इसे भूल सकती हैं



## राज्य संग्रहालय में विरासत स्थलों का सुरक्षात्मक संरक्षण-प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

कल सहेजी गई विरासत आज हमारी पूंजी के रूप में मौजूद है। यदि इसका संरक्षण नहीं किया गया, तो यह धरोहरें भविष्य में केवल हमारी स्मृतियों में जीवित ना रह जाए, बल्कि भावी पीढ़ी के लिए मूल रूप से संजो के राखी जाए, इसका प्रयास हम करते रहेंगे। इसी उद्देश्य के साथ संचालनालय पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय, मप्र द्वारा दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम विरासत स्थलों का सुरक्षात्मक संरक्षण का आयोजन कराया जा रहा है।

### सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण लिए अपनानी होगी नवीन तकनीकः शुक्ला

राज्य संग्रहालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख सचिव, मप्र शासन, संस्कृति, पर्यटन एवं धार्मिक न्यास शिव शेखर शुक्ला ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कहा कि यदि हम अपनी विरासत का संरक्षण नहीं करेंगे, तो आने वाली पीढ़ियां इसे भुला सकती हैं। हमें अपने सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण हेतु नवीन तकनीकों को अपनाना होगा एवं इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम आवश्यक रूप से आयोजित होते रहना चाहिए।

### विरासत स्थलों की समझ एवं उनके संरक्षण की आवश्यकता

संयुक्त संचालक, संचालनालय पुरातत्व डॉ. मनीषा शर्मा ने संचालनालय की विभिन्न उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए विभाग के प्रयासों की जानकारी दी। इस अवसर पर डॉ. रवींद्र ठाकुर ने विरासत स्थलों की समझ एवं उनके संरक्षण की आवश्यकता विषय पर प्रस्तुति दी, जिसमें उन्होंने ऐतिहासिक स्थलों के महत्व और उनके संवेदनशील संरक्षण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

# एडवेंचर एक्टिविटी से युवाओं का होता है शारीरिक एवं मानसिक विकास

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय शारीरिक शिक्षा विभाग साहसिक गतिविधि प्रकोष्ठ द्वारा छात्र-छात्राओं में साहस की भावना बढ़ाने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय स्थित खेल प्रशाल स्थित क्लाइंबिंग वॉल परिसर तीन दिवसीय साहसिक गतिविधि प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

25 अप्रैल तक आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर में लगभग 120 प्रतिभागी सहभागिता कर रहे हैं, जिसमें क्लाइंबिंग, रैपलिंग, जिपलाइन, रिवर क्रॉसिंग, बैलेंस द रोप, नेतृत्व एवं व्यक्तित्व विकास, पर्यावरण संरक्षण, टीम बॉन्ड एक्टिविटी ,आपदा प्रबंधन के अंतर्गत अर्बन सर्वाइवल दुर्घटना के समय सीपीआर का प्रशिक्षण बर्डस वाचिंग पक्षी दर्शन का प्रशिक्षण फील्ड भी विशेषज्ञों द्वारा दिया जा रहा है। कुलगुरु प्रोफेसर सतीश कुमार जैन ने बताया कि एडवेंचर एक्टिविटी के आयोजन से युवाओं मे साहस एवं देशभक्ति की भावना के साथ उनका मानसिक शारीरिक विकास भी होता है।



# पद्मश्री डॉ. वर्मा ने देखे बच्चों के तैयार मॉडल, प्रश्न भी पूछे

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

लैब वैज्ञानिक स्वभाव के इनक्यूबेटर हैं, जहां प्रयोगों के माध्यम से व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होता है और छात्रों की जिज्ञासा को जानकर उनकी इसी सोच को आगे बढ़ाया जा सकता है। युवा मन में जिज्ञासा, रचनात्मकता और कल्पना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, 32वीं अन्वेषिका लैब का उद्घाटन सागर पब्लिक स्कूल, रोहित नगर में किया गया। कार्यक्रम में पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित, डॉ. एचसी वर्मा, एक प्रयोगात्मक भौतिक विज्ञानी और भारत के अन्वेषिका नेटवर्क के राष्ट्रीय समन्वयक ने भाग लिया। प्रो. वर्मा ने छात्रों द्वारा तैयार किए गए प्रत्येक मॉडल को देखा। उन्होंने उनकी प्रजेंटेशन को सुना और कई प्रश्न भी किए।

### एसपीएस रोहित नगर में 32वीं अन्वेषिका लैब का उद्घाटन





### वास्तव में यह फिजिक्स लैब छात्रों के लिए आधारशिला साबित होगीः वर्मा

प्रो. एचसी वर्मा ने स्कूल प्रबंधन को उनकी शानदार पहल के लिए बधाई दी और उम्मीद जताई कि यह अन्वेषिका लैब वास्तव में फिजिक्स के छात्रों के लिए आधारशिला साबित होगी।

## अर्थ-डे के उपलक्ष्य में रोपे पौधे...



# प्रकृति को संरक्षित करने के उद्देश्य से पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

अर्थ-डे के उपलक्ष्य में सोशल वर्कर प्रीती खरे, पूनम और उनकी टीम के द्वारा सूत्रधार एस.के.जे.एस एवं सेंटीमेंट इवेंट प्रोजेक्ट के अंतर्गत पौधारोपण किया गया। यह पौधारोपण मानवता संरक्षक ट्रस्ट द्वारा गोद ली गई आंगनबाड़ी शहीद नगर में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुरेश सिंह तोमर संयुक्त निदेशक महिला बाल विकास मध्य प्रदेश रहे। जिसमें प्रकृति को संरक्षित करने का संदेश दिया गया साथ ही गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार और दिनचर्या को नियम अनुसार पालन करने का भी संदेश दिया।




## 'सबकी अपनी राम कहानी' पुस्तक का लोकार्पण

# अपने पूर्वजों को याद करना हमारा और समाज का नैतिक दायित्व

विश्व संवाद केंद्र के सभागार में साहित्य की कई हस्तियों के बीच लोकार्पण

*ईमानदारी और कर्मठता का अदभुत मिश्रण थे राम वल्लभ*

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

अपने पूर्वजों को याद करना हमारा और समाज का नैतिक दायित्व है, विनोद नागर ने अपने पिता की लिखी डायरी को पुस्तक के रूप में प्रकाशित कर बड़ा महत्वपूर्ण कार्य किया है, इस कृति से उनके पिता का जीवन संघर्ष हमारे सामने आता है । यह उदगार हैं पूर्व आईएएस और वरिष्ठ साहित्यकार मनोज श्रीवास्तव के जो कीर्तिशेष राम वल्लभ नागर की डायरी रूप में लिखी आत्मकथा 'सबकी अपनी राम कहानी' सम्पादक विनोद नागर का विश्व संवाद केंद्र सभागार में लोकार्पण करते हुए बोल रहे थे।




कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सेवानिवृत वरिष्ठ आईएएस अशोक विजयवर्गीय ने कहा कि राम वल्लभ का जीवन सादा था, उनमें ईमानदारी और कर्मठता का अदभुत मिश्रण था, उन्होंने उनके साथ बिताए समय को स्मरण किया ।

### डायरी के प्रकाशन अनुभवों को किया साझा

सारस्वत अतिथि के रूप में बोलते हुए लाजपत आहूजा ने विनोद नागर के इस कार्य की प्रशंसा करते हुए नागर का भावुक स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मुख्य मंत्री के संस्कृति सलाहकार श्रीयुत श्रीराम ने भी नागर को साधुवाद दिया। वहीं, कीर्तिशेष नागर के सुपुत्र साहित्यकार विनोद नागर ने पिता से जुड़े अनेक संस्मरण और इस डायरी के प्रकाशन अनुभवों को साझा किया।



## नाट्य कृति 'संत तुकाराम' का विमोचन



# संत परंपरा और भारतीय दर्शन पर सार्थक चर्चा

*गांधी भवन में हुआ आयोजन*

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

रंगशीर्ष संस्था की ओर से वरिष्ठ रंगकर्मी और लेखक संजय मेहता की पुस्तक संत तुकाराम का विमोचन बुधवार शाम को गांधी भवन में हुआ।

मुख्य अतिथि साहित्य अकादमी के निदेशक डॉ. विकास दवे और विशेष अतिथि गिरिजाशंकर थे, अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र शर्मा ने की। कार्यक्रम में संत परंपरा और भारतीय दर्शन पर सार्थक चर्चा हुई। कार्यक्रम की शुरुआत पहलगाम में हुई घटना की निंदा और मृतकों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट के मौन के साथ हुई। कार्यक्रम में वरिष्ठ रंगकर्मी राजीव वर्मा और सतीश दवे भी मौजूद रहे। डॉ. दवे ने कहा कि संजय मेहता के नाटक में संत तुकाराम का आख्यान तो है, साथ ही लोकपरंपरा की झलक भी दिखाई देती है। गिरिजाशंकर ने कहा कि संजय का नाट्य निर्देशन उनके लेखन में दिखाई देता है, जब कोई नाटककार अभिनेता और निर्देशक भी हो तो उसके लिखे नाटक को मंच पर उतारना आसान हो जाता है। विशेष वक्तव्य रंगकर्मी विवेक सावरीकर ने दिया।

## पहलगाम में आतंकी हमले से देशभर में फैला आक्रोश, सभी देशवासियों और युवाओं का एक सुर में फूटा आवेश

# आतंकवाद का पुतला फूंका, नारेबाजी की और बोले-आतंकियों गुनहगारों को जमीन में गाड़ दो, पाक का नामोनिशान मिटा दो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकी हमले में कई पर्यटकों की मौत के बाद देशभर में आक्रोश फैल गया है। बहराइच में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने महाराणा प्रताप चौक पर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने आतंकवाद का पुतला फूंका और जोरदार नारेबाजी की। उन्होंने आतंकियों और उनको पनाह देने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

किसान डिग्री कॉलेज के पास जमा हुए प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार से हमले के दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग की। उनका कहना था कि आतंकियों को ऐसा सबक सिखाया जाए कि भविष्य में कोई इस तरह का हमला करने की हिम्मत न करे। धर्मशाला के रहने वाले अनुज कश्यप ने इस घटना को लेकर कहा कि आज भारत का हर एक व्यक्ति भारत सरकार के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि सरकार को इस हादसे का बदला लेना होगा और पाकिस्तान को सबक सिखाना होगा। उन्होंने कहा कि सरकार अगर इजाजत दे, तो यह युवा पूरे पाकिस्तान को कुछ मिनट में मिटा कर सकते हैं।

### कायराना हमला... एक ही जवाब- लें ठोस बदला



न भूलना, न माफ करना, लोगों ने देशभर में किया प्रदर्शन

#### जागो हिंदुओं जागो

स्थानीय युवक अमित ने इस मौके पर कहा कि धर्म पूछ कर हिंदू लोगों पर गोलियां चलाई गई और उन्हें मार दिया गया। निहत्थे हिंदुओं से इस तरह की कर-कर आतंकवादियों ने अपने काफिर होने का प्रमाण दिया है। उन्हें कहा कि अब हिंदुओं को जगाना होगा और इस के खिलाफ आवाज उठानी होगी। हम इस तरह से पाने लोगों को तड़फ-तड़फ कर मरते हुए नहीं देख सकते।

#### विहिप कल करेगी राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन

विश्व हिंदू परिषद् ने आतंकी हमला के विरोध में झारखंड सहित देशभर में 25 अप्रैल को विरोध प्रदर्शन करेगा। परिषद के केंद्रीय संयुक्त महामंत्री डॉ. सुरेंद्र जैन ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुई भीषण घटना की निंदा की। पहलगाम घटना के विरोध में देशभर में आंदोलन करने की घोषणा करते हुए विहिप ने कहा कि इस अमानवीय घटना पर संपूर्ण देश स्तब्ध व आक्रोशित है। झारखंड विहिप के सहमंत्री डॉ. बिरेंद्र साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि जिस तरह से जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने घटना को अंजाम दिया है, उससे पूरा देश स्तब्ध है। इसके विरोध में झारखंड के सभी जिलों में 25 अप्रैल को विरोध प्रदर्शन किया जाएगा और आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब देने का मांग की जाएगी। इसका जवाब भारत सरकार को देना होगा कि कोई ऐसा दुस्साहस न कर सके।

दुल्हन की खामोशी, चीखें कह रहीं

#### ऐसी कार्रवाई हो कि वे कांप जाएं



पहलगाम त्रासदी का चेहरा बनीं, उस नई नवेली दुल्हन, जो अपने पति के लाश के पास खामोशी से बैठी है। उसकी खामोशी चीखों से ज्यादा दर्दनाक है। सोशल मीडिया पर लाखों यूजर्स ने तस्वीरें शेयर कर कहा है कि इस हमले का जवाब ऐसा होना चाहिए, जिसकी गूंज पूरे विश्व में हो और आतंकी अगली बार ऐसा करना तो दूरसोचने के पहले भी कांप जाए।

सोशल मीडिया पर बोले लोग

#### अब निंदा का नहीं कार्रवाई का समय आ गया: श्री श्री



पहलगाम आतंकी हमले पर बोले श्री श्री रवि शंकर ने कहा है कि ये निंदा या आलोचना का समय नहीं है, ये बड़े एक्शन का समय है। अभी पूरे विश्व को एक साथ आना चाहिए और आतंकियों को उनकी असली जगह दिखानी चाहिए।

#### आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता: रंगनाथन



वैज्ञानिक और लेखक आनंद रंगनाथन ने कहा कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता। इसीलिए पहलगाम के आतंकवादियों ने पर्यटकों के पहचान पत्र चेक किए, उनकी पैंट उतारी, उनसे कलमा पढ़ने को कहा और जो मुसलमान नहीं थे, उन्हें मार डाला। इतनी नफरत सीमा पार से नहीं आ सकती। यह एक ऐसी विचारधारा से आती है जो सीमाओं से परे है।

**यूजर्स बोले- हिंदू होना कसूर हो गया?:** कई सोशल मीडिया यूजर ने लिखा है कि चाहे आप मानें या न मानें, उनका कसूर सिर्फ इतना था कि वो एक हिंदू हैं। एक अन्य यूजर ने लिखा, जब तस्वीरें आत्मा को झकझोर दें और इंसानियत मरी हुई दिखाई दे, तब आह निकलती है अपने ही देश में हिंदू सुरक्षित नहीं है।

### सचिन-कोहली ने भी आतंकी हमले पर जताया शोक, कहा

## पाकिस्तान से खेल संबंध समाप्त किए जाएं



भारतीय खेल जगत ने भी पहलगाम आतंकी हमले पर शोक जताया है। भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर श्रीवत्स गोस्वामी ने पाकिस्तान के साथ खेल संबंध पूरी तरह समाप्त करने की मांग की है। भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली ने भी इस हमले पर दुख जताया और पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी है। सचिन ने लिखा, पीड़ित परिवार अकल्पनीय कष्ट से गुजर रहे होंगे। भारत और दुनिया भर में लोग इस कठिन समय में उनके साथ हैं।

### फिल्म अभिनेता बोले

#### जघन्य कृत्य के खिलाफ न्याय मिले



बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान और सलमान खान ने भी हमलों की निंदा की है। शाहरुख खान ने एक्स पर एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने लिखा है, पहलगाम में जो हुआ, उस कृत्य पर दुख और गुस्से को शब्दों में बयां कर पाना मुश्किल है। हम एक राष्ट्र के रूप में एकजुट होकर मजबूत बनें और इस जघन्य कृत्य के खिलाफ न्याय मिले।

#### सलमान बोले- पूरी कायनात को मारने के बराबर

सलमान खान ने भी एक्स पर पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने लिखा है, धरती का स्वर्ग कश्मीर, नरक में बदलता जा रहा है। निर्दोष लोगों को निशाना बनाया जा रहा है। मेरी संवेदनाएं उनके परिवारों के साथ हैं। एक भी मासूम को मारना पूरी कायनात को मरने के बराबर है।

#### अन्य ने भी जताई संवेदना

माधुरी दीक्षित, प्रियंका चोपड़ा, अल्लू अर्जुन, आलिया भट्ट, अनुष्का शर्मा और विक्की कौशल सहित तमाम सितारों ने हमलों की निंदा की है।

### ये भी प्रतिक्रियाएं

#### बहुत आहत, स्तब्ध और दुखी हूं: खरगे



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि बेहद दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटी। इसने हम सभी को बहुत आहत, स्तब्ध और दुखी किया है।

#### मुसलमानों को दबाया जा रहा: वाड्रा



आतंकी हमले पर दुख जताते हुए बिजनेसमैन रॉबर्ट वाड्रा ने कहा कि क्योंकि 'उन्हें' लगता है कि मुसलमानों को दबाया जा रहा है।

#### धामी ने मौन रख दी श्रद्धांजलि



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सीएम आवास में बैठक में दो मिनट का मौन रखकर हमले में मारे गए निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

#### भारत करारा जवाब देगा : साय



सीएम विष्णु देव साय ने हमले की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि जब-जब देश पर इस तरह का हमला हुआ है, भारत ने करारा जवाब दिया है।

#### 6 परिवारों को 5 लाख का मुआवजा



महाराष्ट्र सरकार ने आतंकवादी हमले के दौरान अपने प्रियजनों को खोने वाले 6 परिवारों को 5 लाख की वित्तीय सहायता देने की घोषणा की है।

#### पंजाब में हाई अलर्ट उच्च स्तरीय बैठक



पंजाब को हाई अलर्ट पर रखा गया है। सीएम भगवंत मान ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए एक उच्च स्तरीय सुरक्षा बैठक की है।

#### सीएम सावंत नहीं मनाएंगे जन्मदिन



गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने बुधवार को घोषणा की किआतंकवादी हमले के मद्देनजर वे 24 अप्रैल को अपना जन्मदिन नहीं मनाएंगे। उन्होंने

#### मुर्गे लड़ाने की कोशिश मत करो



पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद ने कहा कि यह कश्मीरियत पर और इंसानियत पर हमला है। वह मुर्गा लड़ाने की कोशिश न करे।

---

### खबर संक्षेप

#### धर्मांतरण के प्रयास में विदेशी सहित 2 अरेस्ट



**कोटा।** राजस्थान के कोटा जिले के मोतीपुरा गांव में अवैध धर्मांतरण गतिविधियों में लिप्त होने की बजरंग दल के सदस्यों की शिकायत पर एक अमेरिकी नागरिक सहित दो व्यक्तियों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। आरोपियों की पहचान जॉय मैथ्यू और उसके दामाद कॉलिन मिशेल के रूप में हुई है। मिशेल अमेरिकी नागरिक है, जबकि जॉय स्थानीय नागरिक है।

#### अपमानजनक टिप्पणी महिला को 7 दिन कैद



**मुंबई।** बम्बई उच्च न्यायालय ने नवी मुंबई में एक आवासीय सोसाइटी के डॉग्स को खाना खिलाने वालों के पक्ष में आदेश पर अदालत के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने पर महिला को आपराधिक अवमानना का दोषी ठहराया। अदालत ने विनीता श्रीनंदन को एक सप्ताह की साधारण कारावास की सजा सुनाई, इसके साथ ही 20,000 रुपए का जुर्माना भी लगाया।

#### हरियाणा में 5 एकड़ में बनी 2 कॉलोनियां ध्वस्त



**पलवल।** जिला नगर योजनाकार विभाग की टीम ने फाजलपुर और खजूरका गांव में अवैध रूप से बनाई जा रही कॉलोनियों को ध्वस्त कर दिया है। विभाग ने 5 एकड़ में बनी दो अवैध कॉलोनियों के कमरे, चारदीवारी व सड़कें ध्वस्त कर दी। जिला नगर योजनाकार अनिल मलिक व भारी पुलिस बल तैनात रहा। इसके साथ ही यहां पर चेतावनी बोर्ड भी लगा दिया गया है। लोगों को चेतावनी दी है कि यहां पर किसी तरह का निर्माण नहीं होना चाहिए।

### चिकित्सकों पर बढ़ते हमलों से बचाने दिशा-निर्देश का अनुरोध

#### पूर्व में ही गाइड लाइन दी गई प्रत्येक घटना को देखना असंभव

## शीर्ष अदालत से प्रत्येक गतिविधि की निगरानी की उम्मीद नहीं करनी चाहिए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने चिकित्सकों पर बढ़ते हमलों से उन्हें बचाने के लिए दिशा-निर्देश जारी करने के अनुरोध वाली याचिकाओं पर विचार करने से बुधवार को इनकार कर दिया और कहा कि उससे (शीर्ष न्यायालय से) हर काम करने और हर गतिविधि पर नजर रखने की उम्मीद नहीं की जा सकती।


न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी वराले की पीठ ने उच्चतम न्यायालय के एक फैसले का हवाला देते हुए कहा कि संबंधित दिशा-निर्देश पहले ही निर्धारित किए जा चुके हैं और याचिकाकर्ता उचित वाद दायर करने के लिए स्वतंत्र हैं। पीठ ने कहा कि आप उच्चतम न्यायालय से यह अपेक्षा नहीं कर सकते कि सभी कुछ वह करेगा और प्रत्येक गतिविधि पर निगरानी रखेगा।

याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश एक वकील ने जब चिकित्सकों पर हमले की घटनाओं का उल्लेख किया, तो पीठ ने कहा कि ये सभी बहुत दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं हैं लेकिन उच्चतम न्यायालय यहां बैठकर प्रत्येक घटना की निगरानी नहीं कर सकता है।

#### कथित आत्महत्या की जांच सीबीआई से कराने का अनुरोध किया गया

#### स्त्री रोग विशेषज्ञ की आत्महत्या का मामला

पीठ 2022 में दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें चिकित्सकों पर हमले के मामले बढ़ने का आरोप लगाया गया था और उनकी सुरक्षा के लिए व्यापक दिशा-निर्देश तैयार करने का अनुरोध किया गया था। एक याचिका में राजस्थान के दौसा में एक स्त्री रोग विशेषज्ञ की कथित आत्महत्या की जांच सीबीआई से कराने का अनुरोध किया गया है। राजस्थान में प्रसव के दौरान अत्यधिक रक्तस्राव के कारण एक मरीज की मौत के बाद भीड़ द्वारा कथित रूप से परेशान करने के बाद स्त्री रोग विशेषज्ञ ने आत्महत्या कर ली थी। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश एक वकील ने बुधवार को उच्चतम न्यायालय के 21 अक्टूबर, 2022 के आदेश का हवाला दिया, जिसमें केंद्र और अन्य को नोटिस जारी कर इन याचिकाओं पर जवाब मांगा गया था। पीठ ने पूछा कि तो फिर दोबारा दिशा-निर्देश देने का क्या मतलब है?'



#### सामान्य निर्देश कैसे दिए जा सकते हैं?

पीठ ने कहा कि यह काम संसद को करना है। ये सभी नीतिगत मामले हैं। याचिकाकर्ताओं में से एक की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने कहा कि चिंता की बात यह है कि देशभर के पुलिस थाने इलाज के दौरान दुर्भाग्यवश मरीजों की मौत हो होने पर चिकित्सकों के खिलाफ मामले दर्ज कर रहे हैं। पीठ ने पूछा कि सभी पुलिस थानों के खिलाफ इस तरह का आरोप कैसे लगाया जा सकता है? इसने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने अपने पिछले फैसले में पहले ही दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं और निर्देशों का उल्लंघन अवमानना के समान होगा। पीठ ने कहा किसामान्य निर्देश कैसे दिए जा सकते हैं?

#### दूसरी पीठ केस को खारिज नहीं कर सकती

शंकरनारायणन ने कहा कि अक्टूबर 2022 में नोटिस के अनुसार, चार राज्यों ने अपने जवाब दाखिल किए और उन्होंने याचिका की स्वीकार्यता पर कोई आपत्ति नहीं जताई। पीठ ने पूछा कि तो क्या एक बार नोटिस जारी होने के बाद दूसरी पीठ याचिका को खारिज नहीं कर सकती? यदि यह तुच्छ नहीं है तो यह परेशान करने वाली बात है। शंकरनारायणन ने कहा कि मुद्दे न तो परेशान करने वाले हैं और न ही तुच्छ। अनुरोध किया कि 4 राज्यों से जवाब आ चुके हैं, इसलिए उच्चतम न्यायालय इस मामले को दिल्ली उच्च न्यायालय में स्थानांतरित कर दे।

#### शिक्षाविद अशोक के 'आपत्तिजनक' ट्वीट हटाने से इनकार किया

दिल्ली उच्च न्यायालय ने शिक्षाविद अशोक स्वैन की उस याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया, जिसमें स्वैन ने अपने प्रवासी भारतीय नागरिकता कार्ड को रद्द करने के खिलाफ उनकी याचिका पर सुनवाई करते हुए एकल न्यायाधीश की टिप्पणियों को हटाने का अनुरोध किया था। भारत में जन्मे स्वीडिश शिक्षाविद् स्वैन ने कहा कि वे एकल न्यायाधीश की इस टिप्पणी से व्यथित हैं, जिसमें कहा गया कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि याचिकाकर्ता के कुछ ट्वीट में 'आपत्तिजनक' संकेत थे और इसे भारत संघ के संवैधानिक तंत्र और वैधता को कमजोर करने वाला माना जा सकता है। मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने कहा कि एकल न्यायाधीश ने 28 मार्च के फैसले में पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि आदेश को स्वैन के खिलाफ आरोपों के गुण-दोष पर उनकी राय की अभिव्यक्ति के रूप में नहीं समझा जाना चाहिए। फैसले पर गौर करते हुए ओसीआई कार्ड रद्द करने के आदेश को खारिज कर दिया गया था।

### बंगाल में 26,000 स्कूली नौकरियों का मामला

## स्कूल शिक्षा विभाग का हाईकोर्ट की अवमानना की पोषणीयत पर सवाल

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल शिक्षा विभाग ने बुधवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय के समक्ष एक अवमानना याचिका की पोषणीयता पर सवाल उठाया, जिसमें राज्य में करीब 26,000 स्कूली नौकरियों के संबंध में उसके आदेश का पालन नहीं करने का दावा किया गया था।

याचिकाकर्ताओं ने दावा किया कि शिक्षा विभाग ने शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की ओएमआर शीट वेबसाइट पर अपलोड नहीं की है, जिन्होंने उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद अपनी नौकरी खो दी है, जिसमें कुछ संशोधनों के साथ उच्च न्यायालय के आदेश को बरकरार रखा गया था। शिक्षा विभाग के वकील ने न्यायमूर्ति देबांगसू बसाक और न्यायमूर्ति मोहम्मद शब्बार रशीदी की पीठ के समक्ष दलील दी कि चूंकि उच्चतम न्यायालय ने उच्च न्यायालय के कुछ निर्देशों को संशोधित किया है, इसलिए अवमानना की याचिका केवल शीर्ष कोर्ट में ही दायर की जा सकती है।



#### एसएससी ने लगाया प्रश्नचिन्ह

बंगाल स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील ने भी इसी आधार पर उच्च न्यायालय के समक्ष अवमानना आवेदन की पोषणीयता पर सवाल उठाया। याचिकाकर्ता के वकील ने दलील दी कि चूंकि शीर्ष अदालत ने उच्च न्यायालय के निर्देशों में कोई बड़ा बदलाव नहीं किया है, इसलिए उच्च न्यायालय के समक्ष अवमानना याचिका दायर की जा सकती है। अदालत ने कहा कि मामले की सुनवाई सोमवार को फिर से की जाएगी।

#### ओएमआर शीट को अपलोड नहीं किया

याचिकाकर्ताओं ने उच्च न्यायालय द्वारा मंगलवार को दिए निर्णय और इस वर्ष तीन अप्रैल और 17 अप्रैल को उच्चतम न्यायालय द्वारा 'संशोधित' निर्णय के उल्लंघन की शिकायत करते हुए उच्च न्यायालय के समक्ष अवमानना याचिका दायर की। याचिकाकर्ताओं ने दावा किया कि तीन हार्ड डिस्क में उपलब्ध ओएमआर शीट को एसएससी की वेबसाइट पर 'तुरंत' अपलोड नहीं किया गया है और इसे जनता के देखने के लिए उपलब्ध कराया जाना चाहिए, जैसा कि इस पीठ ने आदेश दिया था।

### राज्यसभा सीट पर मुकाबला तगड़ा

## टीडीपी और भाजपा एकसाथ ईरानी-अन्नामलाई रेस में

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली





भाजपा तमिलनाडु के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई या पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी में से किसी एक को राज्यसभा उपचुनाव में एनडीए उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतार सकती है। यह सीट वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के नेता विजयसाई रेड्डी के इस्तीफे के बाद खाली हुई है। इस सीट के लिए उपचुनाव 9 मई को होगा।

इसी बीच, विजयसाई रेड्डी हाल ही में शराब घोटाले की जांच कर रही विशेष जांच दल के सामने पेश हुए। राज्यसभा उपचुनाव को लेकर एनडीए में हलचल तेज हो गई है। एनडीए की सहयोगी पार्टी तेलुगू देशम पार्टी, भाजपा के उम्मीदवार को समर्थन दे सकती है। इसको लेकर आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के मुख्य रणनीतिकार अमित शाह से मुलाकात कर सकते हैं।

### केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री गडकरी ने दिया प्रस्ताव

## जल्द ही हॉर्न की आवाज बांसुरी और तबले जैसी होगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने हाल ही में एक नया और दिलचस्प प्रस्ताव पेश किया है। उन्होंने कहा है कि वह ऐसा कानून लाने पर विचार कर रहे हैं, जिससे गाड़ियों के तेज और कर्कश हॉर्न की जगह भारतीय संगीत वाद्ययंत्रों की मधुर ध्वनि सुनाई दे। हाल ही में दिल्ली में हुए एक कार्यक्रम में बोलते हुए गडकरी ने बताया कि भविष्य में गाड़ियों के हॉर्न से बांसुरी, तबला, वायलिन और हारमोनियम जैसी सुकून देने वाली आवाजें सुनाई दे सकती हैं।

#### मंत्री ने कहा कि ऐसा कानून बनाने पर हो रहा विचार



#### आवाज के प्रदूषण को कम करने की पहल

मंत्री गडकरी ने इस पहल के पीछे की वजह भी समझाई। उनका कहना है कि सड़क किनारे होने वाला ध्वनि प्रदूषण कम करना बेहद जरूरी है ताकि लोगों को शहरी माहौल में राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि जैसे हम हवा की गुणवत्ता सुधारने की कोशिश करते हैं, वैसे ही अब हमें ध्वनि प्रदूषण को भी गंभीरता से लेना चाहिए। उनका मानना है कि शांत और स्वस्थ माहौल शहरों को रहने लायक बनाएगा।

#### ट्रांसपोर्ट सेक्टर से 40 फीसदी वायु प्रदूषण

मंत्री गडकरी ने यह भी बताया कि भारत में लगभग 40 प्रतिशत वायु प्रदूषण ट्रांसपोर्ट सेक्टर से आता है। इसी वजह से सरकार ग्रीन मोबिलिटी यानी पर्यावरण के अनुकूल यातायात साधनों को बढ़ावा दे रही है। इसमें बायो-फ्यूल जैसे एथेनॉल और मीथेनॉल से चलने वाली गाड़ियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। सरकार ट्रांसपोर्ट विकल्पों पर काम कर रही है।

#### भारत अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ऑटोमोबाइल बाजार

केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री गडकरी ने भारत के ऑटोमोबाइल सेक्टर की तेजी से बढ़ती ताकत पर भी रोशनी डाली। उन्होंने बताया कि 2014 में भारतीय ऑटो सेक्टर की वैल्यू करीब 14 लाख करोड़ रुपए थी, जो आज बढ़कर 22 लाख करोड़ रुपए हो गई है। इतना ही नहीं, भारत ने जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ऑटोमोबाइल बाजार बनने का गौरव भी हासिल कर लिया है, जो अब सिर्फ अमेरिका और चीन से पीछे है।

**पहलगाम में आतंकी हमला**

# पहले लेफ्टिनेंट विनय के शव से लिपटकर रोईं पत्नी हिमांशी अंत में जुटाई हिम्मत, किया सैल्यूट और बोलीं- 'जय हिंद'

## छह दिन ही निभा सके सात जन्मों का बंधन

एजेंसी ▶▶ करनाल

कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम में बैसरन घाटी में मंगलवार को हुए आतंकी हमले में गोली लगने से करनाल के नौसेना अधिकारी लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की मौत हो गई। बुधवार को विनय की पत्नी हिमांशी ने अपने पति को भावभीनी विदाई दी। विनय के पार्थिव शरीर से लिपटकर हिमांशी बार-बार रोए जा रही थीं। उनका विलाप देखकर परिजन भी अपने आंसू रोक नहीं पाए। परिवार के अनुसार, शादी के बाद विनय और हिमांशी ने हनीमून के लिए यूरोप जाने का मन बनाया था। इसके लिए वे शादी से पहले ही तैयारी कर रहे थे। लेकिन वीजा नहीं मिलने के कारण उनका यह प्लान रद्द हो गया।



इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट नई दिल्ली के कार्गो टर्मिनल पर लेफ्टिनेंट विनय नरवाल का पार्थिव शरीर।

मूल रूप से भूसली गांव के रहने वाले विनय नरवाल तीन साल पहले ही नौसेना में भर्ती हुए थे। उनकी सात दिन पहले 16 अप्रैल को मसूरी में डेस्टिनेशन वेडिंग हुई थी। हिमांशी गुरुग्राम की रहने वाली हैं। परिवार की ओर से तीन दिन पहले ही करनाल में 19 अप्रैल को रिस्पेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके बाद वह पत्नी हिमांशी के साथ हनीमून के लिए पहलगाम गए थे। लेफ्टिनेंट विनय का एक मई को जन्मदिन भी है। शादी के बाद पहले जन्मदिन को लेकर परिवार काफी उत्साहित था। 26 साल के विनय शादी के लिए छुट्टी पर आए हुए थे। 3 मई को उन्हें पत्नी के साथ कोच्चि ड्यूटी पर लौटना था। विनय के पिता राजेंद्र नरवाल केंद्र सरकार के कस्टम विभाग में कार्यरत हैं। मां आशा गृहिणी हैं। दादी बीरू देवी भी गृहिणी हैं। बहन सृष्टि, विनय से छोटी हैं।



### आज मेरा पोता गया, कल किसी और का जाएगा... ये अच्छा नहीं

लेफ्टिनेंट विनय के दादा हवा सिंह पुलिस से सेवानिवृत्त हैं। उन्हें बुधवार सुबह जब पता चला कि उनका पोता नहीं रहा तो आंखों से आंसू नहीं थमे। उन्होंने सीएम नायब सिंह सैनी से वीडियो कॉल में कहा कि सीएम साहब, मेरा आपसे निवेदन है कि आरोपियों को सख्त से सख्त सजा दिलाओ। मैं पीएम मोदी से भी प्रार्थना करता हूं कि इस उग्रवाद को खत्म कराओ, आज मेरा पोता गया है कल को किसी और घर का चिराग भी ये बुझाएंगे। अच्छा नहीं होगा। सीएम सैनी ने उन्हें सख्त कार्रवाई का आश्वान दिया। उन्होंने कहा कि आतंकियों ने इस निदंनीय घटना को अंजाम दिया है तो बचने का सवाल ही नहीं है। मेरी परमात्मा से प्रार्थना है, विनय को अपने चरणों में स्थान दें।



## रक्षा मंत्री बोले- ऐसा जवाब मिलेगा कि दुनिया देखेगी

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आतंकी हमले पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि मंगलवार को पहलगाम में एक धर्म विशेष को निशाना बनाकर आतंकवादियों ने कायराना हरकत की, जिसमें कई निर्दोष लोगों की जान चली गई। मैं देशवासियों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि सरकार हर जरूरी कदम उठाएगी। हम न सिर्फ इस कृत्य के दोषियों तक पहुंचेंगे बल्कि पर्दे के पीछे के किरदारों तक भी पहुंचेंगे। आरोपियों को जल्द ही जोरदार और स्पष्ट जवाब मिलेगा, यह मैं देश को आश्वस्त करना चाहता हूं। देश की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस), तीनों सेनाओं के प्रमुख और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ एक अहम बैठक की। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने रक्षा मंत्री को पहलगाम और पूरे जम्मू कश्मीर की सुरक्षा स्थिति की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सुरक्षाबलों को अलर्ट कर दिया गया है और आतंकियों को पकड़ने के लिए सर्च अभियान जारी है।

**पर्दे के पीछे छिपे मास्टरमाइंड को नहीं छोड़ेंगे**

आंतकवाद के विरुद्ध दुनिया भर से भारत को मिल रहा लगातार समर्थन

## पीएम मोदी को फोन पर ट्रंप बोले- हम हर संभव मदद को तैयार

पीएम मोदी को बुधवार सुबह अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कॉल किया और पहलगाम में इस्लामी आतंकवादी हमले के शिकारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। राष्ट्रपति ट्रंप ने हमले की निंदा की और कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ खड़ा है और हर संभव समर्थन की पेशकश की। सूत्रों के मुताबिक पीएम मोदी ने राष्ट्रपति ट्रंप का समर्थन के लिए धन्यवाद किया और कहा कि भारत



इस कायराना और घृणित आतंकवादी हमले के अपराधियों और उनके समर्थकों को न्याय के कठघरे में लाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### *मुश्किल वक्त में भारत के साथ: ऑस्ट्रेलिया पीएम*

*ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथोनी एल्बनीज ने पीएम नरेंद्र मोदी से बातचीत की। उन्होंने कहा कि मैंने जम्मू-कश्मीर हमले में मारे गए लोगों की प्रति अपनी संवेदनाएं जाहिर कीं। उन्होंने कहा कि बेगुनाहों की हत्या की इस घटना ने पूरी दुनिया को हिला दिया है। इस मुश्किल वक्त में मैं भारत के साथ हूं।*

### हम सभी तरह के आतंकवाद के विरोध में: चीनी राजदूत

चीन के राजदूत फेइहांग ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा कि पहलगाम में हुए हमले से स्तब्ध हूं और इसकी निंदा करता हूं। पीड़ितों के प्रति गहरी संवेदना और घायलों तथा शोक संतप्त परिवारों के प्रति हार्दिक सहानुभूति। सभी तरह के आतंकवाद का विरोध करते हैं।

### हम भारत के संग मजबूती से खड़े: भूटान पीएम

भूटान के पीएम दाशो शेरिंग टोबगे ने पहलगाम में हुए अटैक पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि मंगलवार को पहलगाम में हुए भीषण आतंकवादी हमले के पीड़ितों और प्रभावित लोगों के प्रति संवेदना और प्रार्थनाएं। भूटान इस तरह के क्रूर आतंकवादी हमलों की कड़ी निंदा करता है और एकजुटता और मित्रता के साथ भारत सरकार और लोगों के साथ मजबूती से खड़ा है।

### आतंकवाद की कड़ी निंदा करते हैं: नेपाल पीएम

नेपाल के पीएम केपी शर्मा ओली ने ट्वीट कर कहा है कि "पहलगाम में आतंकवादी हमले के पीड़ितों के प्रति गहरी संवेदना। नेपाल भारत के साथ मजबूती से खड़ा है और आतंकवाद के किसी भी और सभी कृत्यों की कड़ी निंदा करता है। पीड़ितों में एक नेपाली नागरिक की रिपोर्ट की पुष्टि करने के लिए निकट समन्वय स्थापित किया गया है और सभी आवश्यक सहायता प्रदान की जाएगी।

### *आतंकवाद के सभी रूपों से निपटें: मालदीव राष्ट्रपति*

*मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू ने ट्वीट कर कहा है कि 'पहलगाम में हुए भयानक आतंकवादी हमले से बहुत दुखी और स्तब्ध हूं। इसमें कई निर्दोष लोगों की जान चली गई और कई लोग घायल हो गए। मालदीव सरकार आतंकवाद के सभी रूपों से निपटने की अपनी प्रतिबद्धता पर अडिग है। इस कठिन समय में हमारी संवेदनाएं पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ हैं।*

पाकिस्तान को थैंक यू बोलने वाला गिरफ्तार

## युवक ने लिखा- थैंक यू लश्कर ए तैय्यबा, अल्लाह ब्लेस यू ऑलवेज

**बोकारो।** पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकी हमले के बाद बोकारो पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। युवक ने हमले के बाद सोशल मीडिया एक्स पर पाकिस्तान को थैंक्यू लिखा था। युवका का नाम मो. नौशाद है। उसके पिता का नाम मो. मुश्ताक है। चास थाने की पुलिस ने उसे मिल्लतनगर से गिरफ्तार किया है। बोकारो के युवक ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'थैंक यू पाकिस्तान, थैंक यू लश्कर ए तैय्यबा, मे अल्लाह ब्लेस यू ऑलवेज, आमीन, आमीन। वी विल बी मोर हैप्पी इफ आरएसएस, बीजेपी, बजरंग दल एंड द मीडिया आर टारगेटेड।'



पोस्ट वायरल होने के तुरंत बाद हड़कंप मच गया। इस मामले में रांची के विधायक और भाजपा नेता सीपी सिंह ने बोकारो के पुलिस अधीक्षक से शिकायत की। जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी मो. नौशाद को गिरफ्तार कर लिया।

बदला लेने के लिए इजराइल ने किया खुले समर्थन का ऐलान



## भारत बेहतर तरीके से जवाब देना जानता है

पहलगाम आतंकी हमले की दुनिया भर में निंदा के बीच भारत में इजराइल के राजदूत रूवेन अजार ने कहा कि ऐसे अपराधी हमें डराने के लिए हमेशा नए तरीके खोजने की कोशिश करते हैं। हमें निश्चित रूप से इस पर ध्यान देना होगा। हमें यह देखना होगा कि वे कैसे सोचते हैं, कैसे काम करते हैं और मुझे यकीन है कि वे ऐसा करना जारी रखेंगे। लेकिन मुझे यह भी यकीन है कि हम और अधिक दृढ़ संकल्पित होंगे और जवाबी कार्रवाई करेंगे।

अजार ने कहा कि यह पूरी तरह से भारतीय सरकार पर निर्भर है। मुझे यकीन है कि उन्हें पता है कि कैसे काम करना है। हमने देखा है कि सरकार के प्रयासों की बदौलत अतीत में स्थिति कैसे स्थिर हुई है। उन्होंने कहा कि हम व्यापक आधार पर एक साथ सहयोग करने का प्रयास करते हैं ताकि यह देखा जा सके कि आम तौर पर खतरों से कैसे निपटा जाए, आतंकवाद से लड़ने के साधनों को कैसे बेहतर बनाया जाए, चाहे वह खुफिया जानकारी के लिहाज से हो, तकनीक के लिहाज से हो या फिर कार्यप्रणाली के लिहाज से हो। मुझे यकीन है कि भारतीय सरकार और यहां के अधिकारियों के पास सीमा पार क्षेत्र की स्थिति और इस मुद्दे से निपटने के तरीके के बारे में कहीं बेहतर जानकारी है।

**आतंकवाद के विरुद्ध हम और अधिक दृढ़ संकल्पित होंगे**

# श्रीनगर से 4 अतिरिक्त उड़ानों की व्यवस्था की, सभी एयरलाइंस मृतकों को गृह राज्य तक पहुंचाएं

*जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने प्रभावित पर्यटकों और पीड़ितों की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए तत्काल राहत उपायों के हिस्से के रूप में श्रीनगर से 4 विशेष उड़ानों (दो दिल्ली और दो मुंबई के लिए) की व्यवस्था की गई है। अतिरिक्त उड़ानों को स्टैंडबाय पर रखा गया है ताकि निकासी की आगे की जरूरतों को पूरा किया जा सके। नायडू ने सभी एयरलाइन ऑपरेटरों के साथ एक तत्काल बैठक की और सर्ज प्राइसिंग के खिलाफ सख्त सलाह जारी की। एयरलाइनों को नियमित किराया स्तर बनाए रखने का निर्देश दिया गया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इस संवेदनशील समय में किसी भी यात्री पर बोझ न पड़े। नायडू ने सभी एयरलाइनों को निर्देश दिया है कि वे राज्य सरकारों और स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर काम करते हुए, मृतक व्यक्तियों को उनके गृह राज्यों तक पहुंचाने में पूरा सहयोग करें।*




### टिकट कैंसिलेशन, रीशेड्यूलिंग फीस पर करें सभी विचार

मंत्रालय द्वारा जारी एडवाइजरी के अनुसार- एयरलाइनों को सलाह दी जाती है कि वे बढ़ती मांग के जवाब में उड़ानों की संख्या बढ़ाने के लिए त्वरित कार्रवाई करें और साथ ही श्रीनगर से भारत भर के विभिन्न गंतव्यों तक बिना किसी व्यवधान के कनेक्टिविटी सुनिश्चित करें, जिससे फंसे हुए पर्यटकों को निकालने में सुविधा हो। इसमें आगे निवेदन किया गया है कि टिकट कैंसिलेशन और रीशेड्यूलिंग फीस को लेकर भी गंभीरता से विचार किया जाए। रिलीज में आगे लिखा है- एयरलाइंस से यह भी अनुरोध किया जाता है कि वे रद्दीकरण और पुनर्निर्धारण शुल्क माफ करने पर विचार करें और इस कठिन समय के दौरान अप्रत्याशित परिस्थितियों और चुनौतियों का सामना करने वाले पर्यटकों को सभी आवश्यक सहायता प्रदान करें।

**भारत-सऊदी अरब रणनीतिक भागीदारी परिषद की दूसरी बैठक संपन्न**

## व्यापार, निवेश सहित अन्य क्षेत्रों में बढ़ते सहयोग पर संतोष व्यक्त किया

### पीएम मोदी की यात्रा से रक्षा और ऊर्जा सहयोग को मिलेगा बढ़ावा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और सऊदी अरब ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मध्य पूर्वी देश की राजकीय यात्रा के दौरान दो नई मंत्रिस्तरीय समितियों- एक रक्षा सहयोग के लिए और दूसरी पर्यटन और संस्कृति के लिए- को जोड़कर अपनी द्विपक्षीय रणनीतिक भागीदारी परिषद का विस्तार किया है। हालांकि, पहलगाम आतंकी हमले के कारण यह यात्रा बीच में ही समाप्त करनी पड़ी और पीएम मोदी को वापस भारत लौटना पड़ा।

इससे पहले भारत ने भारत-सऊदी अरब रणनीतिक भागीदारी परिषद की दूसरी बैठक की सह-अध्यक्षता की और रक्षा, ऊर्जा, व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी और शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में बढ़ते सहयोग पर संतोष व्यक्त किया। बुधवार को जारी संयुक्त बयान के अनुसार, परिषद में अब चार मंत्रिस्तरीय समितियां शामिल हैं, जो दोनों देशों के बीच बढ़ते जुड़ाव को दर्शाती हैं।




### कच्चे तेल की आपूर्ति और रिफाइनिंग पर बनी सहमति

दोनों नेताओं ने 'सदा तनसीक' और 'अल मोहम्मद अल हिंदी' जैसे संयुक्त अभ्यासों और हाल ही में तीनों सेनाओं के बीच स्टाफ स्तर की वार्ता की शुरुआत की सराहना की। रक्षा पर मंत्रिस्तरीय समिति की शुरुआत और रक्षा उद्योग संबंधों को बढ़ाने पर जोर रणनीतिक सहयोग में मील का पत्थर साबित हुआ। ऊर्जा के क्षेत्र में, दोनों देशों ने सहयोग को मजबूत करने पर जताई सहमति ऊर्जा के क्षेत्र में, दोनों देशों ने तेल, नवीकरणीय ऊर्जा और हरित हाइड्रोजन में सहयोग को मजबूत करने पर सहमति जताई। उल्लेखनीय है कि बिजली इंटरकनेक्शन परियोजना पर एक संयुक्त अध्ययन चल रहा है। उन्होंने कच्चे तेल की आपूर्ति, रिफाइनिंग, ग्रिड सुरक्षा और ऊर्जा दक्षता पर मिलकर काम करने पर भी सहमति जताई।

### *द्विपक्षीय व्यापार में निरंतर वृद्धि का स्वागत किया*

*दोनों पक्षों ने अगली रणनीतिक भागीदारी परिषद की बैठक पारस्परिक रूप से सुविधाजनक तिथि पर आयोजित करने पर सहमति व्यक्त की। दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय व्यापार में निरंतर वृद्धि का स्वागत किया, जिसमें भारत अब सऊदी अरब का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है और सऊदी अरब भारत का पांचवां सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। इसी के साथ ही उन्होंने भारत-जीसीसी मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत में तेजी लाने पर सहमति जताई और स्वास्थ्य, अंतरिक्ष, डाक सेवाओं और डोपिंग रोधी सहयोग को कवर करने वाले कई समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए।*



## तुर्किये में 6.2 तीव्रता के भूकंप के झटके

**अंकारा।** तुर्किये की राजधानी इस्तांबुल और आसपास के क्षेत्र में बुधवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 6.02 मापी गई। भूकंप का केंद्र 10 किलोमीटर (6.21 मील) की गहराई पर था। जर्मन भूविज्ञान अनुसंधान केंद्र (जीएफजेड) ने यह जानकारी दी। किसी के घायल होने या मरने की तत्काल कोई सूचना नहीं है। राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोआन ने कहा, मैं अपने नागरिकों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। हम घटनाक्रम पर करीब से नजर रख रहे हैं।

**पहलगाम हमले की वजह से लिया फैसला**

## वेंस का जयपुर में सिटी पैलेस दौरा रद, 3 घंटे आगरा में रहे, आज वापसी

एजेंसी ▶▶ जयपुर

अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस सपरिवार चार दिन (21 अप्रैल से 24 अप्रैल) की भारत यात्रा पर हैं। बुधवार को उन्हें जयपुर के सिटी पैलेस जाना था, लेकिन यह दौरा रद्द कर दिया गया है। दौरा रद्द करने का कोई कारण पहलगाम आतंकी हमला बताया जा रहा है। इससे पहले बुधवार सुबह वेंस और उनके परिवार से आगरा में ताजमहल देखा। करीब 3 घंटे आगरा में बिताने के बाद वे जयपुर लौट आए। फिलहाल वेंस और उनका परिवार रामबाग पैलेस होटल में हैं। वे गुरुवार सुबह साढ़े 6 बजे वॉशिंगटन रवाना होंगे। जेडी वेंस की पत्नी उषा चिलुकुरी बुधवार दोपहर को जयपुर के टोंक रोड स्थित रावत मिष्ठान भंडार पहुंचीं। यहां उन्होंने कई तरह की मिठाइयां खरीदीं और प्याज कचौरी व दाल कचौरी का स्वाद चखा। 2 किलो मिठाई खरीदी।



### भारतीय परिधान में दिखे बच्चे

आगरा में अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस का परिवार भारतीय परिधान पहना हुआ दिखाई दिया। वेंस के दोनों बेटे पारंपरिक कुर्ता पायजामा पहने हुए थे। आगरा में विमान से उतरते हुए सबसे आगे जेम्स डेविड वेंस की पत्नी ऊषा वेंस अपनी बच्ची की उंगली पकड़कर आगे बढ़ीं। यहां पर यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने वेंस और उनके परिवार को बुके देकर स्वागत किया।






# पाकिस्तान से बंद हों खेल संबंध, सचिन-कोहली सहित खेल जगत ने जताया शोक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय खेल जगत ने भी पहलगाम आतंकी हमले पर शोक जताया है। वहीं, भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर श्रीवत्स गोस्वामी ने पाकिस्तान के साथ खेल संबंध पूरी तरह समाप्त करने की मांग की है। मंगलवार को हुए इस हमले में 26 लोगों की मौत हुई है जिसमें दो विदेशी नागरिक भी शामिल हैं। भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली ने भी इस हमले पर दुख जताया और पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी है।

## पहलगाम आतंकी हमला





'प्रभावित परिवार एक अकल्पनीय परीक्षा से गुजर रहे होंगे। भारत और दुनिया दुख की इस घड़ी में उनके साथ हैं। हम लोगों की मौत पर शोक मनाते हैं और न्याय के लिए प्रार्थना करते हैं।'
- सचिन तेंदुलकर


'जम्मू-कश्मीर में हुए दुखद हमले से दिल दहल गया है। पीड़ितों और उनके परिवारों के लिए प्रार्थना करता हूं।'
-नीरज चोपड़ा


'पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों के लिए मेरा दिल दुखता है। इतना दर्द। इतना नुकसान। कोई भी किसी भी कारण से ऐसी क्रूरता को उचित नहीं ठहरा सकता। पीड़ित परिवारों का दुख शब्दों से परे है, लेकिन आप अकेले नहीं हैं। हम आपके साथ हैं।'
- पीवी सिंधू


'पीड़ितों के परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना। जिन लोगों ने अपनी जान गंवाई है, उनके परिवारों को शांति और शक्ति मिले और उन्हें क्रूर कृत्य के लिए न्याय मिले, इसके लिए प्रार्थना करता हूं।'
-विराट कोहली


'निंदा पर्याप्त नहीं है, न्याय अवश्य होना चाहिए। हमारे दिलों में पहलगाम के लिए दर्द है। आतंक की कभी जीत नहीं होनी चाहिए। पहलगाम हमले में प्रभावित सभी लोगों के लिए प्रार्थना।'
- पीआर श्रीजेश


'धर्म के नाम पर निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाना और उनकी हत्या करना पूरी तरह से बुराई है। यह कैसी लड़ाई है जहां इंसान की जान की कोई कीमत ही नहीं है। मुझे उम्मीद है कि यह पागलपन जल्द ही खत्म होगा और इन आतंकवादियों को दंडित किया जाएगा।'
- मोहम्मद सिराज


'पहलगाम आतंकी हमला उन खतरों की दिल दहला देने वाली याद दिलाता है जिनका हम सामना कर रहे हैं। मेरी प्रार्थनाएं उन आत्माओं और उनके परिवारों के साथ हैं जिन्हें हमने खो दिया। डर फैलाने वाले जान लें कि भारत एकजुट है, और न्याय होगा। जय हिंद।'
- साइना नेहवाल

### खास खबर

## राहुल निराशाजनक प्रदर्शन से आगे बढ़े



**नई दिल्ली।** दिग्गज बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा को लगता है कि लोकेश राहुल लखनऊ सुपर जाइंट्स में पिछले सत्र के निराशाजनक प्रदर्शन से आगे बढ़ चुके हैं और मानसिकता में बदलाव से ना केवल उन्हें अपनी नई आईपीएल फ्रेंचाइजी में बेहतर प्रदर्शन करने में मदद मिली है बल्कि इससे वह भारतीय टीम के लिए भी मजबूत खिलाड़ी बनेंगे। राहुल ने मंगलवार को सत्र का तीसरा अर्धशतक जड़ा और लखनऊ में अपनी पूर्व फ्रेंचाइजी सुपर जाइंट्स के खिलाफ अपनी नई टीम दिल्ली कैपिटल्स को आठ विकेट से शानदार जीत दिलाई।

### भविष्य की योजना भारत के लिए खेलना

**लखनऊ।** दिल्ली कैपिटल्स के युवा सलामी बल्लेबाज अभिषेक पोरेल देश के किसी भी अन्य क्रिकेटर की तरह भविष्य में भारत का प्रतिनिधित्व करने की इच्छा रखते हैं। इस 22 वर्षीय खिलाड़ी ने 36 गेंदों में 51 रन बनाकर दिल्ली को मंगलवार को लखनऊ सुपर जायंट्स पर आठ विकेट से जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पोरेल ने कहा, 'मैं अपनी हर पारी का आनंद ले रहा हूं, हर पारी में बेहतर बनने की कोशिश कर रहा हूं। भविष्य की योजना भारत के लिए खेलना, लंबे समय तक देश के लिए खेलना है। लेकिन वर्तमान में मेरा पूरा ध्यान आईपीएल ट्रॉफी जीतने पर है।'

### हम कभी घबराते नहीं, यह सिर्फ खेल

**नई दिल्ली।** चेन्नई सुपरकिंग्स के सीईओ काशी विश्वनाथन ने कहा कि एक फ्रेंचाइजी के तौर पर चेन्नई सुपरकिंग्स कभी नहीं घबराती और मौजूदा आईपीएल सत्र में पांच बार की चैंपियन के साधारण प्रदर्शन के बावजूद चिंता की कोई बात नहीं है। सुपरकिंग्स ने मौजूदा सत्र में लगातार पांच मैच गंवाए हैं और टूर्नामेंट में अपने आधे से ज्यादा मुकाबले खेलने के बाद आठ मैच में छह हार के साथ अंक तालिका में सबसे नीचे है। बल्लेबाजी विभाग में उनके पास दमखम की कमी है और कप्तान रुतुराज गायकवाड़ की चोट के कारण अनुपस्थिति ने टीम के लिए स्थिति और खराब कर दी है।

### श्रीलंकाई महिला वनडे टीम में कई बदलाव



**कोलंबो।** श्रीलंका ने भारत और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी त्रिकोणीय एकदिवसीय श्रृंखला के लिए बुधवार को 17 सदस्यीय टीम की घोषणा की, जिसमें कई बदलाव किए गए हैं। मार्च में न्यूजीलैंड से 0-2 से श्रृंखला हारने के बाद से श्रीलंका ने अपनी टीम में आठ बदलाव किए हैं। अनुभवी चमारी अटापट्टू टीम का नेतृत्व करना जारी रखेंगी, जबकि तेज गेंदबाज मल्की मदारा को पहली बार वनडे में टीम में शामिल किया गया है। विशमी गुणरत्ने, नीलाक्षी सिल्वा, हासिनी परेरा, पियमी वाथसाला, देवमी विहंगा, इनोका राणावीरा और हंसिमा करुणारत्ने ने भी टीम में वापसी की है।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 8 | 6 | 2 | 12 |
| दिल्ली | 8 | 6 | 2 | 12 |
| मुंबई | 9 | 5 | 4 | 10 |
| बेंगलुरु | 8 | 5 | 3 | 10 |
| पंजाब | 8 | 5 | 3 | 10 |
| लखनऊ | 9 | 5 | 3 | 10 |
| कोलकाता | 8 | 3 | 5 | 6 |
| राजस्थान | 8 | 2 | 6 | 4 |
| हैदराबाद | 8 | 2 | 6 | 4 |
| चेन्नई | 8 | 2 | 6 | 4 |

ऑरेंज कैप

साई सुदर्शन
417 रन
गुजरात

पर्पल कैप

प्रसिद्ध कृष्णा
16 विकेट
गुजरात

### खबर संक्षेप

#### गिलेस्पी को पारिश्रमिक से वंचित नहीं किया गया



**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने कहा है कि पिछले साल दिसंबर में पाकिस्तान की टेस्ट टीम के मुख्य कोच के पद से इस्तीफा देने वाले ऑस्ट्रेलियाई जेसन गिलेस्पी को उनके पारिश्रमिक से वंचित नहीं किया गया है, जैसा कि मीडिया में आई खबरों में दावा किया जा रहा है। मीडिया में आ रही खबरों में कहा गया है कि पूर्व ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद से संपर्क किया था और कथित बकाया भुगतान के लिए कानूनी विकल्पों पर विचार कर रहे थे, इन पर प्रतिक्रिया देते हुए पीसीबी के एक सूत्र ने कहा कि बोर्ड ने 'अनुबंध संबंधी दायित्वों से हटकर कुछ नहीं किया' है।

#### वनडे विश्व कप क्रिकेट का ओलंपिक : वॉ

**मैड्रिड।** एक दिवसीय क्रिकेट की प्रासंगिकता पर छिड़ी बहस के बीच आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान स्टीव वॉ ने कहा है कि इस प्रारूप का महत्व कभी खत्म नहीं होगा क्योंकि विश्व कप क्रिकेट का ओलंपिक है। लॉरेस विश्व खेल पुरस्कार से इतर यहां चुनिंदा मीडिया से बातचीत में वॉ ने कहा कि छोटे प्रारूपों के दबाव के बावजूद वनडे क्रिकेट बना रहेगा और यह 2023 विश्व कप की 'व्यूअरशिप' से साबित है। उन्होंने कहा, 'हर किसी को लगता है कि वनडे क्रिकेट नहीं बचेगा लेकिन विश्व कप है ना जिसकी रेटिंग काफी ऊंची है और उसे लोग पसंद करते हैं। विश्व कप के बाद फिर इसमें रूचि कम हो जाती है और फिर बढ़ती है।

#### विथ्या का 400 मीटर बाधा दौड़ में रिकॉर्ड बेहतर



**कोच्चि।** एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता विथ्या रामराज ने राष्ट्रीय फेडरेशन सीनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में 400 मीटर बाधादौड़ में स्वर्ण पदक जीता और प्रतिस्पर्धा का रिकॉर्ड भी दुरुस्त किया। तमिलनाडु की 26 वर्ष की विथ्या ने 56.04 सेकंड का समय निकाला। पिछला रिकॉर्ड सरिताबेन गायकवाड़ के नाम था जिन्होंने 2019 में पटियाला में 57.21 सेकंड का समय निकाला था। थ्यिा ने भारतीय एथलेटिक्स महासंघ द्वारा निर्धारित एशियाई चैम्पियनशिप का 57 . 80 सेकंड का क्वालीफाइंग आंकड़ा भी छुआ ।

### आईपीएल : बोल्ट के 4 शिकार के बाद रोहित ने खेली 70 रन की तूफानी पारी

# मुंबई की लगातार चौथी जीत, टॉप-3 में बनाई जगह, हैदराबाद को हराया

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

रोहित शर्मा (70) के लगातार दूसरे अर्धशतक की मदद से मुंबई इंडियंस ने बुधवार को आईपीएल के मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से हराया। मुंबई इंडियंस की यह लगातार चौथी जीत है जिसके बाद टीम अंक तालिका में छठे से तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। सनराइजर्स हैदराबाद के आठ विकेट पर 143 रन के जवाब में मुंबई ने 15.4 ओवर में तीन विकेट पर 146 रन बनाए। रोहित ने 70 रन की पारी खेली। सूर्यकुमार यादव ने नाबाद 40 रन बनाए। ट्रेंट बोल्ट ने 4 विकेट लिए।

रोहित ने तीसरे ओवर में पैट कमिंस की आफ कटर पर डीप स्कवेयर लेग के ऊपर से छक्का और फिर चौका लगाकर अपने इरादे जाहिर कर दिए थे। इंपैक्ट सब्स्टीट्यूट के रूप में खेल रहे रोहित ने हालात को बखूबी पढ़ा और उसके अनुसार खेला। उन्होंने जयदेव उनादकट को कवर के ऊपर दूसरा छक्का लगाया। इससे पहले हेनरिक क्लासेन के 44 गेंद में 71 और अभिनव मनोहर के 43 रन की मदद से सनराइजर्स हैदराबाद ने खराब शुरुआत से उबरते हुए आठ विकेट पर 143 रन बनाए।



### 9 साल बाद रोहित का कमाल

मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने आईपीएल में अपनी फॉर्म हासिल कर ली है। चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ अर्धशतकीय पारी खेलने के बाद हैदराबाद के भी खिलाफ हाफ सेंचुरी पूरी की। 9 साल बाद रोहित शर्मा ने आईपीएल में बैक-टू-बैक हाफ सेंचुरी जड़ी। साल 2016 में आखिरी बार रोहित शर्मा ने ऐसा कमाल किया था। रोहित शर्मा 46 गेंद पर 70 रन बनाकर आउट हुए।

### बुमराह ने किया 300वां शिकार

जसप्रीत बुमराह ने एक खास उपलब्धि हासिल की। तेज गेंदबाज ने टी20 क्रिकेट में अपने 300 विकेट पूरे किए। सनराइजर्स हैदराबाद के हेनरिक क्लासेन उनके टी-20 क्रिकेट करियर का 300वां शिकार बने। बुमराह आईपीएल में मुंबई इंडियंस के लिए सर्वाधिक विकेट लेने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। साथ ही लसिथ मलिंगा के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। बुमराह ने मुंबई इंडियंस के लिए कुल 170 विकेट ले लिए हैं। हरभजन सिंह ने एमआई के लिए 127 विकेट चटकाए हैं।

### 300 विकेट टेकर भारतीय

| विकेट | खिलाड़ी |
|---|---|
| 373 | युजवेंद्र चहल |
| 319 | पीयूष चावला |
| 318 | भुवनेश्वर |
| 315 | रवि अश्विन |
| 300 | जसप्रीत बुमराह |

### स्कोर बोर्ड

| सनराइजर्स हैदराबाद | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| ट्रेविस हेड का नमन बो बोल्ट | 00 | 04 | 0 | 0 |
| अभिषेक का पुथुर बो बोल्ट | 08 | 08 | 0 | 1 |
| किशन का रिकेल्टन बो चाहर | 01 | 04 | 0 | 0 |
| रेड्डी का सेंटनेर बो चाहर | 02 | 06 | 0 | 0 |
| क्लासेन का तिलक बो बुमराह | 71 | 44 | 9 | 2 |
| अनिकेत का रिकेल्टन बो पंड्या | 12 | 14 | 1 | 0 |
| मनोहर हिट विकेट बो बोल्ट | 43 | 37 | 2 | 3 |
| पैट कमिंस बो बोल्ट | 01 | 02 | 0 | 0 |
| हर्षल पटेल नाबाद | 01 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 04, कुल : 20 ओवर में 143/8
गेंदबाजी : चाहर 4-0-12-2, बोल्ट 4-0-26-4, बुमराह 4-0-39-1, सेंटनेर 4-0-19-0, पंड्या 3-0-31-1, पुथुर 1-0-15-0.

| मुंबई इंडियंस | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रियान का और बो उनादकट | 11 | 08 | 2 | 0 |
| रोहित का अभिषेक बो मलिंगा | 70 | 46 | 8 | 3 |
| जैक्स का मनोहर बो अंसारी | 22 | 19 | 2 | 1 |
| सूर्यकुमार यादव नाबाद | 40 | 19 | 5 | 2 |
| तिलक वर्मा नाबाद | 02 | 02 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 01, कुल : 15.4 ओवर में 146/3
गेंदबाजी : कमिंस 3-0-31-0, उनादकट 3-0-25-1, पटेल 3-0-21-0, मलिंगा 3-0-33-1, अंसारी 3.4-0-36-1.

## रॉयल चैलेंजर्स को घर में पहली जीत की तलाश, अब तक तीन मैचों में मिली हार



बेंगलुरु। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु गुरुवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीगके मैच में जब राजस्थान रॉयल्स का सामना करेगा तो उसका लक्ष्य अपने घरेलू मैदान चिन्नास्वामी स्टेडियम में अपने रिकॉर्ड में सुधार करना होगा। आरसीबी ने चिन्नास्वामी स्टेडियम में अभी तक जो तीन मैच खेले हैं उन सभी में उसे हार का सामना करना पड़ा है। आरसीबी ने देश के अन्य स्थानों पर अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन अपने घरेलू मैदान पर खराब प्रदर्शन के कारण उसको नुकसान हो रहा है। आरसीबी के बल्लेबाज अजीब तरह के दबाव में नजर आ रहे हैं जबकि उसके गेंदबाज भी यहां की पिच से सामंजस्य नहीं बिठा पा रहे हैं। यहां की पिच धीमी है और आरसीबी के बल्लेबाज उस पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। वह इस दुविधा में नजर आते हैं कि संभलकर खेला जाए या फिर आक्रामक रवैया अपनाया जाए। इसका सबूत यहां टीम का स्कोर है। आरसीबी की टीम अभी तक यहां आठ विकेट पर 169 रन, सात विकेट पर 163 रन और नौ विकेट पर 95 रन (14 ओवर में) ही बना पाई है। अन्य स्थानों पर उन्होंने प्रति ओवर 9-10 रन बनाए हैं, लेकिन यहां यह दर गिरकर 7-8 रन प्रति ओवर हो गई है।

### मप्र के खिलाड़ी ने कोच्चि में जीता स्वर्ण पदक

## अपने ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड 5.32 को तोड़कर पोल वॉल्टर देव मीणा ने लगाई 5.35 मीटर की छलांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

कोच्चि में चल रही राष्ट्रीय फेडरेशन एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में आयोजित इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में मप्र राज्य एथलेटिक्स अकादमी के पोल वोल्ट खिलाड़ी देव मीणा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 5.35 मीटर की छलांग लगाकर नया राष्ट्रीय रिकार्ड अपने नाम कर स्वर्ण पदक अर्जित किया। 21 से 24 अप्रैल चलने वाली इस चैंपियनशिप में देव मीणा ने अपना ही राष्ट्रीय रिकार्ड 5.32 मीटर को तोड़कर 5.35 मी. की छलांग लगाते हुये नया राष्ट्रीय रिकार्ड कायम किया है।प्रतियोगिता में एम. ग्वाथम, तमिलनाडू ने 5.15 मी छलांग लगाकर रजत पदक,रीगन जी. तमिलनाडू ने 5.10 मी छलांग लगाकर कांस्य पदक जीता।



### खेल मंत्री सारंग ने दी बधाई

प्रदेश के खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने पोल वोल्ट खिलाड़ी देव मीणा को बधाई दी है। उन्होंने देव मीणा की सराहना करते हुए कहा, देव ने अपना ही राष्ट्रीय रिकार्ड तोड़कर नया राष्ट्रीय रिकार्ड बनाया है। देव प्रदेश के नए स्टार बन गए हैं। उन्होंने 5.35 मी की छलांग लगाकर नया राष्ट्रीय रिकार्ड बनाया है। संचालक खेल और युवा कल्याण राकेश गुप्ता ने भी देव को बधाई दी है। उन्होंने विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए क्यूबन प्रशिक्षक एंजल एडुआराडो ग्रेसिया ईस्टबेन की भी सराहना की है,जिनकी देखरेख में देव के कठिन परिश्रम कर लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और नए रिकार्ड बना रहे हैं।



### यूएस ओपन पिकलबॉल में खेलेंगे आंद्रे अगासी



**नेपल्स।** अपने जमाने के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी आंद्रे अगासी ने अपने आठ ग्रैंड स्लैम खिताबों में से दो यूएस ओपन में जीते और अब वह इसी नाम से एक अलग तरह की रैकेट स्पर्धा में खेलते हुए नजर आएंगे। अगासी ने फ्लशिंग मीडोज में अपना आखिरी मैच खेलने के बाद 2006 में पेशेवर टेनिस से संन्यास ले लिया था। वह अगले सप्ताह नेपल्स, फ्लोरिडा में यूएस ओपन पिकलबॉल चैंपियनशिप में मिश्रित प्रो डिवीजन में किशोरी अन्ना लेह वाटर्स के साथ जोड़ी बनाकर प्रतिस्पर्धा करेंगे। अगासी अगले सप्ताह 55 वर्ष के हो जाएंगे। उन्होंने 1994 और 1999 में टेनिस यूएस ओपन जीता था।

## फरहान अंसारी ने हैट्रिक सेमत पांच गोल दागे, मप्र ने हैदराबाद को 9-0 से रौंदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल



हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में चल रहा ऑल इंडिया वेटरन हॉकी टूर्नामेंट

फरहान अंसारी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हैटिक समेत पांच गोल दागे। उनके इस करिश्माई प्रदर्शन से मप्र ने ऑल इंडिया वेटरन हॉकी टूर्नामेंट के अपने पहले ही मुकाबले में हैदराबाद को 9-0 से रौंदकर धमाकेदार आगाज किया है। हिमाचल के धर्मशाला शहर में आयोजित इस टूर्नामेंट में मप्र के लिए फरहान के अलावा दो गोल माजिद हुसैन और दो गोल आरिफ बेग ने दागे। फरहान प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। मप्र के पूल में हैदराबाद के अलावा तीसरी टीम पंजाब है। मप्र का अगला मुकाबला पंजाब से होगा। मप्र की जीत में कप्तान जफर हसन, आमिर अहमद दुर्रानी, फिरोज अली, कलीम और अब्दुल जफर का प्रदर्शन भी सराहनीय रहा। मप्र ने शुरुआती दो क्वार्टर में ही 7 गोल दाग दिए थे। पहले क्वार्टर में 5 गोल गोल आए, जबकि दूसरे में दो। इस दौरान मप्र ने तीन पेनल्टी को गोल में बदला और दूसरे क्वार्टर में ही फरहान ने अपनी हैट्रिक पूरी की। बाद के दो क्वार्टर में दो गोल हुए।

### रुद्राक्ष और पांच अन्य सेमीफाइनल में पहुंचे

**अम्मान।** रूद्राक्ष सिंह खाइदेम (46 किलो) समेत भारत के सभी छह मुक्केबाज बुधवार को एशियाई अंडर 15 और अंडर 17 मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंच गए। रूद्राक्ष ने किर्गीस्तान के ऐदार मुसाएव को 3-0 से हराया। लड़कों के अंडर 15 वर्ग में हरसिल (37 किलो) और संचित जयानी (49 किलो) ने 5-0 से जीत दर्ज की। संस्कार विनोद अतराम (35 किलो) ने 4-1 से मुकाबला जीता। परीक्षित बलहारा (40 किलो) ने मंगोलिया के अखमितखान नूरसलियेम को 3-2 से मात दी। लड़कियों के अंडर 15 वर्ग में मिल्की मेनाम (43 किलो) ने कजाखस्तान की येलदाना अब्दीगनी को 5-0 से हराया।

### बांग्लादेश घर में हुआ उलटफेर का शिकार, तीन विकेट से मिली हार

# जिम्बाब्वे ने विदेशी जमीन पर 7 साल बाद चखा जीत का स्वाद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम ने बड़ा उलटफेर करते हुए बांग्लादेश को उनके घर पर में पहले टेस्ट में तीन विकेट से मात दी। इसके साथ ही मेहमान टीम ने 2 मैचों की सीरीज में बढ़त भी बना ली है। जिम्बाब्वे ने 2018 के बाद पहली बार घर से बाहर पहला टेस्ट मैच जीता है। इस मैच में बांग्लादेश के मोमिनुल हक ने खास रिकॉर्ड बनाया।

वह टेस्ट में बतौर फील्डर सबसे ज्यादा कैच (41) लेने वाले बांग्लादेशी प्लेयर बने। इस मामले में उन्होंने मेहदी हसन मिराज के 40 कैच को पीछे छोड़ दिया है। इतना ही नहीं मेहदी हसन मिराज ने बांग्लादेश के लिए टेस्ट मैचों में सबसे ज्यादा 10 विकेट (3 बार) लेने के तैजुल इस्लाम के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। हालांकि, इन 2 रिकॉर्ड की बाद भी बांग्लादेश को हार मिली।



### मुजाराबानी ने दूसरी पारी में झटके छह विकेट

मुकाबले की बात करें तो बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी। पहली पारी में मेजबान टीम 191 रन पर ढेर हो गई। जिम्बाब्वे ने पहली पारी में 273 रन बनाए और 82 रन की बढ़त हासिल की। बांग्लादेश ने दूसरी पारी में 255 रन बनाए और जिम्बाब्वे को जीत के लिए 174 रन का टारगेट दिया। बांग्लादेश की दूसरी पारी में ब्लेसिंग मुजाराबानी ने 6 सफलताएं प्राप्त कीं। 174 के टारगेट को जिम्बाब्वे ने 50.1 ओवर में 7 विकेट खोकर चेज कर लिया। ब्रायन बेनेट ने 54 और बेन कुरेन ने 44 रन ठोके। वहीं मेहदी हसन मिराज ने दूसरी पारी में 5 शिकार किए।

**खबर संक्षेप**

### राज्य अधिवक्ता परिषद का कार्यकाल बढ़ाने के फैसले पर लगाई रोक

**भोपाल।** राज्य अधिवक्ता परिषद का कार्यकाल 2 वर्ष आगे बढ़ाया जाकर 5 वर्ष के स्थान पर 7 वर्ष किए जाने के निर्णय पर मप्र उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति विवेक जैन की खण्डपीठ ने आगामी आदेश तक अंतरिम रोक लगा दी है। भोपाल के अधिवक्ता चंद्र कुमार वलेजा एवं इंदौर के अधिवक्ता नरेंद्र जैन की ओर से प्रस्तुत की गई पिटिशन की सुनवाई करने के बाद मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्तिविवेक जैन की खण्डपीठ ने यह आदेश पारित किया है। याचिका में यह तर्क दिया गया था कि राज्य अधिवक्ता परिषद का कार्यकाल एक निश्चित समय के लिए होता है और 2 वर्ष की अवधि तक चुनाव को स्थगित कर राज्य अधिवक्ता परिषद का कार्यकाल को बढ़ाया जाना अधिवक्ताओं के संवैधानिक व लोकतांत्रिक अधिकारों का उल्लंघन है।

### नाले में नवजात का शव मिला, परिजनों ने अंतिम संस्कार की बजाए फेंका

**भोपाल।** गांधी नगर स्थित अब्बास नगर में बुधवार सुबह एक नवजात का शव नाले में मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया। जांच में पता चला कि हमीदिया अस्पताल में पैदा हुए मृत नवजात का अंतिम संस्कार करने की बजाए परिजन ने उसे गांधी नगर के एक नाले में फेंक दिया। पुलिस के अनुसार बुधवार सुबह सूचना पर पुलिस ने अब्बास नगर नाले से एक नवजात बच्चे का शव बरामद किया। बच्चे के हाथ पर हमीदिया अस्पताल की पट्टी लगी थी। उसी आधार पर पुलिस अस्पताल पहुंची और पूछताछ की। इस दौरान पता चला कि अस्पताल में भर्ती एक महिला ने मृत बच्चे को जन्म दिया था। डॉक्टर ने महिला के पति और पिता को शव सौंप दिया था। उन लोगों ने दफनाने की बजाए नवजात के बच्चे को नाले में फेंक दिया।

### अब फिजियोथैरेपिस्ट भी लगा सकेंगे नाम के आगे डॉक्टर

**भोपाल।** प्रदेश के फिजियोथैरेपिस्ट अब अपने नाम के आगे डॉक्टर शब्द का इस्तेमाल कर सकेंगे। नेशनल कमीशन फॉर एलाइड एंड हेल्थ केयर प्रोफेशनल ने बुधवार को एक महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए इसकी वैधानिक अनुमति दे दी है। भौतिक चिकित्सक कल्याण संघ के अध्यक्ष डॉ. सुनील पाण्डेय ने बताया कि नेशनल कमीशन फॉर एलाइड एंड हेल्थ केयर प्रोफेशनल ने केरिकुलम बुक जारी की, जिसमें लिखा है कि फिजियोथैरेपिस्ट नाम के आगे डॉक्टर और नाम के बाद पीटी लगा सकते हैं।

# 6 साल की बच्ची का अपहरण, चाचा पर संदेह

## पुलिस कर चुकी आसपास के जिलों में तलाश, पर नहीं लगा सुराग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कोहेफिजा थाना क्षेत्र से बंजारा समाज की 6 साल की बच्ची के अपहरण का सनसनीखेज मामला सामने आया है।



परिजन ने बताया कि वह रात में परिवार के साथ सो रही थी, लेकिन सुबह जब नींद खुली तो बच्ची बिस्तर पर नहीं मिली। परिजन ने दूर के देवर पर अपहरण का संदेह जताया है। दरअसल, दूर के रिश्ते में लगने वाला देवर घटना की रात उनके घर मेहमानी करने आया था। रात में वह उनके साथ ही था और सुबह वह भी बिना बताए चला गया। परिजन ने देवर पर अपहरण का संदेह जताया है। पुलिस के अनुसार कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित एक निजी अस्पताल के पास आकर रुके बंजारा समाज के परिवार की छह साल की बच्ची गत 4 अप्रैल को रहस्यमय तरीके से लापता हो गई। परिजन ने पुलिस को बताया कि 3 अप्रैल की रात में बच्ची परिवार के साथ थी। उनका दूर के रिश्तेदार संतोष बंजारा आया था। 4 अप्रैल की सुबह परिजन की नींद खुली तो उन्हें बच्ची नजर नहीं आई।

### इटारसी, राजगढ़ नागपुर में तलाश

पुलिस की टीम आसपास के जिलों में पहुंचकर बच्ची की तलाश कर चुकी है। संदेही संतोष बंजारा पूर्व में इटारसी, राजगढ़ और नागपुर में रह चुका है, जिसके चलते पुलिस ने अपनी टीम राजगढ़ और इटारसी समेत नागपुर भेजी थी, लेकिन उसका सुराग नहीं लगा।

## शादीशुदा महिला से इंस्टाग्राम फ्रेंड ने किया दुष्कर्म

पिपलानी पुलिस ने 27 साल की महिला की शिकायत पर इंस्टाग्राम फ्रेंड के खिलाफ दुष्कर्म व दैहिक शोषण की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। साल 2022 में इंस्टाग्राम पर महिला की पहचान रजक नाम के युवक से हुई थी। पहचान दोस्ती में बदली और फिर मोबाइल पर बातचीत होने लगी। इस बीच आरोपी ने महिला को शादी करने का झांसा दिया। जनवरी 2023 में पहली बार आरोपी ने जबरन महिला के साथ शारीरिक संबंध बनाए और फिर अलग-अलग समय और अलग-अलग जगहों पर कई बार दैहिक शोषण किया। बाद में आरोपी ने महिला को नजदअंदाज करना शुरू कर दिया। तंग आकर महिला ने अपने परिजन को सारा घटनाक्रम बता दिया। परिजन ही महिला को थाने लेकर पहुंचे थे। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सौतेले पिता पर दुष्कर्म का मामला दर्ज

छोला मंदिर थाना क्षेत्र में 18 साल की बारहवीं में पढ़ने वाले युवती ने अपने ही सौतेले पिता पर दुष्कर्म की शिकायत दर्ज कराई है। उसने शिकायत में बताया कि उसका एक छोटा भाई है। उसके पिता मां से शराब के नशे में मारपीट करते थे। लिहाजा मां ने दूसरी शादी कर ली। उसके सौतेल पिता घर से दूर अलग मकान में रहते है। उनका पिता की गैरमौजूदगी में घर आना जाना है। गत 13 अप्रेल को सगे पिता काम पर गए थे। इस दौरान सौतेला पिता उसके घर पहुंचे और उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता ने घटना की जानकारी पिता को दी। इसके बाद पिता उसे लेकर थाने पहुंचे और आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

# 24 घंटे से सुलग रही आदमपुर कचरा खंती, लगातार निकल रहा धुआं

- पड़रिया, बिलखिरिया, शांति नगर, समरधा, अर्जुन नगर, हरिपुरा व छावनी के लोगों के लिए मुसीबत बना कचरे का धुआं
- सुलग रहा तीन लाख टन कचरा, 40 दमकलें लगीं बुझाने की कोशिश में



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

आदमपुर कचरा खंती में पिछले 24 घंटे से आग सुलग रही है। इसके चलते आसपास के गांवों में चारों तरफ धुआं फैल गया है। यह धुआं दस किलोमीटर दूर भोपाल से भी दिखाई देने लगा है। धुएं की वजह से ग्रामीणों की आंखों में जलन भी हो रही है। अब तक करीब तीन लाख टन कचरे में आग लग चुकी है।

कचरे का धुआं पड़रिया, बिलखिरिया, शांति नगर, समरधा, अर्जुन नगर, हरिपुरा व छावनी के लोगों के लिए मुसीबत बना हुआ है। फायर आफिसर सौरभ पटेल ने का कहना है कि बुधवार को दिन भर कचरे से धुआं निकलता रहा। कचरे के अंदर सुलग रही आग को बुझाने के लिए 40 दमकलें लगी हुई हैं।

बता दें कि आदमपुर कचरा खंती में मंगलवार दोपहर एक बजे भीषण आग लग गई थी। इस दौरान 50 फीट ऊपर तक धुंआ उठ रहा था। हालांकि रात तक आग काबू में आई, लेकिन कचरा के अंदर तक आग के पहुंचने से यह अंदर ही अंदर सुलग रही है।

### कचरा कंपनी ने नहीं लगाए नए प्लांट

शहर से रोजाना 800 मीट्रिक टन कचरा निकलता है। पिछले आठ महीने से इंदौर की सुसज्जा मुलानी की कंपनी कचरा प्रोसेसिंग का काम कर रही है। कंपनी अब तक कचरा प्रोसेसिंग का एक भी नया प्लांट नहीं लगाया है, जिससे पुरानी कंपनी से जब्त किए गए प्लांट में कचरा प्रोसेसिंग का काम चल रहा है। नए प्लांट नहीं लगने से यहां कचरे के ढेर कम नहीं हो रहे हैं।

# कांग्रेस 'सनातन विरोधी' ही नहीं 'विकास विरोधी' भी है : अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सिंहस्थ को लेकर भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने कांग्रेस को एक बार फिर घेरा है।



अग्रवाल ने सोशल मीडिया पर कहा कि भारत की सनातन परंपरा को अपमानित कर लांक्षित करना कांग्रेस की मूल प्रवृत्ति है। जो कांग्रेसी प्रभु श्रीराम को काल्पनिक बताते हैं और रामलला के दर्शन करने जाने से भी कतराते हैं वो महाकाल के दर पर राजनीति करने पहुंच गए हैं। वैभवशाली इतिहास और परंपरा के अद्वितीय प्रतीक 'सिंहस्थ' के खिलाफ भ्रम फैलाने वाली कांग्रेस 'सनातन विरोधी' ही नहीं 'विकास विरोधी' भी है। 2028 में होने वाले भव्य और दिव्य सिंहस्थ के लिए भाजपा की मोहन सरकार जहां दीर्घकालिक दृष्टि से कार्य कर रही हैं, वहीं तुष्टीकरण प्रेमी कांग्रेस बाधाएं डालने के असफल प्रयास कर रही है। सिंहस्थ में अस्थाई व्यवस्थाओं के कारण कई लोगों की मृत्यु हो जाती है और दर्जनों घायल हो जाते हैं। इसी व्यवस्था को बेहतर करने के लिए स्थाई, सुरक्षित व सुविधाजनक सिंहस्थ का विरोध कांग्रेस सिर्फ राजनैतिक कारणों से कर रही है। 'सिंहस्थ' स्वरूपी महान सनातनी धरोहर के खिलाफ कांग्रेस पार्टी का यह विरोधरूपी घृणा भाव कोटि-कोटि हिंदुओं की आस्था पर प्रहार है।

# संघ की शाखाओं में जाते थे बाबा साहेब आंबेडकर: मेघवाल

केंद्रीय कानून मंत्री एवं डॉ. सप्रे ने संगोष्ठी को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने बुधवार को जेके हॉस्टिपटल कम्युनिटी हॉल, कोलार में पुरूषार्थ सेवा फाउंडेशन द्वारा आयोजित संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर एक विचार विषय पर संगोष्ठी को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि बाबा साहेब एक बहुआयामी, विशाल व्यक्तित्व वाले राष्ट्रपुरुष थे। उन्होंने सिर्फ संविधान की रचना ही नहीं की, बल्कि देश को कई ऐसे विचार दिए, जो वर्तमान परिप्रेक्ष्य में भी हमारे लिए उपयोगी हैं। बाबा साहेब आंबेडकर ने जब नेहरू



मंत्रिमंडल से इस्तीफा दिया, तो अपने इस्तीफे की वजहें भी लिखी थीं। लेकिन उस पत्र को गायब कर दिया गया। हालांकि सोशल मीडिया में वो पत्र उपलब्ध है। मेघवाल ने कहा कि छात्र जीवन में बाबा साहेब पुणे के भावे स्कूल और अन्य स्कूलों में लगने वाली संघ की शाखाओं में भी जाते थे। एक बार तो ऐसा हुआ कि जब डॉ. हेडगेवार के स्थान पर बाबा साहेब ने बौद्धिक भी दिया।

### वर्तमान भारत के निर्माण में बाबा साहेब का अमूल्य योगदान : डॉ. सप्रे

प्रज्ञा प्रवाह के अखिल भारतीय टोली के सदस्य डॉ. सदानंद दामोदर सप्रे ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर विकसित भारत के लिए कार्य कर रहे थे। बाबा साहेब ने हर वर्ग के कल्याण और सामाजिक समरसता के लिए कार्य किया। श्रमिकों को आठ घंटे के कार्य का नियम बाबा साहेब के प्रयासों से शुरू हुआ। डॉ. बाबा साहेब को मानने वाले बहुत लोग हैं।

# वरिष्ठ प्रचारक सोलापुरकर के निवास पहुंचे सीएम, प्रदेश अध्यक्ष, श्रद्धासुमन किए अर्पित



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने बुधवार को इंदौर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक स्वर्गीय प्रकाश सोलापुरकर के निवास पहुंचकर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान जिला अध्यक्ष सुमित मिश्रा उपस्थित रहे।

कोर्ट में पेश किया केस, होगी एफआईआर

# व्यापारी से जब्त 280 क्विंटल चावल जांच में निकला बीपीएल फोर्टिफाइड

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पिछले दिनों भैंसाखेड़ी अनाज मंडी से जब्त किया गया 280 क्विंटल चावल की जांच रिपोर्ट आ गई है। जिसमें चावल फोर्टिफाइड मिला है, ऐसे में अब चावल का स्टॉक करने वाले कारोबारी के खिलाफ केस बनाकर कलेक्टर कोर्ट में पेश कर दिया है। कोर्ट के आदेश पर व्यापारी पर एफआईआर भी दर्ज कराई जा सकती है।

विभाग की टीम ने जब व्यापारी से चावल खरीदने की बात पूछी तो उसने बताया कि चावल खुले बाजार से खरीदा गया है। जिला आपूर्ति नियंत्रक अजीत कुजूर का कहना है कि 23 मार्च को भैंसाखेड़ी मंडी स्थित दुकान से चावल बरामद किया गया था।

### पीडीएस दुकानदार कर रहे सप्लाई

चावल कारोबारी गौरव आसवानी ट्रक में लोड कराकर मील भेज रहा था। खाद्य विभाग ने ट्रक भी मौके से जब्त किया था। बता दें कि पीडीएस दुकानदार राशन दुकानों पर उपभोक्ताओं को चावल और गेहूं का कम स्टॉक मिलने की बात कहकर राशन कम देते हैं, इसका फायदा उठाते हुए पीडीएस दुकानदार बचा हुआ सीधे व्यापारियों को बेच देते हैं। ऐसे में यह कारोबारी इस चावल को अधिक दामों में मील में सप्लाई करते हैं।

# आरक्षक सौरभ शर्मा और उसके सहयोगी को ढाई पेज का शोकाज नोटिस जारी

**भोपाल।** आयकर विभाग की विंग ने आरटीओ के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा और उसके सहयोगी चेतन सिंह गौर को ढाई पन्ने का शोकॉज नोटिस दिया है। विंग ने इसके साथ ही राजधानी के मेंडोरी में आयकर विभाग द्वारा जब्त किए गए 52 किलो सोने, 11 करोड़ 61 लाख कैश और इनोवा कार को बेनामी प्रतिषेध अधिनियम के अंतर्गत अटैच कर लिया है। इस प्रॉपर्टी को ईडी द्वारा भी अटैच किया जा चुका है और कोर्ट में पेश चालान में इसका जिक्र किया गया है। अब आयकर विभाग की बेनामी विंग ने बेनामी प्रतिषेध अधिनियम अंतर्गत शोकॉज नोटिस भी दिया है।

# पहलगाम घटना को लेकर भोपाल के युवक के नाम से कर दी पोस्ट

*पुलिस ने युवक को हिरासत में लिया, पता चला किसी अन्य ने की है पोस्ट*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर लोग आक्रोशित हैं और अपना गुस्सा सोशल मीडिया सहित विभिन्न माध्यम से जता रहे हैं। इसी बीच सोशल मीडिया पर एक फर्जी पोस्ट अपलोड किया गया, जिसमें पहलगाम में हुई घटना का मजाक बनाया गया।

जानकारी के अनुसार सोशल मीडिया पर किसी दोतेश्वर रांची वाला नाम से पोस्ट किया गया था। पोस्ट में एक महिला लाश के पास बैठी हुई नजर आ रही है। साथ में लिखा है कि उठ जाओ आईपीएल में आरसीबी ने फाइनल जीत ली। इस पर फ्रांस के किसी जीशान ने सोशल मीडिया पर पोस्ट का विरोध किया। पोस्ट का विरोध होने पर पोस्ट करने वाले दोतेश्वर रांचीवाला ने उक्त पोस्ट भोपाल के जीशान नामक युवक के नाम से कर दिया। जीशान कोतवाली में रहते हैं। साइबर क्राइम ब्रांच की टीम ने कोतवाली निवासी जीशान को हिरासत में लेकर पूछताछ की और उसका मोबाइल चेक किया तो पता चला कि उसके मोबाइल यह पोस्ट नहीं की गई है और उसे इस पोस्ट की कोई जानकारी नहीं है। कुछ देर बाद पुलिस ने देखा तो सोशल मीडिया पर की गई दोतेश्वर रांचीवाला की टिप्पणी में माफी मांगी गई और पोस्ट को हटा दिया गया।

### पुलिस ने की एडवाइजरी जारी

पहलगाम को लेकर भोपाल पुलिस ने एक एडवाइजरी भी जारी की है। डीसीपी क्राइम ब्रांच अखिल पटेल ने का कहना है कि लोगों से अपील है कि पहलगाम में हुई घटना को लेकर किसी भी तरह का भ्रामक या आपत्तिजनक पोस्ट न करे। इसके अलावा अगर कोई ऐसी पोस्ट करता भी है तो तत्काल पुलिस को इसकी जानकारी दें।

### डिपो का काम देखने पहुंचे मेट्रो के एमडी चैतन्य



**भोपाल।** जुलाई में सुभाष नगर से एम्स के बीच शुरू की जा रही मेट्रो को लेकर बुधवार को मेट्रो कंपनी के प्रबंध संचालक एस कृष्ण चैतन्य ने सुभाष नगर के मेट्रो डिपो का काम देखा। यहां उन्होंने कांट्रैक्ट पैकेज की समीक्षा बैठक भी ली। जिसमें बताया गया कि मेट्रो डिपो एंट्री गेट, रैम्प और अनलोडिंग-बे के निर्माण का काम चल रहा है। डायरेक्टर ने डिपो के बाहरी सौंदीर्यीकरण के कामों का जायजा लिया। उन्होंने सब-स्टेशन, ट्रैक, रिपेयर-बे का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कान्ट्रैक्टर से कहा कि मानसून से पहले रोड, जल निकास का काम निपटा लिया जाए।

# एम्स में 'नर्स लीड क्लीनिक' शुरू, नर्सें बनीं सेहत की सारथी

डब्ल्यूएचओ ने भी सराहा



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एम्स में 'नर्स लीड क्लिनिक' पहल शुरू की है। इसको देखने और समझने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की डॉ. रक्षिता खानिजौ खुद एम्स आई। उन्होंने यहां नर्सिंग कॉलेज के इस काम की खूब तारीफ की। दरअसल, इस पहल के तहत नर्सिंग कॉलेज की नर्सें मरीजों को सीधे सलाह और देखभाल दे रही हैं। वे मरीजों से प्यार से बात करती हैं और उन्हें बीमारी के बारे में सही जानकारी देती हैं। साथ ही वे मरीजों की देखभाल भी करती हैं, जिससे मरीजों को बहुत आराम मिलता है। डब्ल्यूएचओ की अधिकारी ने कहा कि यह तरीका बहुत अच्छा है।

# पांचवें दिन तीन वार्डों में किया सर्वे आम लोगों ने डाला मिक्स कचरा

- *जोन नौ में सर्वे पूरा, एक, चार और आठ में जारी*
- *जोन के सभी वार्डों में जा-जाकर टीम देख रही साफ-सफाई*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के तहत दिल्ली से भोपाल आई सर्वे टीम ने पांच दिन नगर निगम के जोन-नौ में सर्वे का काम पूरा किया। दरअसल सर्वेक्षण की टीम जोन के सभी वार्डों में जा-जाकर साफ-सफाई देख रही है। टीम ने दूसरे दिन जोन एक, चार और आठ में सर्वे का काम जारी रखा। ज्ञात हो कि मंगलवार को भी टीम उक्त जोन के वार्डों में सर्वे कर रही थी। जोन एक में तीन, जोन चार में पांच और जोन आठ में पांच वार्ड हैं।

### तीस से अधिक जगहों पर देखी सफाई

सर्वे टीम ने बुधवार को 30 से अधिक स्थानों का निरीक्षण कर निगम के किए गए दावों को परखा। पब्लिक फीडबैक में पता चला कि कचरा गाड़ियों में मिक्स कचरा डाला जा रहा है। जिसको लेकर उन्हें अलग-अलग कचरा डालने की हिदायत दी गई। बुधवार को टीम ने पुराने भोपाल के तीनों जोन के एक-एक वार्ड में साफ-सफाई देखी। सुलभ शौचालय, सामुदायिक भवन, सार्वजनिक पार्क का जायजा लिया।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930